हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • सोमवार • 19.08.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 30 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ कर राज्य की बहनों को दी बड़ी सौगात

# बहन-बेटियों के सम्मान एवं रक्षा के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही सरकार : हेमन्त

- मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर डीबीटी के माध्यम से पाकुड़ जिले की 81 हजार से अधिक महिलाओं के बैंक खाते में भेजी सम्मान राशि।



मंईयां सम्मान योजना की लाभान्वित महिलाओं के साथ मुख्यमंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज का दिन विशेष कर राज्य की बहन-बेटियों के लिए शुभ और ऐतिहासिक दिन है। राज्य की आधी आबादी को उनकी सरकार इस रक्षाबंधन त्यौहार के पावन अवसर पर 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' की सौगात दे रही है। इस योजना के तहत अब 21 वर्ष से 50 वर्ष की उम्र तक की पात्र महिलाओं को राज्य सरकार डीबीटी के माध्यम से प्रत्येक माह के 15 तारीख तक एक हजार रुपये सम्मान राशि उनके बैंक खाते पर भेजेगी।

सभी पात्र महिलाओं के बैंक खाते में हरेक वर्ष 12 हजार रुपये भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे तो उनकी सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर सहित सभी वर्ग-समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई हैं, जिसका लाभ गांव-गुरबा के लोग बखूबी ले रहे हैं लेकिन राज्य की नारी शक्ति के उत्थान के लिए एक विशेष योजना की जरूरत थी जिसे 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के रूप में आज पाकुड़ जिला की इस धरती से आपसभी लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में शुभारंभ किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रविवार को गायबथान महेशपुर, पाकुड़ में आयोजित 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई)' के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य की सभी बहन-बेटियों को रक्षाबंधन त्यौहार की हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन त्यौहार पूरे देश में उत्साह, उमंग और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस दिन हमारी बहन-बेटियों को अनेक उपहार मिलते हैं। रक्षाबंधन के दिन भाई भी अपनी बहन की रक्षा का संकल्प लेता है। आज हमारी सरकार भी राज्य की बहन-बेटियों के सम्मान, रक्षा एवं उनके विश्वास पर खरा उतरने संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरूआत से ही हमारी सोच रही है कि राज्य की आधी आबादी जो हमेशा अनेक चुनौतियों से गुजरते हैं, उनके सर्वांगीण विकास के लिए विशेष काम किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' प्रारंभ करने से पहले कई प्रकार की चुनौतियों को मद्देनजर रखते हुए कई बाधाओं को निपटाया गया। इस योजना के संचालन की एक-एक पहलुओं को ध्यान में रखकर अंततः आज नारी शक्ति से जुड़ी इस महत्वाकांक्षी योजना की विधिवत शुरूआत हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार शुरूआती दिनों से ही हेड क्वार्टर से नहीं बल्कि गांव से चल रही है। जब गांव मजबूत होगा तभी सरकार मजबूत होगी इसी उद्देश्य के साथ कार्य किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के किसानों के उत्थान के लिए समर्पित है। राज्य सरकार ने अब निर्णय लिया है कि यहां के कृषकों द्वारा लिए गए कृषि ऋण के रूप में सिर्फ 50 हजार रुपये ही नहीं, बल्कि दो लाख रुपये तक की राशि माफ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में खेल एवं खिलाड़ियों के विकास को लेकर समर्पित भाव से काम किया है। राज्य के सरकारी स्कूलों में अध्यनरत छात्राओं को सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना का लाभ मिल रहा है। शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए मॉडल स्कूल का संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लोगों को अनुदानित दर पर ऋण उपलब्ध कराकर रोजगार से जोड़ने का काम निरंतर चल रहा है। खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित सभी परिवारों को साल में दो बार वस्त्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### सब कुछ सही हुआ होता तो यह योजना एक वर्ष पहले धरातल पर उतर गई होती

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि सब कुछ अच्छा हुआ होता तो यह महत्वाकांक्षी योजना आज नहीं बल्कि एक साल पहले धरातल पर उतर गई होती। राज्य सरकार की योजनाओं पर कुछ तत्वों द्वारा अनेक प्रकार से रोड़ा लगाने का काम किया जाता है। ऐसे लोगों से हम सभी को सावधान रहने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी बात यह है कि देर से ही सही पर दुरुस्त तरीके से यह योजना अब अनवरत बिना रुकावट चलती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के तहत आज पाकुड़ जिला की 81 हजार से अधिक पात्र बहन-बेटियों को डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में एक हजार रुपये की सम्मान राशि भेजी गई। इन महिलाओं को प्रत्येक वर्ष 12 हजार रुपये भेजे जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि रिमोट का बटन दबाकर आज अपनी बहन-बेटियों यह सम्मान राशि भेजने में हमने सफलता पायी है। यहां की बहन-बेटियों को यह सम्मान अनवरत मिलती रहे इस संकल्प के साथ उनकी सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी जिलों की महिलाओं के बैंक खाते में महीने के 15 तारीख तक इस योजना के तहत मिलने वाली सम्मान राशि भेजा जाना सुनिश्चित किया गया है। यह योजना कितना महत्वपूर्ण है यह इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिस घर में 21 वर्ष से 50 वर्ष के उम्र की दो-तीन,चार अथवा पांच महिलाएं हैं उस घर में प्रति वर्ष सम्मान राशि के रूप में कितने रुपए भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना राज्य की नारी शक्ति को समर्पित योजना है।

### गांव-गांव, घर-घर पहुंचाई गई राज्य सरकार की योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के आदिवासी, मूलवासी, दलित, शोषित, पिछड़े सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों के उत्थान और सर्वांगीण विकास लिए कई जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर उतारने का काम किया है। राज्य सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को उनका हक-अधिकार देने का काम कर दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम चलाकर झारखंड के एक-एक गांव, एक-एक घर तक उनकी सरकार अधिकारियों के माध्यम से योजनाओं की पोटली लेकर पहुंची है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा है। राज्य सरकार ने तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए हमेशा जन कल्याण के लिए संकल्पित भाव से काम किया है। राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण नीति निर्धारण के साथ-साथ राज्यहित में अनेक अहम फैसले लिए हैं जिससे झारखंड को अग्रणी राज्यों के श्रेणी में शुमार किया जा सके।

### इन महत्वपूर्ण योजनाओं की दी सौगात

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 105.8015 करोड़ रुपये की 215 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें 32.877 करोड़ रुपये की 14 योजनाओं का उद्घाटन और 72.9244 करोड़ रुपये की 201 योजनाओं की आधारशिला रखी। मौके पर मुख्यमंत्री ने कुल 65948 लाभुकों के बीच 126.1593 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

## मुख्यमंत्री ने बोआरीजोर में 187 करोड़ 15 लाख रुपये की 151 योजनाओं का गोड्डा वासियों को दिया तोहफा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गोड्डा :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार हर कदम पर आपके साथ है। हम आपकी भावनाओं से भली-भांति वाकिफ हैं। यही वजह है कि हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ आदिवासी, दलित, शोषित, वंचित, गरीब और किसानों-मजदूरों को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री रविवार को गोड्डा जिले के बोआरीजोर प्रखंड के राजाभीठा में विकास योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि तमाम विपरीत पतिस्थितियों के बीच सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं, जिसका लाभ आम जनमानस को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी सशक्तिकरण हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि यहां की महिलाएं काफी मेहनतकश हैं। वे घर- परिवार भी चलाती हैं और आमदनी के लिए काम भी करती हैं। ऐसे में हमारी सरकार राज्य की महिलाओं एवं बहन-बेटियों के लिए पहले से ही कई योजनाएं चला रही हैं। इसी क्रम में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना नाम से एक और ऐतिहासिक कड़ी आज से जुड़ रही है। इस योजना के तहत महिलाओं और बहन-बेटियों को हर वर्ष 12 हजार रुपये सम्मान राशि मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की बच्चियां पैसे के अभाव में पढ़ाई से वंचित न रहे, इसके लिए उन्हें सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना के तहत 40 हजार रुपये दिया जा रहा है। इस योजना के अब तक 9 लाख से ज्यादा बच्चियां जोड़ी जा चुकी हैं। वहीं, 50 वर्ष से अधिक की महिलाओं को भी पेंशन योजना का लाभ दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जन कल्याण के लिए हमेशा से प्रतिबद्ध रही है। पिछले साढ़े वर्षों में अनेकों ऐसी योजनाएं लेकर आए, जिससे जुड़कर यहां के लोग सशक्त बन रहे हैं। अब ऐसी ही कई और जन कल्याण से जुड़ी योजनाओं को शुरू करने की कार्य योजना तैयार हो रही है। ये नई योजनाएं इस राज्य की दशा और दिशा बदलने का एक महत्वपूर्ण जरिया बनेगी। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर अपने संसाधनों को बढ़ा रहे हैं।

### हर चेहरे पर मुस्कान लाने का कर रहे काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर चेहरे पर मुस्कान लाने का काम कर रही है। सरकार की अनेकों योजनाएं हैं, जिससे जुड़कर लोग स्वावलंबी बन रहे हैं। हमारी सरकार ने सर्वजन पेंशन योजना लागू कर सभी बुजुर्गों, एकल महिलाओं और दिव्यांगों को आर्थिक सुरक्षा कवच दे रही है । वहीं, किसानों के दो लाख रुपए तक का लोन माफ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत स्वरोजगार के इच्छुक नौजवानों को को 25 लाख रुपये तक की आर्थिक मदद दी जा रही है ताकि वे खुद के साथ दूसरों को भी रोजगार दे सकें।

बड़े पैमाने पर खाली पड़े पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया तेज गति से चल रही है। इसके साथ सभी श्रेणी के सरकारी कर्मियों के हित में कई अहम निर्णय लिए गए हैं। सरकारी कर्मियों को बुढ़ापे की लाठी के रूप में पुरानी पेंशन योजना दी गयी है। अनुबंध पर काम करने वालों कर्मचारियों की सेवा शर्तों में सुधार के साथ मानदेय में बढ़ोतरी की गई है। आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका जैसे अन्य कर्मियों को सम्मानजनक प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

## कोलकाता डॉक्टर केस पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, सीजेआई चंद्रचूड़ की बेंच करेगी सुनवाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला जूनियर डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के मामले का स्वतः संज्ञान लिया। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ मंगलवार (20 अगस्त) को इस मामले की सुनवाई करेगी। जानकारी के अनुसार यह केस मंगलवार को सुनवाई के लिए तय मुकदमों की सूची में 66वें स्थान पर है। हालांकि, इसमें विशेष उल्लेख है कि पीठ इस केस को प्राथमिकता के आधार पर सुनेगी। यह घटना के विरोध में भारतीय चिकित्सा संघ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की तरफ से 24 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के एक दिन बाद हुआ है।



- पुलिस ने लॉकेट चटर्जी और दो डॉक्टरों को अफवाह फैलाने और महिला डॉक्टर की पहचान उजागर करने के लिए समन जारी किया है।
- सीबीआई मामले में मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल से कर रही पूछताछ।

सुप्रीम कोर्ट के इस कदम का मतलब है कि अदालत बिना किसी औपचारिक याचिका के दायर किए जाने के अपने आप कानूनी कार्रवाई शुरू कर रही है। स्वतः संज्ञान लेना सुप्रीम कोर्ट को महत्वपूर्ण सार्वजनिक चिंता के मुद्दों को संबोधित करने की अनुमति देता है, खासकर तब जब उनमें मौलिक अधिकार और सुरक्षा की बात शामिल होती है। इस मामले में पूरे देश में मेडिकल बिरादरी के मनोबल और सुरक्षा पर घटना के गंभीर प्रभावों के कारण अदालत की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

### सीबीआई कर रही मामले की जांच

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जो ट्रेनी डॉक्टर के रेप और हत्या की जांच कर रही है। सीबीआई सरकारी अस्पतालत आरजी कर मेडिकल एंड कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ संदीप घोष से लगातार तीसरे दिन पूछताछ कर रहा है। न्यूज एजेंसी ने एक अधिकारी के हवाले से कहा कि केंद्रीय एजेंसी ने उनसे घटना से पहले और बाद में किए गए कॉल की डिटेल देने के लिए भी कहा।

### मेडिकल कॉलेज पूर्व प्रिंसिपल से हो रही पूछताछ

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सीबीआई घोष के कॉल रिकॉर्ड तक पहुंचने के लिए मोबाइल सर्विस प्रोवाइड से संपर्क करने पर विचार कर रही है। कहा जाता है कि घोष से शनिवार को लगभग 13 घंटे तक पूछताछ की गई। प्रिंसिपल से रविवार को भी पूछताछ जारी है।

### जांच की स्थिति क्या है?

कोलकाता हाई कोर्ट 13 अगस्त को मामले को कोलकाता पुलिस से सीबीआई को ट्रांसफर किया गया था। अब तक यह पाया गया है कि डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के आरोपी संजय रॉय की पत्नी ने खलीफाट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में पूर्व बीजेपी सांसद लॉकेट चटर्जी और दो मशहूर डॉक्टरों को कथित तौर पर अफवाह फैलाने और महिला डॉक्टर की पहचान उजागर करने के लिए समन जारी किया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने घटना के बारे में गलत सूचना फैलाने के लिए 57 अन्य लोगों को भी सम्मन जारी किया है।

## मुख्यमंत्री रहते हुए मेरा बहुत अपमान हुआ मेरे लिए सभी विकल्प खुले हैं : चम्पाई सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य में सियासी अटकलों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने रविवार को सोशल मीडिया पर अपना दर्द बयां किया हैं। उन्होंने कहा है कि आज समाचार देखने के बाद आप सभी के मन में कई सवाल उमड़ रहे होंगे। आखिर ऐसा क्या हुआ, जिसने कोल्हान के एक छोटे से गांव में रहने वाले एक गरीब किसान के बेटे को इस मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया?

चम्पाई ने कहा कि पिछले चार दशकों के अपने बेदाग राजनैतिक सफर में, मैं पहली बार, भीतर से टूट गया। समझ नहीं आ रहा था कि क्या करूं? दो दिन तक चुपचाप बैठ कर आत्म-मंथन करता रहा। पूरे घटनाक्रम में अपनी गलती तलाशता रहा। सत्ता का लोभ रत्ती भर भी नहीं था लेकिन आत्म-सम्मान पर लगी इस चोट को मैं किसे दिखाता? अपनों द्वारा दिए गए दर्द को कहां जाहिर करता? चम्पाई ने कहा कि अपने सार्वजनिक



जीवन की शुरूआत में औद्योगिक घरानों के खिलाफ मजदूरों की आवाज उठाने से लेकर झारखंड आंदोलन तक मैंने हमेशा जन-सरोकार की राजनीति की है। राज्य के आदिवासियों, मूलवासियों, गरीबों, मजदूरों, छात्रों एवं पिछड़े तबके के लोगों को उनका अधिकार दिलवाने का प्रयास करता रहा हूं। किसी भी पद पर रहा या नहीं लेकिन हर पल जनता के लिए उपलब्ध रहा। उन लोगों के मुद्दे उठाता रहा, जिन्होंने झारखंड राज्य के साथ अपने बेहतर भविष्य के सपने देखे थे।

चंपाई ने कहा कि 31 जनवरी को एक अभूतपूर्व घटनाक्रम के बाद इंडिया गठबंधन ने मुझे झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य की सेवा करने के लिए चुना। अपने कार्यकाल के पहले दिन से लेकर आखिरी दिन तीन जुलाई तक मैंने पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ राज्य के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। इस दौरान हमने जनहित में कई फैसले लिए और हमेशा की तरह हर किसी के लिए सदैव उपलब्ध रहा। बड़े-बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं, छात्रों एवं समाज के हर तबके तथा राज्य के हर व्यक्ति को ध्यान में रखते हुए हमने जो निर्णय लिए, उसका मूल्यांकन राज्य की जनता करेगी। जब सत्ता मिली तब बाबा तिलका मांझी, भगवान बिरसा मुंडा और सिदो-कान्हू जैसे वीरों को नमन कर राज्य की सेवा करने का संकल्प लिया था। झारखंड का बच्चा-बच्चा जनता है कि अपने कार्यकाल के दौरान मैंने किसी के साथ ना गलत किया, ना होने दिया।

## एक नजर

### कलाकारों ने रक्षाबंधन पर भाई-बहनों के साथ यादगार पलों को किया साझा

**हजारीबाग :** रक्षाबंधन भाई–बहनों के बीच गहरे और प्यार भरे रिश्ते का जश्न मनाने का दिन है। इस साल, सोनी सब के कलाकार रक्षाबंधन की अपनी खास यादों के बारे में खुलकर बात कर रहे हैं और अपने निजीजीवन की एक झलक भी पेश कर रहे हैं। चाहे दोस्ती का बंधन हो, अटूट समर्थन हो या पारिवारिक परंपराएं, ये निजी विचार रक्षाबंधन को वाकई एक प्रत्याशित अवसर बनाते हैं। सोनी सब के वागले की दुनिया की चिन्मयी साल्वी, पुष्पा इम्पॉसिबल की नवीन पंडिता, और वंशज के माहिर पंधी ने कहा, हम सबसे अच्छे दोस्त हैं। हम एक–दूसरे पर भरोसा करते हैं और भावनात्मक रूप से एक–दूसरे का समर्थन करते हैं। हम सभी इस रक्षा बंधन साथ में मनाने को लेकर उत्सुक हूं। जिससे हमारे रिश्ते की मजबूती और मेरे जीवन में उसके द्वारा लाई गई खुशियों की याद दिलाता है।

### भाकपा जिला सचिव ने मृतक के परिजनों से मिलकर व्यक्त की संवेदना

**मेदिनीनगर (पलामू) :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने रामगढ़ प्रखंड के नवाडीह अंतर्गत बरवाही टोला में लखन राम के पोता अंशु एवं अन्य दो बच्चे जिनकी मृत्यु कुएं में डूब कर मरने के बाद जैसे ही सूचना मिला उसके बाद तुरंत मृतक के घर पहुंच कर उसके माता एवं परिजनों दादी को ढांढस बंधाया एवं दुख व्यक्त किया वहीं मृतक बच्चों के परिजनों का कहना है कि यह घटना घटित किया गया है क्योंकि पानी में डूबने के बाद शरीर फूल जाता है लेकिन बच्चा का शरीर ज्यों का क्यों था ऐसी स्थिति में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी यह मांग करती है कि रामगढ़ थाना प्रभारी इसकी गहनता से जांच करें क्योंकि परिजनों का आशंका है कि आपस में गोतीया में झगड़ा झंझट भी था ऐसे में आपसी रंजीत का मामला भी मालूम पड़ता है जिसमें बच्चों की मृत्यु की संभावना व्यक्त की जा रही है। जिला सचिव के साथ वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता जमालुद्दीन, रामगढ़ प्रखंड के सहायक सचिव सुषमा मुर्मू, नसीम राइन, सोनू अहमद आर्यन पांडे रितेश तिवारी, पार्वती देवी आदि लोग थे।

### झारखंड अंजुमन का विधान सभा स्तरीय बैठक संपन्न

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के चट्टी में झारखंड अंजुमन की विधानसभा सभा स्तरीय बैठक की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड अंजुमन के कंवियर जुनैद अनवर ने किया। संचालन आरिफ वकार उर्फ शहंशाह खान ने किया। बैठक का इंतिजाम जनाब साबिर अंसारी, सोनू इराकी एंव मोहम्मद इब्राहिम के द्वारा किया गया ।बैठक में मुख्य रूप से झारखंड अंजुमन के कन्वेयर जुनैद अनवर, अंजुमन इस्लामिया रांची के महासचिव डॉ तारिक हुसैन, रांची अंजुमन के पूर्व सदर सह वक्फ बोर्ड झारखंड के सदस्य अबरार अहमद, फिरोज खलीफा, खालिद सैफ उल्लाह, मो इरफान उर्फ काजू सहित राज्य तथा जिले के साथ साथ बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव के सदर सेक्रेटरी एवं बुद्धिजीवी लोग शामिल हुए। इस दरमियान अंजुमन के कन्वेयर जुनैद अनवर ने कहा कि हमें अपने रहबरों के साथ मिलकर काम करना होगा। मस्जिद के लिए सर काटने से नहीं होगा मस्जिद में सर झुकाने से होगा। इस्लाम कहता है जिस देश में रहते हैं वहाँ की कानून की कदर करें। दिन व दुनिया की बातों को अपने बच्चों को बताना व समझाना होगा ।हमें आपस में मिलकर रहना है, राजनीति एवं सियासत अपनी जगह है। देश के 90 प्रतिशत लोग अमन और चेन चाहते हैं, और देश को आगे बढ़ना चाहते हैं।

#### श्री रामचरितमानस सेवा संस्थान में राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह ने किया दारू प्रखंड का दौरा

# स्वरोजगार एवं मुफ्त शिक्षा संस्था का कर्तव्य : संजय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** श्री राम चरित्र मानस सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने रविवार को दारू प्रखंड के जिनगा,रामदेव खरिका, कवालु, हरली, चीरवा का भ्रमण किया। जहां उन्हें भव्य स्वागत किया गया। श्री सिंह ने पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी लोगों को रामचरितमानस की पुस्तक भेंट की। साथ ही रक्षाबंधन के मौके पर उन्होंने गरीब महिलाओं को साड़ी तथा पुरुषों को जय श्री राम लिखा टी शर्ट वितरण किया। भ्रमण के दौरान सभी स्थानों पर उन्होंने संस्था के बारे में लोगों को बताया और कहा कि मैं सेवा करने आया हूं सेवा करना चाहता हूं । हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बेटियों के लिए स्वरोजगार उपलब्ध कराना,वैसे गरीब परिवार जो अपनी बेटी के विवाह के लिए आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है वैसे बेटियों के लिए विवाह संपन्न कराने का काम काम करती हैं,जरूरत पड़ने पर कन्यादान भी मै खुद करता हूं। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सिलाई सेंटर उपलब्ध कराना, बड़े बीमारी से ग्रसित लोगों का मुफ्त इलाज करवाना की व्यवस्था देना, बच्चों को प्रतियोगिता के लिए मुफ्त कोचिंग तथा लाइब्रेरी उपलब्ध कराना, वैसे बच्चे जो पैसे का अभाव में पढ़ नहीं पाते उसके लिए कोचिंग की व्यवस्था करना, बच्चों को शिक्षित करना, वृद्ध माता-पिता के लिए उत्तम व्यवस्था देना,ब्लड कैंप लगाकर निशुल्क ब्लड उपलब्ध कराना, स्वरोजगार से जोड़ना, निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा इत्यादि पर यह संस्था कार्य कर रही है। अंत में उन्होंने कहा कि अभी तक मैंने तीन कैंसर पीड़ित व्यक्ति को मुक्त इलाज करवाया और दारू प्रखंड से एक पीड़ित व्यक्ति मिले हैं जिनका इलाज जल्द शुरू होगा। स्वरोजगार एवं किसी रोग से पीड़ित व्यक्ति सीधा हमसे संपर्क करें इसे लेकर अपना फोन नंबर भी लोगों के बीच जारी किया। इस कार्यक्रम के बाद उन्होंने बासोबार सिवाने नदी पर लगे पर्यावरण मेला में पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया तथा वहां भी उन्होंने अपने विचारों को रखा और पेड़ों में रक्षा सूत्र भी बांधे तथा कहा कि वृक्ष स्वस्थ वातावरण के लिए बेहद जरूरी है सब लोगों को कुछ लगाने चाहिए और आज जैसे यहां पर रक्षा सूत्र बांधकर वर्षों की रक्षा का रंग लिया जा रहा है वैसे वृक्ष लगाकर उसकी रक्षा भी करनी चाहिए और सभी गणमान्य व्यक्तियों को रामचरितमानस की पुस्तक भेंट किया। मौके पर संस्था के महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष श्वेता सिंह, सहयोगी लक्ष्मण कुमार, समाजसेवी विजय सिंह, अनीश कुमार सिंह,अभिनव कुमार, जिनगा पंचायत की मुखिया पिंकी देवी, समाजसेवी प्रभात सिंह, हरली पंचायत मुखिया फरजाना खातून, सोनी कुशवाहा, सुरेश प्रसाद,प्रमोद राम एवम विभिन्न स्थानों के सैकड़ो महिलाओं एवं पुरुष शामिल थे।श्री राम चरित्र मानस सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने रविवार को दारू प्रखंड के जिनगा,रामदेव खरिका, कवालु, हरली, चीरवा का भ्रमण किया। जहां उन्हें भव्य स्वागत किया गया। श्री सिंह ने पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी लोगों को रामचरितमानस की पुस्तक भेंट की। साथ ही रक्षाबंधन के मौके पर उन्होंने गरीब महिलाओं को साड़ी तथा पुरुषों को जय श्री राम लिखा टी शर्ट वितरण किया। भ्रमण के दौरान सभी स्थानों पर उन्होंने संस्था के बारे में लोगों को बताया और कहा कि मैं सेवा करने आया हूं सेवा करना चाहता हूं । हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बेटियों के लिए स्वरोजगार उपलब्ध कराना,वैसे गरीब परिवार जो अपनी बेटी के विवाह के लिए आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है वैसे बेटियों के लिए विवाह संपन्न कराने का काम काम करती हैं,जरूरत पड़ने पर कन्यादान भी मै खुद करता हूं।

## गांधी मैदान में डिजनीलैंड मेला की समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने की शुरूआत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर के गांधी मैदान में डिजनीलैंड मेला की शुरूआत हो चुकी है। यह अब तक का सबसे बड़ा एवं अनोखा डिजनीलैंड मेला इस बार हजारीबाग शहर में डिजनीलैंड जलपरी कार्निवल दुबई सिटी थीम के साथ हजारीबाग में धूम मचाने के लिए आ गया है। जिसका भव्य उद्घाटन समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने फीता काटकर व नारियल फोड़ कर विधिवत रूप से उद्घाटन किया। इस बार मेले में धूम मचाने और आकर्षण के लिए पहली बार जलपरी, रेंजर झूला , टोरा - टोरा , ब्रेक डांस , टॉय ट्रेन, ड्रैगन का मजा लेंगे। मेले में इस बार दुबई की गगनचुंबी बिल्डिंग जैसे - बुर्ज खलीफा, ट्विन टावर, एफल टावर भी देखने को मिलेगा। यह मेले में नवयुवक एवं युवतियों के लिए विशेष प्रकार की सेल्फी प्लैटफॉर्म भी तैयार किया गया है। मेले में इस बार फिश टनल भी लगाया गया है, जिससे लाखों प्रजाति की मछलियों के साथ साथ जलपरी भी देखने को मिलेगा। इस मेले में मनोरंजन के साथ-साथ खरीदारी का भी आनंद ले सकते हैं। मेले में मुख्य रूप से राजस्थानी अचार , जयपुरी अचार , चूरन , सहारनपुर फर्नीचर के साथ महिलाओं से सम्बंधित हर तरह के सौंदर्य उपयोगी समान उपलब्ध है। आयोजनकर्ता मुकेश गिरी व विक्रम सिंह ने बताया कि मेले में खाने - पीने का हर तरह के स्टॉल भी लगाए गए हैं। जहां पर विशेष कर खाने - पीने के शौकीन लोगों के लिए दिल्ली का मशहूर चाट के साथ स्पेशल भेलपुरी भी उपलब्ध है। मेले को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में मुकेश गिरी, विक्रम सिंह, मनोज सिंह,आशीष कुमार, शुडू, सद्दाम, चिंटू, सनातन , मनीष कुमार के सहित कई लोग अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं।

## सड़क दुर्घटना डेटाबेस के उपयोग और महत्व पर दिया गया प्रशिक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू):** पुलिस अधीक्षक महोदया के निर्देशन में पलामू जिला के एनआईसी (नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर) द्वारा एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस के उपयोग और महत्व पर एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में जिले के सभी थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, और अन्य संबंधित पुलिस अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित डेटा को अधिक प्रभावी और डिजिटल पद्धति से संकलित करने और उसका विश्लेषण करने में सक्षम बनाना था। इराड एक अत्याधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के डेटा का संग्रहण, विश्लेषण और प्रबंधन करना है, जिससे दुर्घटनाओं की रोकथाम और सड़क सुरक्षा में सुधार लाया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान, जिले के नोडल पदाधिकारी ने फ्अऊ के विभिन्न कार्यप्रणालियों और इसकी उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे यह डेटाबेस पुलिस विभाग को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग कर सकता है, साथ ही कैसे यह प्लेटफॉर्म दुर्घटनाओं के बाद की जांच प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदया ने जोर देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर पुलिसिंग में सुधार लाना समय की मांग है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इस डेटाबेस का सही और प्रभावी तरीके से उपयोग करें, ताकि जिले में सड़क सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके।

## समाज के आखरी पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना मेरा लक्ष्य : डॉ अमित सिन्हा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** भगवान के आशीर्वाद से दिन की शुरूआत करते हुए भाजपा नेता डॉ अमित सिन्हा ने हजारीबाग के प्रसिद्ध नरसिंह मंदिर में पूजा अर्चना कर किया । इस दौरान उन्होंने कहा की मंदिर जाने का अनुभव मेरे लिए अविस्मरणीय था। इस मंदिर की शांति और आध्यात्मिकता ने मुझे एक नए जीवन की ओर ले जाने का अनुभव कराया। इस पवित्र स्थल पर आकर, मुझे यह महसूस हुआ कि हमारे पूर्वजों ने कितनी महान परंपराएँ और संस्कृति छोड़ी हैं। इसके उपरांत कटकमदाग में जनसम्पर्क करते हुए दारू प्रखण्ड में सिवाने नदी के तट पर शिवशक्ति धाम समिति द्वारा आयोजित पर्यावरण संरक्षण मेला में बतौर अतिथि बन कर गया, जहाँ ग्रामीणों के साथ वृक्षों में रक्षासूत्र बांध कर इसके संरक्षण का लिया संकल्प। यहां भारतीय प्राचीन सभ्यता का जीवंत झलक देखने को मिला साथ ही मेले में आए स्कूली बच्चो ने पारंपरिक गीत संगीत का बेजोड़ नमूना पेश किया । डॉ सिन्हा ने बताया कि वृक्ष हमे फल फूल ,औषधि के साथ जहां शुद्ध हवा प्रदान करती हैं वही नैतिक सामाजिक और आर्थिक समृद्धि का शिक्षा प्रदान कर उसका मार्ग भी प्रसस्त करती हैं, इसलिए इनका संरक्षण बहुत ही जरूरी हैं। अंत मे डॉ सिन्हा ने कहा कि आज के तमाम कार्यकर्मो में यहाँ के स्थानीयों से जो अपनापन और समर्थन मिला उसके लिए मैं उनका कृतज्ञ हूँ ।

## लोकसभा आम निर्वाचन में उत्कृष्ट योगदान के लिए 65 पुलिसकर्मी हुए सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू):** समनालय परिसर स्थित ब्लॉक बी एसपी ऑफिस में आयोजित एक समारोह में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 65 पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने इन कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया। सम्मान समारोह के बाद एक महत्वपूर्ण क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे। इस बैठक के दौरान एसपी ने सभी थाना क्षेत्रों का रिकॉर्ड मंगवाया और जहां कमियां पाई गईं, उन्हें तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए। एसपी ने आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए थाना क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने और चुस्त-दुरुस्त ढंग से काम करने के आदेश भी दिए। इस बैठक में पब्लिक प्रॉसिक्यूटर पीपी के साथ भी बैठक की गई। इस दौरान चर्चा किया गया की कोर्ट में कार्य के दौरान पीपी और पुलिस कर्मियों के साथ उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई और उन्हें कैसे दुरुस्त किया जाए, इस पर जोर दिया गया। इसके साथ ही, पुलिस कर्मियों को पर भी ट्रेनिंग दी गई, ताकि सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित डेटा संग्रहण और प्रबंधन में सुधार हो सके। एसपी ने पुलिसकर्मियों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनावों में भी पुलिस बल इसी तरह की उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करेगा।

## 'साहित्य संगम' ने किया सेमिनार सह कवि सम्मेलन का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**मेदिनीनगर (पलामू) :** साहित्य संगम के बैनर तले मेदिनीनगर के होटल रामाडा में प्रमंडल स्तरीय सेमिनार सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचन्द्र सिंह,समाजसेवी रामदास साहू के प्रतिनिधि नौशाद अहमद खां व विशिष्ट अतिथि अजय सिंह चेरो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। अध्यक्षता डॉ यासीन अंसारी ने किया जबकि संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। शायराना अंदाज में स्वागत भाषण एमजे अजहर ने किया वहीं प्रमंडलीय सचिव अमीन रहबर ने साहित्य संगम के क्रियाकलाप,लक्ष्य व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष मनीष मिश्र 'नंदन' ने किया। सेमिनार को वरिष्ठ कवि हरिवंश प्रभात, प्रमंडलीय उप सचिव बरकतुल्ला बरकत व संरक्षक शमीम रजवी ने संबोधित किया तथा अपनी रचनाओं से भी नवाजा। सभी अतिथियों व कवियों को स्मृति चिह्न व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक श्री रामचन्द्र सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि साहित्य समाज का आईना होता है और साहित्यकार सच्चे पथ प्रदर्शक होते हैं। उन्होंने साहित्यिक गतिविधियों में हर संभव मदद करने एवं लेखकों के अप्रकाशित पांडुलिपियों के प्रकाशन में सहयोग करने का आश्वासन दिया। वहीं सभाध्यक्ष डॉ यासीन अंसारी ने 'साहित्य संगम' के सफल आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि वह साहित्य व साहित्यकार ही हैं जिनसे देश को प्रगति के लिए रोशनी मिलती है।कहा कि हमेशा से साहित्य ने समाज को सजग किया है तथा राजनीति को विचलन से बचाया है। विशिष्ट अतिथि अजय सिंह चेरो ने कहा इस समारोह में भाग लेकर उन्हें बहुत कुछ सीखने समझने का मौका मिला है। वह इस सिलसिले को जारी रखेंगे। दूसरे सत्र के आयोजित कवि सम्मेलन में शायर कय्यूम रूमानी, कवि राकेश कुमार,जिला सचिव किरण राज,इमरान शाद, विजय शंकर मिश्र,मीत जरमस्त पुरी,जया लक्ष्मी,नेजाम कुरैशी, रीना प्रेम दूबे,मोबिन कुरैशी, अंजनी दूबे, चंद्रकांत सिंह,उदय मांझी, ब्रजेश भावना सिंह, मनीष तिवारी,वंदना श्रीवास्तव, प्रियरंजन पाठक,सरोज कुमार आजाद, घनश्याम कुमार,सृष्टि कुमारी,रोहित कुमार व प्रेम दूबे ने अपनी रचनाओं के जीवन के विभिन्न रंगों की छटाएं बिखेरी।

## संक्षिप्त खबरें

### दो दिनों से गुमशुदा महिला का शव कुंआ से बराबद



**दारू :** रक्षाबंधन भाई– बहनों के पवित्र रिश्ते को प्रगाढ़ बनाने का त्यौहार है। लेकिन इस रक्षाबंधन दो भाइयों के कलाई पर एक बहन राखी नहीं बांध सकेगी। पिछले दिनों हजारीबाग जिले के दारू थाना क्षेत्र के कोय ग्राम निवासी अवध कुमार राणा की पत्नी सुमन शर्मा दो दिनों तक रहस्यमय तरीके से लापता होने के बाद उनके ही घर के कुंआ से शव बरामद हुआ। मृतिका महिला के पति ने इसे लेकर दारू थाना में आवेदन भी दिया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि मैं अपने दो बच्चों के साथ उसे स्कूल पहुंचाने गया था वापस जब घर आया तो मेरी पत्नी घर पर नहीं थी। मैंने गांव, आसपास, परिवार–रिश्तेदार में काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला और दो दिनों बाद अपने ही घर के कुंआ से गुमशुदा महिला का शव बरामद हुआ। इधर मृतिका की माता धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के ग्राम बिलबेरा बस्ती निवासी उनकी माता सरिता देवी ने भी संबंधित थाना को आवेदन दिया है और घटना की जांच की मांग की है। इस मौत के रहस्य को लोग समझ नहीं पा रहें हैं। आसपास के लोगों में इस मौत को लेकर कई प्रकार की चचाएं हैं । मृतिका के दो भाई है और इस रक्षाबंधन उनके लिए बेहद मायूसी का समय है ।

### मांडू विधानसभा के भावी प्रत्याशी डॉक्टर नजीर अंसारी ने विष्णुगढ़ क्षेत्र का किया दौरा



**विष्णुगढ़ :** मांडू विधानसभा के भावी प्रत्याशी डॉ. नजीर अंसारी ने क्षेत्र का दौरा किया। जिसमें गालहोबार पंचायत के तरवाटांड़, खरकी सिमरबेड़ा, जोबर पंचायत के टहड़वा, बंदखारो के गांव में जनसंपर्क करते हुए नुक्कड़ सभा की जिसमें भारी संख्या में महिलाएं पुरुष शामिल हुए। डा. नजीर की बातों से प्रभावित होकर उपस्थित महिलाओं ने उन्हें राखी बांधी और समर्थन देने का भरोसा दिलाया। यह सब देख डॉ. नजीर ने कहा कि अब हमारी जिम्मेदारी दुगनी हो गई क्योंकि नेता बनकर लोगों ने इस क्षेत्र को अबतक ठगने का काम किया है परंतु एक भाई के रूप में मैं हमेशा अपनों के लिए खड़ा रहूंगा। आश्वासन दिया कि जैसे भगवान कृष्ण ने अपनी बहनों की रक्षा की, वैसे ही मैं भी आप सभी बहनों की समस्याओं को हल करने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। मौके पर फिकरू साव, प्रकाश साव,जयनाथ साव,राजेंद्र मंडल, बसंती देवी, सीता देवी, दशरथ राय,गुलमोहर राम, आदर्श कुमार, साजिद अंसारी, शैफ रजा, नीलू बाबू, छोटेलाल कुमार इत्यादि सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल थे।

### रक्षाबंधन को देखते हुए रविवार को भी खुले रहे डाकघर



**हजारीबाग :** डाक विभाग के निर्देश पर रविवार को रक्षाबंधन को देखते हुए सभी डाकघर खुलें रहे। इनमे नियमित दिनों की तरह ही कार्य होता रहा। यह जानकारी देते हुए डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा ने बताया कि भाई और बहनों का पावन त्योहार रक्षाबंधन 19 अगस्त को मनाया जाएगा। इसके उपलक्ष्य में डाकघर में खास तैयारी की गई है। डाकघर के कर्मचारी रविवार को छुट्टी के दिन भी काम कर रहे हैं। वही डाकघर में राखी काउंटर बनाया गया है। जहां से दूर दराज रह रहे भाइयों के लिए बहनें राखी भेज रहीं हैं। डाकघर में रविवार को साप्ताहिक छुट्टी होती है उसके बावजूद डाक विभाग की तरफ से रक्षाबंधन के दिन दोपहर तक राखी पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने के लिए रविवार को सभी डाकघर खुला और डाकियों को विशेष निर्देश जारी किया गया है ताकि सभी राखी अपने गंतव्य तक पहुंच सके।

### पाटन प्रखंड एवं पड़वा प्रखंड विकास से है कोसो दूर : चंचला देवी



**पाटन (पलामू) :** पाटन छतरपुर विधानसभा के भावी प्रत्याशी चंचला देवी चंद्रवंशी ने पाटन प्रखंड के मेराल पंचायत के सिक्की मेराल झरी निमिया एवं पड़वा प्रखंड के बटसारा सिक्का में अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ सघन दौरा किया चंचला देवी ने कहा पाटन प्रखंड एवं पड़वा प्रखंड विकास से कोसो दूर है इन दोनों प्रखंडों में विकास का कोई भी कार्य देखने को नहीं मिला मुख्य रूप से सड़क का स्थिति बहुत जर्जर है क्षेत्र के लोगों का कहना है विधायक चुनाव के समय आते हैं वोट लेते हैं चुनाव जीतते हैंऔर फिर सो जाते हैं अपना विकास सोचने लगते हैं पूरे पाटन छतरपुर विधानसभा के लोगों को 20 वर्षो से वर्तमान विधायक एवं पूर्व विधायक के द्वारा सिर्फ छला गया है मौके पर साथ में उपस्थित है राजद जिला महासचिव सह समाजसेवी विजय चंद्रवंशी, जिला अध्यक्ष चंद्रवंशी महासभा विक्की चंद्रवंशी, इंद्रदेव सिंह पप्पू चंद्रवंशी, कुंदन चंद्रवंशी, पिंटू चौरसिया, उपेंद्र सिंह, प्रमोद चंद्रवंशी, भरत चंद्रवंशी, राकेश कुमार, रोहित कुमार, छोटू सिंह, विश्वनाथ राम गुरुजी, जितेंद्र सिंह, अश्विनी सिंह, राजकुमार सिंह, शिशुपाल सिंह, संतोष यादव, श्याम बिहारी मेहता, राजकुमार मेहता, केशव महतो, कमलेश का प्रदेश अध्यक्ष एवं रामेश्वर उरांव को विधायक दल के नेता बनाए जाने पर ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु कुमारी ने दी बधाई।

### झारखंड कांग्रेस को मिलेगी नई ऊर्जा : रेणु कुमारी



**हजारीबाग :** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में केशव महतो कमलेश ओर विधायक दल के नेता के रूप में रामेश्वर उरांव की नियुक्ति पर ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु कुमारी ने हर्ष व्यक्ति किया है। ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु कुमारी ने कहा कि केशव महतो कमलेश की नियुक्ति से झारखंड में कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इसमें ओबीसी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में कांग्रेस से जुड़ेंगे और संगठन को सशक्त करेंगे। रेणु कुमारी ने केशव महतो को जमीनी स्तर से जुड़े नेता बताया और कहा कि वह हमेशा ओबीसी समुदाय के हितों के लिए मुखर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के, राहुल गांधी,सोनिया गांधी,केवी वेणुगोपाल, गुलाम मीर अहमद ओर पवन खेड़ा का आभार व्यक्त किया।

# संस्कृत भारती और झारखंड संस्कृत अकादमी द्वारा प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची, संस्कृत भारती और झारखंड संस्कृत अकादमी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित संस्कृत सप्ताह के तीसरे दिन रविवार को 'संस्कृतभाषाया : महत्त्वम' एवं 'संस्कृतसाहित्ये पर्यावरणसंरक्षणम' विषयों पर क्रमशः भाषण प्रतियोगिता एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.एन.जालान कालेज, सिसई, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची महिला महाविद्यालय, रांची तथा मारवाड़ी कालेज, रांची के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

'संस्कृतभाषाया : महत्त्वम' विषयक भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कहा कि संस्कृतभाषा अपने अद्वितीय महत्व और व्यापक प्रभाव के कारण विशेष स्थान रखती है। यह केवल एक भाषा नहीं, अपितु भारतीय संस्कृति, दर्शन, साहित्य और विज्ञान की अमूल्य धरोहर है। संस्कृत में रचित वेद, उपनिषद्, महाभारत, रामायण, गीता और पुराण आदि में जीवन के उच्चतम आदर्श, नैतिक मूल्य और गहन दार्शनिक विचार समाहित हैं। विद्यार्थियों ने यह भी कहा कि वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक, संस्कृत में गणित, खगोलशास्त्र, आयुर्वेद, व्याकरण और भाषा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। यह भाषा ध्वनियों, शब्दों और वाक्यों के गठन में अत्यधिक संगठित और नियमबद्ध है, जिससे यह कंप्यूटर विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में भी उपयोगी साबित हो सकती है। संस्कृत हमारे सांस्कृतिक पहचान और धरोहर को सुरक्षित रखने में सहायक हो सकती है। विद्यार्थियों ने बताया कि संस्कृत का शिक्षण और प्रसार आज की शिक्षा प्रणाली का अभिन्न अंग होना चाहिए। आधुनिक शिक्षा में संस्कृत की पुनर्स्थापना न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोने का माध्यम बनेगी, बल्कि यह नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने में भी सहायक होगी।

विद्यार्थियों ने कहा कि संस्कृत साहित्य में पर्यावरण संरक्षण का विषय अत्यंत महत्वपूर्ण और प्राचीनकाल से ही विद्यमान है। वैदिक साहित्य से लेकर पुराणों तक, संस्कृत ग्रंथों में प्रकृति के साथ संतुलन और सह-अस्तित्व के आदर्श को अत्यधिक महत्व दिया गया है। संस्कृत साहित्य न केवल पर्यावरण संरक्षण के सिद्धांतों को प्रतिपादित करता है, बल्कि यह समस्त प्राणीमात्र के प्रति सहानुभूति, संवेदनशीलता और कर्तव्यबोध की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। ऋग्वेद में पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश–इन पंचमहाभूतों को देवताओं के रूप में मान्यता दी गई है।

ईशोपनिषद में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यह सम्पूर्ण जगत ईश्वर का आवास है और मनुष्य को केवल अपनी आवश्यकता के अनुसार संसाधनों का उपयोग करना चाहिए, न कि लोभवश उनका दोहन करना चाहिए। महाभारत के शांतिपर्व में युधिष्ठिर और भीष्म के संवाद में धरती के संरक्षण के महत्व पर बल दिया गया है। रामायण में भगवान राम के वनवास काल के विवरणों में प्राकृतिक सौंदर्य, वनस्पतियों और जीव-जंतुओं के संरक्षण की बात बड़े ही संवेदनशील ढंग से कही गई है।

## राजीव गांधी की जयंती पर सभी जिलों में सद्भावना यात्रा निकालेगी कांग्रेस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के 80वीं जयंती पर सभी जिला अध्यक्षों को जिला मुख्यालयों में सद्भावना यात्रा आयोजित करने का निर्देश दिया है। जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने राष्ट्रहित के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए उसकी गतिशीलता बरकरार रखी थी।

उन्होंने गरीबी उन्मूलन, सामाजिक समरसता, समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान, पंचायती राज के सुदृढ़ीकरण, युवाओं के विकास के लिए अपनी दूरदर्शिता का परिचय देते हुए कई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा था। उन्होंने बताया कि जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि स्वर्गीय राजीव गांधी के आदर्शों और आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान को जनता के बीच सद्भावना यात्रा के माध्यम से प्रचारित प्रसारित करेंगे तथा सद्भावना यात्रा में सभी जिला अध्यक्ष अपने जिला अंतर्गत आने वाले सांसद, विधायक एवं संगठन के सभी स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

## एसडीओ ने शहरी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का दिया निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** शहर में भयमुक्त वातावरण बनाने और कई मामलों के उद्भेदन में सीसीटीवी की भूमिका को देखते हुए शहरी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश सदर एसडीओ ने दिया है। एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने बीएनएसएस की पारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सभी बैंक एवं वित्तीय लेनदेन संस्थान, सभी एटीएम, ज्वेलरी दुकानें, पेट्रोल पम्प, होटल एवं रेस्टोरेंट, शराब की दुकान, मल्टी स्टोरी फ्लैट/ हाउसिंग सोसायटी, ऑटो एवं बस स्टैंड, पेड पार्किंग, प्राइवेट संचालित हॉस्टल, मॉल एवं मार्केटिंग कम्प्लेक्स, दवा दुकान, अपार्टमेन्ट एवं अन्य सभी महत्वपूर्ण व्यावसयिक संस्थानों में अच्छी गुणवता के सीसीटीवी कैमरे पर्याप्त संख्या में लगाने का निर्देश दिया है। इन कैमरों में या तो रिकार्डिंग सिस्टम होगा या फिर कैमरे की लाइव फीड को क्लाउड पर भेजने की व्यवस्था होगी। कैमरों की संख्या इतनी होनी चाहिए कि उक्त प्रतिष्ठान के आस-पास पड़ने वाले पब्लिक एरिया (आम जगह) जहां पर आम जनता के आवागमन की संभावना हो, को कवर किया जा सके। कैमरों के माध्यम से उक्त एरिया पर नजर रखी जा सके। कैमरा लगाते समय इस बिन्दु पर विशेष ध्यान दिया जाये कि किसी की निजता भंग न हो। विशेषकर जिन क्षेत्रों में महिला, बच्चे इत्यादि रहते हों या प्रयोग करते हों, उस क्षेत्र का कवरेज न हो।

## डीजीपी डायल 112 के रिस्पांस टाइम और ट्रैकिंग सिस्टम की करेंगे समीक्षा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** डीजीपी अनुराग गुप्ता 20 अगस्त को झारखंड पुलिस मुख्यालय में डायल 112 के रिस्पांस टाइम और ट्रैकिंग सिस्टम की समीक्षा करेंगे। इस दौरान यदि किसी पुलिस अफसर या पुलिसकर्मी की लापरवाही सामने आयी तो उसपर कार्रवाई भी हो सकती है। डीजीपी अनुराग गुप्ता के पहल पर डायल 112 को क्यूआर कोड डेवलप किया गया है। इस क्यूआर कोड की कॉपी ऑटो, बस और एटीएम सहित शहर के विभिन्न स्थानों में लगा दिया गया है। अगर आप किसी संकट में हैं, तो आप क्यूआर कोड को स्कैन कर पुलिस की हेल्प ले सकते हैं।

डायल 112 के क्यूआर कोड को डीजीपी अनुराग गुप्ता के प्रयास से डेवलप किया गया है। इसे पुलिस के टेक्निकल सेल ने डेवलप किया है। शहर के किसी भी जगह पर यदि कोई आदमी मुसीबत में फंसा हो, तो वह क्यूआर कोड को स्कैन कर पुलिस को अपनी परेशानी बताकर मदद मांग सकता है। इसके लिए सबसे पहले क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा। मोबाइल से स्कैन करते ही मोबाइल में एक फॉर्म दिया जायेगा, जिसमें मात्र चार पाइंट भरने होंगे। इसके बाद तुरंत 112 से कनेक्ट हो जायेगा।

वहां से सीधे आपसे संपर्क किया जायेगा और आपके नजदीक मौजूद पीसीआर या क्यूआरटी आप तक पहुंच जायेगी। यह तो उसके लिए आसान है, जिसके पास स्मार्ट फोन है। यदि किसी के पास स्मार्ट फोन नहीं है और वो आपसे मदद मांगता है तो आप उसकी भी मदद कर सकेंगे।

## बीएयू की राष्ट्रीय सेवा योजना ने वाद-विवाद एवं क्विज प्रतियोगिता का किया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 16 एवं 17 अगस्त को अंतर महाविद्यालय वाद विवाद, एक्टेंपोर स्पीच तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

वाद विवाद प्रतियोगिता में रांची कृषि महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के छात्र अपूर्व राज ने तथा एक्टेंपोर स्पीच प्रतियोगिता में पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के छात्र रौनक सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में तिलका मांझी कृषि महाविद्यालय, गोड्डा के छात्र जयदीप गुप्ता एवं मयंक सिंह संयुक्त रूप से प्रथम घोषित किए गए।

फूलो झानो मुर्मू डेयरी प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, दुमका के एसोसिएट दिन डॉ आलोक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में गठित निर्णायक समिति में डॉ मनोज कुमार बर्णवाल, डॉ राजू प्रसाद, डॉ ज्योतिष कुमार केरकेट्टा, डॉ मिंटू जॉब, डॉ शिवम मिश्र तथा डॉ नीरज कुमार शामिल थे। विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ बसंत कुमार झा ने विजेताओं को शुभकामना दी।

## बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती ने तस्वीर साझा कर झामुमो के प्रति जताई निष्ठा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** भाजपा में शामिल होने के लिए दिल्ली में होने की अफवाहों के बीच बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती ने रविवार को गूगल मैप के साथ अपनी तस्वीर जारी की है। इस तस्वीर में वे चाकुलिया स्थित अपने कार्यालय में बैठे नजर आ रहे हैं। दरअसल, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन समेत छह विधायकों के भाजपा में शामिल होने की चर्चाएं जोरों पर हैं। इसी के खंडन में बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती ने ये तस्वीर जारी की है। समीर मोहंती ने जोर देकर कहा है कि वे झामुमो में थे, हैं और अंत तक रहेंगे।

यहां विधायक कार्यालय में उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि कुछ न्यूज चैनलों द्वारा यह खबर फैलाई जा रही है कि वे झामुमो के कई विधायकों के साथ भाजपा में जा रहे हैं। उन्होंने इसे सरासर गलत समाचार बताते हुए कहा कि एक षड्यंत्र के तहत उन्हें बदनाम करने की कौशिश की जा रही है। मोहंती ने कहा कि उनका राजनीतिक जन्म झामुमो में हुआ, उनकी राजनीतिक पाठशाला झामुमो है और उनके राजनीतिक गुरू दिशोम गुरु शिबू सोरेन हैं। उन्होंने कहा कि वे झामुमो में हैं और आगे भी झामुमो में ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विकास कार्य और क्षेत्र में उनकी बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर भाजपा ने एक षड्यंत्र के तहत उनका नाम उछाला है, जो गलत है। उन्होंने कहा कि जिस ढंग से हेमंत सरकार राज्य में विकास के काम कर रही है, आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य में पुनः झामुमो की सरकार होगी और भाजपा का सफाया हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा भ्रम फैलाकर झामुमो के नेताओं को तोड़ना चाहती है। पार्टी में दरार पैदा करने के उद्देश्य से ही ऐसी अफवाह फैलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई नेता नहीं है, जिस कारण झामुमो में सेंधमारी की कोशिश कर रही है। भाजपा का हमेशा से यही चरित्र रहा है। उन्होंने कहा कि उनके मुख्यमंत्री से अच्छे संबंध हैं और पार्टी ने उन्हें जो सम्मान दिया है उसके लिए वे सदा पार्टी के ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन एक सुलझे हुए नेता हैं और उन्होंने हमेशा बेहतर सोच के साथ क्षेत्र का विकास किया है। उन्होंने विपत्ति के समय पार्टी को ढाल बनकर संभाला है। उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन को लेकर भी संगठन में कोई मतभेद नहीं है।

### दशरथ गागराई का भी पार्टी बदलने से इंकार

खरसावां के विधायक दशरथ गागराई ने मीडिया की उन खबरों का खंडन कर दिया है, जिसमें बताया जा रहा है कि वह भी पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के साथ भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति भी जारी किया है।

## एक नजर

### राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल से की मुलाकात

**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से राज भवन, लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्य में उच्च शिक्षा में सुधार के संदर्भ में चर्चा की।

### झारखंड में 64 पुलिस अधिकारियों के तबादले

**रांची :** चुनाव आयोग के निर्देश पर झारखंड में 64 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। इस संबंध में डीजीपी के आदेश दिए जाने के बाद डीआईजी कार्मिक ने इससे संबंधित अधिसूचना रविवार को जारी कर दी। इस आदेश के तहत जिन पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। उसमें 53 सब इंसपेक्टर, एक मेजर और दस इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी शामिल हैं। झारखंड समेत चार राज्यों में विधानसभा चुनाव के निकट होने का संकेत देते हुए चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया है कि आयोग की नीति है कि चुनाव वाले राज्य, केंद्रशासित प्रदेश में चुनाव के संचालन से सीधे जुड़े अधिकारियों को उनके गृह जिलों या उन स्थानों पर तैनात नहीं किया जाता है, जहां वह एक लंबे समय से तैनात हैं। इसलिए चुनावों से सीधे जुड़े किसी भी अधिकारी को वर्तमान जिले में बने रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अगर वह अपने गृह जिले में तैनात है या उसने उसने पिछले चार वर्षों के दौरान उक्त जिले में तीन वर्ष वर्ष पूरे किए हैं, तो उसे स्थानांतरित किया जाये।

### डॉ अरुण कुमार को बनाया गया राजद चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष

**रांची :** डॉ अरुण कुमार को चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष, संतोष प्रसाद को दस्तकार प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष और प्रणव कुमार बबलू को प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल का महासचिव मनोनीत किया गया है। इस संबंध में रविवार को झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने निर्देश दिया कि अति शीघ्र अपने अपने प्रकोष्ठ का गठन कर प्रदेश कार्यालय को सूची उपलब्ध कराए। साथ ही राजद के नेता लालू प्रसाद यादव के नीति और सिद्धांत को जन जन तक पहुंचाए तथा संगठन को धारदार और मजबूत करने का काम करें।

### संजय सेठ ने अल्बर्ट एक्का चौक पर होने वाले कृष्णा जन्मोत्सव के मंच निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

**रांची :** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के सान्निध्य में अलबर्ट एक्का चौक, मेन रोड में 26 तथा 27 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाना है। इसके लिए रविवार को मेन रोड स्थित आयोजन स्थल पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के लिए बन रहे नाट्य व झांकी प्रतियोगिता के लिए मंच तैयार होगा। इसे बनाने के पूर्व भूमि पूजन का कार्य रविवार को समिति के संरक्षक सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व सांसद अजय मारू के अलावा अध्यक्ष मुकेश काबरा द्वारा आचार्य की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। मौके पर संजय सेठ ने कहा कि प्रथम दिन 26 अगस्त को शाम चार बजे से धरित्री कला केंद्र की निर्देशिका गार्गी मलकानी के नेतृत्व में बाल कलाकारों के द्वारा भाव नृत्य प्रस्तुति होगी। कोलकाता के कलाकारों के द्वारा भगवान श्री राधाकृष्ण के भावपूर्ण नृत्य प्रदर्शन के साथ प्रस्तुति रखी जायेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन 23 और 24 को रांची में



**रांची :** रांची में पहला राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन 23 और 24 अगस्त को आयोजित होगा। सम्मेलन में पुलिस महिला पुलिस की सेवा, सुरक्षा और सम्मान से संबंधित कार्यक्रम होंगे। साथ ही महिला पुलिस के अनुभवों और चुनौतियों को साझा किया जायेगा। बताया जाता है कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम के लिए प्रभावी रणनीतियों पर चर्चा की जायेगी। वहीं, पुलिस बल में महिलाओं की संख्या बढ़ाने और पदोन्नति पर भी विमर्श किया जायेगा। समारोह में महिलाओं के प्रति संवेदनशील पुलिसिंग पर बात होगी।

### जीडी गोयनका के छात्राओं ने सैनिकों को बांधा रक्षा सूत्र



**रांची :** जीडी गोयंका के छात्राओं ने रविवार को आर्मी कैंट नामकुम में रक्षाबंधन पर्व को एक महोत्सव के रूप में मनाया। छात्राओं ने रक्षा बंधन पर्व पर देश के जाबाज सैनिकों के माथे पर तिलक लगाकर उनके हाथ में रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और संभाषण के माध्यम से देश की सुरक्षा पर तैनात देश के वीर सैनिकों की भूमिका को अपने माध्यम से व्यक्त किया। साथ ही साथ इस रक्षाबंधन कार्यक्रम के दौरान सैनिकों ने समस्त जीडी गोयंका के विद्यार्थियों का अभिनंदन कर उन्हें उपहार स्वरूप भी दिया तथा सैनिक जीवन में त्योहारों के महत्व को भी विधार्थियों के साथ साझा किया। इस अवसर पर विद्यालय के उपनिदेशक अमन सिंह ने रक्षाबंधन को पारिवारिक सामाजिक मूल्यों की याद दिलाने वाला त्यौहार बताते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाई–बहन के रिश्तों की मिठास, सुरक्षा के भाव तथा जीवन में रिश्तों की अहमियत सीखाता है। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य डॉ० सुनील कुमार ने समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को उनके कृत के लिए सराहा।

### भारतीय युवक संघ (बकरी बाजार) के नए अध्यक्ष नियुक्त किए गए राहुल अग्रवाल



**रांची :** भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार मंदिर परिसर में रविवार को चुनावी सभा का आयोजन किया गया। जो नई चुनाव समिति गठित हुई, उसमें सर्व सम्मति से राहुल अग्रवाल को अध्यक्ष का पदभार सौपा गया साथ ही रमेश खेमका, विनोद छापड़िया, मदन बगड़िया, सुरेश भगत, अरविंद चौधरी और रवि रोहतगी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सचिव का पदभार निर्मल मोदी ने संभाला तथा सह–सचिव के पद में रमेश अग्रवाल, किशन मोदी, कमल जलान (बंकट), अमर पोद्दार एवं मुकेश जलान को नियुक्त किया गया। इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों तथा सदस्यों का भी चुनाव किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र के उपलक्ष में श्री श्री दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया जाएगा। शारदीय नवरात्र इस वर्ष तीन अक्टूबर से आरंभ होगा। भारतीय युवक संघ सन 1958 से विभिन्न सांस्कृतिक धार्मिक एवं रचनात्मक कार्यों के द्वारा समाज के समुचित विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाती आ रही है। इस दिशा में इस वर्ष भी अपनी सक्रिय भूमिका की ओर अग्रसर है। आज संस्था के वरिष्ठ और सभी कर्मठ सदस्यों की उपस्थिति में (मंदिर प्रांगण) में आगामी दुगार्पूजा के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मौके पर संस्था के संरक्षक शंभू अग्रवाल, निर्मल जलान, सुरेश चौधरी तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस भव्य आयोजन के लिए पंडाल बनाने का कार्य, कला में उत्कृष्ट तथा अनुभवी कलाकार पश्चिम बंगाल के गौरांगो द्वारा किया जाएगा। सभा का संचालन संरक्षक शंभू अग्रवाल ने किया। अन्त में अध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापन देकर सभा को विराम दिया।

### रांची के हर मार्ग में महिलाओं के लिए चलेंगे पिंक ऑटो



**रांची :** रांची शहर की महिलाओं के लिए एक अच्छी खबर है। अब रांची शहर के हर मार्ग पर पिंक ऑटो चलने का परमिट मिल गया है। इस संबंध में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने यातायात पुलिस अधीक्षक को दिशा–निर्देश दे दिए हैं। डीजीपी ने कहा कि ये ऑटो महिलाओं के ज्यादा आवाजाही वाले रास्तों पर चलेगी। इसलिए जहां महिलाओं के ज्यादा आवाजाही है वहां के लिए इसका परमिट जारी किया जाए। आदेश मिलते ही यातायात पुलिस ने परमिट जारी करने के लिए डीजीपी को पत्र भी भेज दिया है। ये ऑटो महिला कॉलेज, शिक्षण संस्थान, अस्पताल समेत महिलाओं के ज्यादा आवाजाही वाले मार्गों में खास तौर पर चलाएं जाएंगो। डीजीपी ने इन स्थानों पर पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया है। बता दें कि रांची के सिमित इलाको में पिंक ऑटो चलते है। इसे सिर्फ महिलाएं ही चलाती हैं और इस ऑटो में यात्रा भी सिर्फ महिलाएं ही कर सकती हैं। पहले पिंक ऑटो बस अरगोड़ा इलाके में चलाए जाते थे। लेकिन महिलाओं की सुरक्षा और छेड़खानी जैसे मामलों पर लगाम लगाने और उनके सफर को आरामदेह बनाने के लिए ये कदम उठाए गए हैं।

### मंईयां योजना के बैनर से चम्पाई सोरेन का नाम गायब : अमर बाउरी



**रांची :** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने मुख्यमंत्री के स्तर से रविवार को शुरू की गई मंईयां योजना पर सवाल किया है। एक्स पर सवाल करते कहा कि मुख्यमंत्री पाकुड़ के गायबथान में मुख्यमंत्री मंईयां योजना की शुरूआत करने गए थे। पर विडंबना देखिए कि वहीं के जिस होपनी मरांडी, दांदु हेंबरम, रानी मुर्मू की जमीन बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा लूट ली गई थी, उसे नहीं लौटाया। झामुमो–कांग्रेस ने गरीबों को 72,000 सालाना देने का वादा किया था। हेमंत सोरेन के झूठे वादे की थोड़ी भरपाई करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट ने मुख्यमंत्री बहन–बेटी माई–कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना पर अपनी मुहर लगाई थी। अमर के अनुसार हेमंत सरकार के बैनरों व योजनाओं से चम्पाई सोरेन का नाम व निशान गायब है। फिर जेल से बाहर निकले हेमन्त सोरेन ने सत्ता हथियाने का खेल शुरू किया। खैर, दूसरों के किए गए कार्यों पर क्रेडिट लेना और पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा दिए गए नौकरियों के नियुक्ति पत्र बांटने में मुख्यमंत्री हेमन्त पारंगत प्राप्त हैं।

## एक नजर

### स्मार्ट विलेज सिल्ली के एक माह पूरे होने पर कटा केक

**केक सिल्ली**: रांची पुरुलिया मार्ग सिल्ली लोवापिड़ी के समीप स्मार्ट विलेज सिल्ली का पूरे हुए एक माह पूरे होने पर आजसू के वरीय कार्यकर्ता व समाज सेवी मनोज सिंह ने के द्वारा केक काटा गया। स्मार्ट विलेज के मैनेजर राजु गोराई ने बताया कि दिल्ली के कप्पनी को ग्रामीण क्षेत्रों में चलाना एक चुनौती काम है। ऐसे में स्मार्ट विलेज के संचालक राकेश गुप्ता के विश्वास पर हम ग्राहक के प्रति दिल जीतने में कामयाब हो रहे है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार दो युवकों की मौत

**गुमला** : गुमला जिला अंतर्गत स्थित बाइपास के समक्ष अज्ञात वाहन के चपेट में आने से स्कूटी सवार दो अज्ञात युवकों की घटनास्थल पर हुई दर्दनाक मौत। उक्त दोनों युवकों के बारे में स्पष्ट जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई है, कुछ लोगों का कहना है कि उक्त दोनों युवक चौकीदार नियुक्ति की लिखित परीक्षा देने आए थे , सूचना प्राप्त होते ही गुमला सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें, गुमला सदर थाना पुलिस अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेजवाया गया।

### खनन विभाग ने चलाया सघन जांच अभियान

**बोकारो** : उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर अवैध खनन परिवाहन पर रोक को लेकर खनन विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को खनन विभाग की टीम ने बालीडीह थाना अंतर्गत टोल प्लाजा समीप वाहन जांच अभियान चलाया। जिसमें टीम ने बिना खनन चलान के स्टोन चिप्स परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ा। जिसे टीम ने जब्त कर पुलिस बल के सहयोग से थाना परिसर में लाया एवं संबंधित के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। छापेमारी अभियान टीम में खान निरीक्षक श्री सीताराम टुडू एवं पुलिस बल मौजूद थे।

### दुकानदार ने की आत्महत्या

**बोकारो** : ऑपरेटिव कालोनी मोड़ स्थित एक घरेलू गैस दुकानदार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का शिनाख्त पिंटू कुमार के रूप मे की गयी हैं। यह घटना बोकारो के सिटी थाना क्षेत्र की हैं। हालांकि मृतक चास थाना क्षेत्र के भोजपुर कालोनी का निवासी था, घटना का कारण क्या है अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। वैसे कुछ पारिवारिक विवाद को कारण मना जा रहा है। मृतक के चचेरे बड़े भाई के मुताबिक शराब तथा जुए की इन्हे लत लगे थे।

# महिला का अपहरण कर दो दिन तक किया दुष्कर्म, तीन गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**बोकारो : 15** अगस्त को जब पूरा देश स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहा था। वहीं, उस शाम बालीडीह थाना क्षेत्र की एक 22 वर्षीय महिला को सामुहिक दुष्कर्म की नियत से चार दरिंदों ने अपहरण कर लिया। महिला दो बच्चे की मां । मामला तब प्रकाश में आया जब किसी तरह दरिंदों की चंगुल से भागकर 17 अगस्त की शाम मदहोशी की हालत में घर पहुंची. पति तथा परिजनों को आपबीती सुनाई. इसके बाद परिजनों ने बालीडीह थाना पुलिस से संपर्क किया। महिला को सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां, फिलहाल उसका इलाज चल रहा है।

**शाम को दुकान से लौट रही थी महिला–**

बताया जाता है कि आसपास के दुकान से 15 अगस्त की शाम को लौट रही थी। घर पहुंचने से पहले सुनसान जगह पर चार युवकों ने उसे पीछे से महिला के चेहरे पर कपड़ा डाल दिया। जबरन उसे गाड़ी से उठाकर, किसी अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। बंद कमरे में उसके साथ दुष्कर्म किया जाता रहा। दो दिन बाद महिला किसी तरह चकमा देकर शाम को घर पहुंची।

**पति ने 17 अगस्त को बालीडीह थाना को दिया था लापता का आवेदन–**

इधर, देर शाम तक महिला घर नहीं पहुंची, तो परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। लेकिन उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चला। 17 अगस्त को बालीडीह थाना को महिला की गुमशुदगी का आवेदन दिया गया। संयोगवश उसी शाम करीब 6 बजे महिला अस्त-व्यस्त अवस्था में घर लौटी।

इस संबंध में डीएसपी मुख्यालय बोकारो ने बताया कि इस घटना को लेकर तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई। पूछताछ जारी है। मामले की जांच की जा रही है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## होमगार्ड जवानों को पुलिसकर्मियों की तरह वेतन मिलने पर जतायी खुशी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : राज्य सरकार ने होमगार्ड जवानों को पुलिसकर्मियों की तरह ही वेतन देने संबंधी आदेश जारी कर दिया है। इसी खुशी में बोकारो के होमगार्ड जवानों ने रविवार को शहर में रैली निकाली। इस दौरान जवानों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मिठाई खिलायी। साथ ही जमकर नाचे और आतिशबाजी भी की। होमगार्ड जवानों ने सेक्टर-04 मजदूर मैदान से बाजा के साथ रैली की शुरूआत की. यह रैली सिटी सेंटर सेक्टर-04 होकर नयामोड़ पहुंची. झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोशिएशन प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने बताया कि पुलिस कर्मियों की तरह ही कर्तव्य भत्ता दिये जाने का आदेश राज्य सरकार ने जारी कर दिया है। अब 1088 रुपये दैनिक कर्तव्य भत्ता मिलेगा. वहीं, प्रदेश सचिव राजीव तिवारी ने सभी जवानों को बधाई दी है। महिला होमगार्ड चिंता कुमारी, धर्मशीला कुमारी, गीता, ममता ने कहा कि होमगार्ड जवानों रक्षाबधन का उपहार दिया गया है। रैली में जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार द्विवेदी, संजय कुमार, वर्षकार पांडेय, उपेंद्र सिंह, राजेश सिंह, मो मुख्तार, अमित कुमार, सरोज कुमार, संजीव भट्ट, अशुतोष, रंजीत, विजय आदि पुरुष व महिला होमगार्ड जवान शामिल थे।

## हटिया में बकरे की बिक्री में धांधली को रोकने में निगम साबित हो रहा असफल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बाघमारा (धनबाद)** : धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या एक में नगर निगम द्वारा कतरास हटिया का बंदोबस्ती कराया गया है जो वर्ष 2024_25 के लिए मान्य दिया गया है ,लेकिन संवेदक द्वारा मनमानी तरीके से पैसे का उगाही किया जा रहा है युक्त बाते हटिया में पाठा ( मवेशी ) खरीद कर जा रहें लोगों ने बताया कि 10000 हजार के पाठा खरीदने पर 8000 रसीद में लिखकर दे दिया जा रहा है ऊपर से 2% बिना रसीद के 160 रुपया एक्स्ट्रा में लिया जाता है। चार आदमी गोलमाल का खेल में शामिल। पाठा ( मवेशी ) के खरीद बिक्री के खेल में चार आदमी नगर निगम का टेंडर के हवाला देकर लाखों रुपए वसूल रहे हैं जो की इस खेल में १ बेचने वाला , २ खरीदने वाला ३ रसीद खरीदने वाला ४ रसीद काटने वाला का मालिक शामिल है । धनबाद नगर निगम के निर्देश को संवेदक धजिया उड़ा रहे हैं। पाठा (मवेशी) की वजन के हिसाब से 2% लिया जा रहा है । जो की प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है प्रत्येक पाठा के अनुसार शुल्क लिया जाना है, लेकिन संवेदक के गुर्गो द्वारा मनमानी तरीके से पाठा खरीदने आए लोगों से पैसे लिया जा रहा है। वीरू महतो उर्फ गणेश ने समाचार संकलन के दौरान कहा कि पहले मिलकर बात कर लेते , ओकर बाद फोटो खींचते या समाचार बनाते। निगम से ठेका लेकर रख ले हीयो ,कतरास हटिया में हो रही अवैध वसूली के बारे में धनबाद नगर निगम के सिटी मैनेजर रजनीश लाल से पुछे जाने पर उन्होंने गोल मटोल जवाब देते हुए ऑफिस में आकर मिलने की बात कही ।

## महिला चिकित्सक की दुष्कर्म कर हत्या करने के विरोध में कतरास में निकला विरोध मार्च




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कतरास (धनबाद)**: कोलकाता के एक कॉलेज में एक महिला चिकित्सक बहन का बलात्कार कर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी. जिसके विरोध में कतरास के युवा वर्ग ने आज जी एन एम हाई स्कूल मैदान से एक विशाल विरोध मार्च निकाला गया। जिसमे अधिक से अधिक संख्या में महिला पुरुष, बच्चियां शामिल रहे विरोध मार्च में बंगाल सरकार मुदार्बाद,ममता बनर्जी मुदार्बाद, मोमिता के हत्यारे को गिरफ्तार करो, वी वांट जस्टिस जैसे नारे लगाए गए. सभी ने मोमिता के हत्यारे को सजा दिलाने को मांग किए। विरोध मार्च जी एन एम ग्राउंड से निकल कर पूरे कतरास घूमते हुए भगत सिंह चौक पहुंचा। जहां दो मिनट का मौन रखकर मोमिता को भावभीनी आँखों से श्रद्धांजलि दी गई. लोगों ने इस विरोध मार्च के जरिए सरकार को संदेश देते हुए कहा कि अब हमे सहानुभूति नहीं संहार चाहिए। मोमबत्ती नही तलवार चाहिए, शक्ति को मजाक समझने वाले पर, सरे राह लटकाकर प्रहार चाहिए विरोध यात्रा में रितिका कुमारी, प्रियल कुमारी, राशि कुमारी, डॉ मधुबाला, शंकर जायसवाल, डॉक्टर स्वतंत्र कुमार, विनोद रजक, अशोक शर्मा, शक्ति नाथ नियोगी, शैलेंद्र सिन्हा, मुकेश भट्ट, दिलीप तार्वे, बबलू चौरसिया, रिंटू बनर्जी, अंकित राजगढ़िया, बीके रजक, अमन जयसवाल, गणेश मोदक, राहुल राज, चितरंजन कुमार, कार्तिक मोदक, राजेंद्र ठाकुर, आकाश खंडेलवाल, अजय स्वर्णकार, विवेक शरण, प्रिंस लाल, रोहित दे, आशीष पांडे, विवेक ठाकुर, शिवम सिंह, सिद्धार्थ रजक के अलावा सैकड़ो युवा थे।

## लगातार छठी बार एमजीएम स्कूल के खिलाड़ियों ने जीता ओवरऑल चैंपियंस ट्रॉफी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : दो दिवसीय बोकारो जिला जूडो प्रतियोगिता का समापन आज किया गया समापन समारोह के मुख्य अतिथि विवेक सिंह ओएसडी मिनिस्टर ऑफ फाइनेंस निर्मला सीतारमण एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों में श्री जोशी अनूप मिंस स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर ओएनजीसी हुए जूडो संघ के सचिव राजीव सिंह ने कहा लगातार छठवीं बार 361 पॉइंट लेकर एमजीएम स्कूल के खिलाड़ियों ने चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा किया वही 307 पॉइंट लेकर बोकारो स्पोर्ट्स सेंटर जीपीएस ओवरऑल द्वितीय स्थान पर102 पॉइंट लेकर मिथिला पब्लिक स्कूल उपविजेता का प्रथम स्थान पर बोकारो 83 पॉइंट लेकर क्रिसेंट पब्लिक स्कूल द्वितीय स्थान पर तथा23 पॉइंट लेकर लोयोला पब्लिक स्कूल उपविजेता के तृतीय स्थान पर बोकारो जूडो संघ के सचिव राजीव कुमार सिंह ने कहा की प्रतियोगिता को सफल बनाने में ओएनजीसी का महत्वपूर्ण योगदान है साथ ही साथ बोकारो के विभिन्न स्कूलों का योगदान सराहनीय है इससे बोकारो के जूडो खेल प्रेमियों को प्रोत्साहन मिलेगा और एक दिन बोकारो के बच्चे ओलंपिक तक जा सकेंगे और जूडो खेल के प्रसार प्रचार में मदद मिलेगी वही स्कूल के प्राचार्य सूरज शर्मा तथा एमजीएम स्कूल के प्राचार्य जोशी वर्गीस ने बच्चों को अच्छा खेलने प्रेरित किया वहीं प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले स्कूल को अथवा क्लब इस प्रकार है।

## सिल्ली मंडल भारतीय जनता पार्टी की बैठक का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली** : सिल्ली मंडल भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं के द्वारा एक बैठक का आयोजन सिल्ली स्थित दा विजन मैरिज हॉल में किया गया। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के बुथ अध्यक्ष बुथ प्रभारी शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक सहसंयोजक आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित थे। इस बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि नवनिर्वाचित सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष अंबुज रजक का विरोध किया जायेगा बैठक के माध्यम से कार्यकताओं के द्वारा अध्यक्ष पद पर उन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा इस को लेकर एक प्रस्ताव पेश किया गया। वही सिल्ली मंडल के उपाध्यक्ष सुधीर साहु ने कहा कि प्रस्ताव को लेकर हम लोग एक आवेदन सांसद संजय सेठ बाबूलाल मरांडी प्रदीप वर्मा को दिया जाएगा और उनसे अध्यक्ष अंबुज रजक को हटाने को लेकर मांग रखा जाएगा सिल्ली मंडल के अध्यक्ष स्वर्गीय विनोद साहू थे उनका देहांत होने के बाद पद खाली पड़ा हुआ था जिसको लेकर कार्यकताओं के द्वारा अध्यक्ष पद के लिए मंडल पदाधिकारी जिसमें शिवलाल महतो भोलानाथ बेदिया शैलेंद्र बाइक तीनों का नाम जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो को दिया गया था मगर तीनों पदाधिकारी के नाम छोड़कर किसी अन्य नए सदस्य जो जे एम एम एवं खतियान पार्टी छोड़कर आए हैं उनको बना दिया गया है जिसको लेकर हम लोग कार्यकताओं के द्वारा विरोध जताते हैं।

## आंदोलनकारियों को चिन्हित कर विस चुनाव में उम्मीदवार का चयन किया जाएगा : देवेन्द्र नाथ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : रविवार को राजधानी रांची मोराबादी स्थित पाही पैलेस में पिछले कई वर्षों से कई आंदोलन मुख्य रूप से मुख्यमंत्री आवास घेराव, विधान सभा आवास घेराव, राजभवन घेराव, जेपीएससी, जेएसएससी कार्यालय घेराव, ट्विटर अभियान, विधायक सांसद समर्थन प्राप्त अभियान, 24 जिला में धरना प्रदर्शन, झारखंड बंदी के अलावा अन्य आंदोलन ऐतिहासिक सफल होने के बावजूद सरकार द्वारा एक भी प्रमुख मांग पूरा नहीं करने कारण तथा आगे आंदोलन का रूपरेखा एवम विधान सभा चुनाव परिचर्चा विषय पर राज्यस्तरीय संगोष्ठी का का आयोजन किया गया। जिसमें 24 जिला के कार्यकर्ता, डॉक्टर, इंजीनियर, एडवोकेट बुद्धिजीवी शामिल हुए। कार्यक्रम के माध्यम से सर्वसम्मति से निम्न प्रस्ताव को पारित करके जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो को भेजने का निर्णय लिया गया, जो इस प्रकार है। जेबीकेएसएस/जेएसएसयू आंदोलन में सक्रिय आंदोलनकारी को चिन्हित करने के लिए संगठन के अंदर एक आंदोलनकारी चिन्हितीकरण कमिटि का गठन किया जाएगा। विधान सभा उम्मीदवार चयन में आंदोलनकारी चिन्हितीकरण कमिटि द्वारा चिन्हित आंदोलनकारियों को 50% अंक के साथ सर्वोच्च प्राथमिकता दिया जायेगा। 26 अगस्त सोमवार से धरती आबा बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातु से आंदोलनकारी देवेंद्र नाथ महतो अगुवाई में न्याय अधिकार यात्रा सह झारखण्ड नव निर्माण यात्रा निकाला जायेगा। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि अगर 1831 के कोल विद्रोह से विलकिलिशन रूल कानून बना, 1855 के हूल विद्रोह से एसपीटी एक्ट कानून बना, 1895 के बिरसा का उलगुलान से। सीएनटी एक्ट कानून बना तो हमें भी नहीं भूलना चाहिए कि यह धरती बिरसा मुंडा, सिद्धू कान्हु, निलाम्बर पीताम्बर, शक्ति सुनील, निर्मल, वीर बुधु भगत, शेख भिखारी का धरती है हमें भी अपना आंदोलन अंजाम तक जारी रखना है। सके अलावा राज्यस्तरीय संगोष्ठी में उपाध्यक्ष संजय मेहता, महिला मोर्चा अध्यक्ष पार्वती कुमारी महतो, महासचिव राजकिशोर महतो, सचिव संजय महतो, संजीत कुमार, कमलेश चौधरी, डॉ अभिषेक, डॉ विकाश, राकेश , गोपेश्वर, पुष्पा कुमारी, चंदन , योगेश चन्द्र भारती के अलावा अन्य सैकड़ों उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्राओं ने सांसद ढुल्लू महतो एवं शत्रुधन महतो के साथ मनाया रक्षा बंधन उत्सव



**कतरास (धनबाद)**: आज डूमरा में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण जनजागृति ऑगेर्नाइजेशन में अध्ययनरत छात्राओं ने धनबाद सांसद माननीय ढुल्लू महतो एवं सांसद प्रतिनिधि शत्रुधन महतो के साथ रक्षा बंधन उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि मैं सभी बहनों को विश्वाश दिलाता हूं कि मैं आपके रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहूंगा । और आपके हर कदम पर साथ खड़ा रहूंगा और आपके लिए एक सच्चे भाई की तरह रहूंगा । उन्होंने सभी बहनों से आग्रह किया की सभी अपने जीवन को सशक्त बनाने के लिए कार्य करें। मैं आने वाले समय में महिला सशक्तिकरण पर बहुत कार्य करूंगा। रक्षाबंधन कार्यक्रम में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि शरद महतो ने सभी छात्र, छात्राओं को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर आशीर्वाद प्रदान किया। मौके पर सम्पूर्ण जनजागृति ऑगेर्नाइजेशन के संस्थापक प्रेम कुमार , सुबोध कुमार, जूही कुमारी, प्रतिमा कुमारी, पूनम कुमारी सहित दर्जनों छात्राएं शामिल थे।

### युवक ने कीटनाशक पदार्थ खाकर की आत्महत्या



**गुमला** : गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो थाना क्षेत्र के अमलिया अंबा टोली निवासी युवक 23 वर्षीय सुभाष उरांव ने किया किटनाशक पदार्थ का सेवन इलाज के क्रम में गुमला सदर अस्पताल में हुई मौत, मृतक की पत्नी ने बताया की। शनिवार को वह और उसकी पत्नी अपने घर के पास स्थित नदी के पास बैठे थे। फिर पत्नी चली गई और जब वापस आयी तो उसका पति अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। जिसे आनन–फानन में इलाज के लिये, भरनो उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के क्रम में सुभाष उरांव की मौत हो गई, उक्त सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेजवाया गया और उक्त शव को शीतगृह में रखवाया गया और आज पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, पुलिस उक्त मामले को गहराई से छानबीन और पुछताछ शुरू कर दी हैं।

### आर्थिक शोषण से मुक्ति दिलाने की खुशी मे बि के चौधरी को अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर किया गया सम्मानित



**बोकारो** : पावर प्लांट मे काम करने बाले दर्जनो ठेकाकमीर्यों को लम्बे जद्दो जेहाद के बाद आर्थिक शोषण से मुक्ति दिलाने के खुशी मे प्रभावित ठेकाकमीर्यों ने आज जय झारखंड मजदूर समाज कार्यालय सेक्टर–9 मे युनियन के महामंत्री बि के चौधरी को अंग वस्त्र और फूल माला एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपाध्यक्ष यू सी कुम्भकार, संयुक्त महामंत्री एस के सिंह, कार्यालय मंत्री आर बी चौधरी, शशिकांत, बी एन तिबारी ,जितेन्द्र कुमार सिंहासन एवं अन्य नेतागण एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। अपने थोड़े से सम्बोधन मे बि के चौधरी ने कहा कि जो भी आर्थिक शोषण से मुक्ति के लिए जय झारखंड मजदूर समाज के पास आ रहा है उसके लिए युनियन पूरे इमानदारी के साथ इन्जीनियर इन्चार्य और मुख्य महाप्रबंधक से बाद बिबाद के बाद आर्थिक शोषण से मुक्ति करबाने मे सफलता प्राप्त किया है । इस भूमिका मे बोकारो स्टील प्लांट के डायरेक्टर, ईन्चार्य बी के तिबारी,अधिशासी निदेशक राजन प्रसाद का साथ लगातार मिल रहा है जिसके लिए वे धन्यवाद के पात्र है और उन्हें ठेकाकमीर्यों का शुभकामनाऐं भी मिल रहा है । साथ साथ ठेकाकमीर्यों को भी संदेश दिया की आर्थिक शोषण मुक्ति के बाद और भी अनुशासन के साथ उत्पादन मे अपनी भूमिका का निर्बाहन करें ।

### नहर की सफाई में किसानों द्वारा किया गया श्रमदान



**सिल्ली**: सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार के दिन लोटा किता नहर की सफई आम ग्रामीण किसानों के द्वारा श्रमदान से की गई। जिसमें विकाश महतो,शत्यावन महतो, लंबू महतो,रवि लाल महत मास्टर, सुभाष महतो, गौर महतो मंटू महतो,ओना महतो,बुधु महतो, सुभाष पाण्डेय,उपेंद्र महतो,सुनील महतो, मंगल महतो भृगु राम महतो मास्टर, अजीत महतो, मनकू महतो,अरबीन महतो,राजेन महतो, दीगम महतो तुलसी महतो, सुभाष महतो जीतू महतो, युगल किशोर महतो,राम प्रसाद महतो, संदीप महतो, राजेन महतो, कार्तिक चन्द्र महतो, खगेन मुंडा एवम लोटा, मोदीडीह, गढ़ापार, केंदवाडीह, हेरलाबेड़ा, सुरगुंजाडीह इत्यादि गांवों के ग्रामीण उपस्थित थे।

### वज्रपात से पांच बकरियों की मौत



**सिल्ली**: सिल्ली प्रखंड अंतर्गत पंचायत बंता हजाम दक्षिणी के हजाम गांव में लगभग 10 :30 बजे वज्रपात से मौके पर ही गरीब आदिवासी किसान बुद्धदेव पातर मुंडा जी का पॉच बकरियों की मौत हो गयी। बकरियों की मौत से पुरे परिवार में मातम छा गया क्योंकि किसान अपने मवेशियों को अपने बच्चों की तरह ही पालन पोषण करते हैं एवं लगाव रखते हैं। पीड़ित किसान ने पंचायत के मुखिया गंगानारायण सिंह मुंडा को सूचना दिये। सूचना मिलते ही मुखिया जी पीड़ित किसान से मिले और घटना स्थल पर जाकर जायजा लिए और तुरन्त अंचल अधिकारी सिल्ली से बात किये एवं पीड़ित किसान को आश्वासन दिये कि विभाग की ओर से मुआवजा दिलाया जाएगा। मौके पर ग्रामीण मौजूद थे एवं ग्रामीण राधे मुंडा का कहना है कि बुद्धदेव पातर मुंडा गरीब और छोटा किसान है एवं वे परिवार के भरण पोषण के लिए थोड़ा बहुत खेती बाड़ी एवं प्राईवेट कम्पनी से लोन लेकर बकरी पालन करते है इसलिए उन्हें मुआवजा मिलना चाहिए।

## बिजली की तार के चपेट में आने से किशोर झुलसा



साहिबगंज : तालझारी थाना क्षेत्र बेलदारचक में 33 हजार बिजली तार के चपेट में आने से एक किशोर तोहिद अंसारी गंभीर रूप से झुलस गया जिसके बाद किशोर को आनन फानन में परिजनों की मदद से बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के द्वारा इलाज किया गया। इसको लेकर किशोर के पिता मो. अनवर अंसारी ने बताया कि उनक पुत्र छत पर जा रहा था जहां घर के ऊपर से गुजरे 33 हजार वोल्ट के बिजली तार के संपर्क में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। फिलहाल किशोर का सदर अस्पताल में इलाज जारी है।

# फेयर प्राईस डीलर एसोसिएशन ने विभिन्न मांगों को लेकर की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : फेयर प्राईस डीलर एसोसिएशन, साहिबगंज ईकाई द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर बैठक बुलाई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा ने की। उन्होंने कहा कि संगठन की प्रमुख मांग है कि पूर्व की भांति कमिशन का भुगतान सीधे लाभुक से लेने का आदेश फिर से लागू हो, पहले की तर्ज पर, लाभुको को उसके खाते में सब्सिडी दी जाय, 5जी कनेक्शन उपकरण उपलब्ध कराया जाए, इलेक्ट्रॉनिक तराजू के खराब होने पर मरम्मती का पैसा फ्री हो।



वही गोदाम से खाद्यान्न का बोरा छोड़कर 50 किलोग्राम खाद्यान्न वजन कर देने एवं ईपोस मशीन में लगने वाली पेपर, विभाग द्वारा देने, डीलरों को दुकान का भाड़ा देने, ईपोस मशीन एवं इलेक्ट्रॉनिक तराजू को चार्ज करने के लिए विद्युत कनेक्शन देने, डीलरों को डीएसडी द्वारा सही वितरण स्थल तक सही-सही नाप कर पहुचाना और डीलरों पर वाहन चालक एवं श्रमिक द्वारा वितरण स्थल तक खाद्यान्न उपलब्ध कराने के बाद अनावश्यक पैसे मांगने पर रोक लगाना। वहीं मौके पर महेंद्र पासवान, राजेंद्र शाह ,संतोष शाह, विमल गुप्ता अब्दुल हन्नान, कैलाश यादव, मनोज चौधरी, निधि एसजी, सुशीला देवी, गौतम यादव ,संगीता, शंभू यादव,संजय मंडल, विनोद सिंह, जनार्दन रविदास, निधि एसजी ,भगवान जोशी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड का विकास आजसू ही कर सकती है : पारसनाथ उरांव



अनगड़ा : खिजरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गेतलसूदआज 18 अगस्त गेतलसूद पंचायत में ग्राम प्रभारी विक्की नायक जी की अध्यक्षता में आजसू पार्टी युवाओं का एक बैठक रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा आजसू पार्टी युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए कई कार्यक्रम पंचायत स्तर पर चलाते रहते हैं जैसे खेल कूद से जुड़ी कार्यक्रम,महिलाओं की स्किल डेवलपमेंट,युवा आजसू के माध्यम से और भी कई बेहतर कार्य राज्य स्तर पर सरकार को आईना दिखाने काम विधानसभा स्तर पर चल रही है इस बार विधानसभा चुनाव में युवाओं का भूमिका महत्वपूर्ण होगा जो राज्य में सरकार बनाने में काफी योगदान भी होगा अब राज्य में विकास के लिए आखरी उम्मीद आजसू पार्टी ही है। इस मौके पर सूरज नायक,रवि नायक, सूरज ठाकुर, संजय नायक, दिलीप नायक, अर्जुन ठाकुर, रवि नायक,अजय ठाकुर, आदि शामिल थे।

### युवा आक्रोश रैली के निमित भाजपा की हुई बैठक



चैनपुर : भारतीय जनता पार्टी चैनपुर मंडल की बैठक स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में अध्यक्ष बुधराम नायक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 23 अगस्त को युवा आक्रोश रैली के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास घेराव कार्यक्रम को सफल बनाना है। बैठक से पूर्व चैनपुर मंडल के सभी बूथों से आये बूथ अध्यक्षों सहित तमाम उपस्थित लोगों ने नव मनोनित अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया और बधाइयां दी। साथ ही इस कार्यक्रम के निमित जिला से आए प्रभारी जगेश्वर सिंह को भी पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। मंडल अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में प्रायोजित कार्यक्रम युवा आक्रोश रैली को आप सबों के अथक प्रयास से सफल बनाना है। इस निमित मंडल अंतर्गत सभी शक्ति केंद्रों में न्यूनतम दस से पंद्रह जगहों पर दिवाल लेखन करना और रांची जाने हेतु सभी शक्ति केंद्रों पर प्रभारी नियुक्त करना है। बैठक में आगामी 25 तारीख को मोदी जी की मन की बात भी प्रत्येक बूथ पर सुनना सुनिश्चित हुआ साथ ही उसके पश्चात सरल एप्प के माध्यम से उसे अपलोड करने की भी बात कही गई। बैठक का संचालन सह धन्यवाद ज्ञापन अमित किशोर पाण्डेय ने किया। वहीं बैठक में मुख्य रूप से नीरज शर्मा शशि भूषण प्रसाद सिंह मधुसूदन साव दीपक रजक अरविंद मौर्य विक्की साहू गुलाब साय सहावीर गोप विवेक सिंह कलेश्वर लोहरा सीताराम मुंडा शंकर नायक शिवा नायक राजेंद्र यादव मनोहर साहू अरुण सिंह रुक्मणि देवी संगीता देवी अनीता देवी इला देवी मंजू देवी चंद्र किरण देवी अनुराधा देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### चौकीदार संवर्ग नियुक्ति परीक्षा कदाचार मुक्त हुआ संपन्न



सरिया(गिरिडीह) : चौकीदार संवर्ग नियुक्ति परीक्षा सरिया में रविवार को कदाचार मुक्त संपन्न हुआ। जिसमें कल 1493 अभ्यर्थियों में 1275 लोगों ने परीक्षा लिखी जबकि 218 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे .इस संबंध में इस संबंध में बताया जाता है कि उक्त परीक्षा को सुसंपन्न कराने के लिए सरिया में चार परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमें प्लस टू एसआरएसएसआर उच्च विद्यालय सरिया के केंद्राधीक्षक खूबलाल पंडित ने बताया कि उक्त विद्यालय में 418 अभ्यर्थियों में 374 में परीक्षा लिखी। जबकि 44 अनुपस्थित रहे। वहीं इंटर कॉलेज सरिया के केंद्राधीक्षक मनोज कुमार पांडेय के अनुसार कुल 135 अभ्यर्थियों में 121 उपस्थित हुए। जबकि 14 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं संत मैरी पब्लिक स्कूल के केंद्राधीक्षक दिनेश प्रसाद यादव ने बताया कि इस परीक्षा केंद्र में 498 परीक्षार्थियों में 406 लोगों ने परीक्षा लिखी। जबकि 92 अनुपस्थित रहे। वहीं एसआरके डीएवी पब्लिक स्कूल सरिया के केंद्राधीक्षक आरके सिंह ने बताया कि वहां 442 अभ्यर्थियों में 68 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जबकि 374 अभ्यर्थियों ने परीक्षा लिखी। उक्त नियुक्ति परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने हेतु पर्याप्त मात्रा में विकसित लगाए गए थे। वहीं दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई थी। इस संबंध में अंचल अधिकारी सह दंडाधिकारी सरिया संतोष कुमार ने बताया कि परीक्षा केंद्रों में एस डी एम सरिया विपिन कुमार दुबे,फ्लाइंग मजिस्ट्रेट के रूप में बगोदर बीडीओ सुनील वर्मा,स्टेटिक मजिस्ट्रेट संतोष कुमार,मनीष कुमार मंडल आदि नियुक्त किए गए थे। सभी अभ्यर्थियों ने सीसीटीवी कैमरा के निगाह में शांतिपूर्ण ढंग से कदाचार मुक्त परीक्षा लिखी। इस परीक्षा को शांतिपूर्ण से संपन्न कराने में सभी प्रति नियुक्त शिक्षकों/कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

### किसानों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण



ईचागढ़ : कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के परगामा पंचायत अन्तर्गत परगामा गांव में परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत ऑर्गेनिक फार्मिंग अथॉरिटी ऑफ झारखंड के बैनर तले के. एन. बायोसाइंस प्राइवेट लिमिटेड रांची के द्वारा किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से बताया गया कि किसान जैविक खेती करके अपनी भूमि को लंबे समय तक उपजाऊ बनाकर टिकाऊ खेती कर सकते हैं। साथ ही साथ कम लागत में उत्पादन ,अधिक मुनाफा कमा सकते हैं ।जैविक उत्पाद का प्रयोग अपने भोजन के रूप में करके हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं। वहीं जैविक खेती करने का तोर तरीका बताया गया। इस अवसर पर किसानों को प्रशिक्षण देते हुए मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार ने कहा की जैविक खेती एक शून्य बजट का खेती है ,इससे हम अपने गांव में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों से कई प्रकार के खाद कीटनाशक टॉनिक का निर्माण कर अपने खेतों में प्रयोग कर सकते हैं ।

## पानी में डूबने से डेढ़ साल की मासूम बच्ची की हुई मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामपुर बलुआ टोला निवासी श्रवण सिंह की डेढ़ साल की मासूम पुत्री लक्ष्मी कुमारी की बाढ़ के पानी मे डूबने से मौत हो गई। जहां इसको लेकर श्रवण सिंह ने बताया की रामपुर बलुआ टोला में बाढ़ का पानी पूरा भरा हुआ है। वही वे लोग घर में मचान बनाकर रह रहे है जहां उनकी पत्नी बगल में पानी लाने के लिए गई हुई थी इस दौरान अचानक उनकी मासूम बच्ची लक्ष्मी कुमारी मचान से गिरकर बाढ़ के पानी में डूब गई। उधर जब उसकी पत्नी पानी लेकर आई तो देखा की मचान पर उसकी डेढ़ साल की बेटी नहीं है जहां काफी खोजबीन करने पर पता चला की मचान से नीचे गिरकर बाढ़ के पानी में डूब गई है। वही आनन फानन में सदर अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने जांच पड़ताल करने के बाद उसकी मासूम बच्ची को मृत घोषित कर दिया। उधर सदर अस्पताल प्रबंधन ने घटना की जानकारी जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए मासूम बच्ची के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने की प्रक्रिया में जुट गई है।

# चैनपुर में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चैनपुर : आदिवासी एकता मंच के बैनर तले रविवार को विश्व आदिवासी दिवस चैनपुर बरवे मैदान में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में चैनपुर एवं जारी प्रखंड से लोग एकत्रित हुए। सर्वप्रथम अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर मालअर्पण कर अतिथियों को आदिवासी पारंपरिक तरीके से नाचते गाते स्वागत कर मंच तक लाया गया एवं तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। विभिन्न गांव से पहुंचे कई नृत्य मंडलियों के द्वारा पारंपरिक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किए गए। वही कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जिप सदस्य मेरी लकड़ा के द्वारा अंग वस्त्र पारंपरिक आदिवासी गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने आदिवासी समाज को एकजुट करने बच्चों को शिक्षित



करने एवं गांव के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाने के साथ समाज में फैली बुराइयों को दूर करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत विशिष्ठ अतिथि सुनील केरकेट्टा, मरियानुस तिग्गा, जीप सदस्य चैनपुर मेरी लकड़ा, जीप सदस्य जारी दिलीप बड़ाइक, कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतू उरांव उपस्थित हुए। आदिवासी दिवस के अवसर पर सुशील दीपक मिंज ने स्वागत भाषण देते हुए आदिवासी समुदाय की गरिमा और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा आदिवासी हमारे देश की आत्मा हैं उनकी संस्कृति और परंपराएं हमारी अमूल्य धरोहर हैं। आज के दिन हम आदिवासियों के योगदान को सलाम करते हैं और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सुखदेव भगत ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जल जंगल जमीन की जब भी बात होगी वहां आदिवासियों की बात होनी ही है। आदिवासी शुरू से ही जल जंगल व जमीन की रक्षा करते रहे हैं। जब तक हम अपनी संस्कृति को बचाकर नहीं रखेंगे तब तक हम आगे नहीं बढ़ पाएंगे।

## पूर्व सांसद ने किया ऑप्टिकल दुकान का उद्घाटन



अनगड़ा : गोंदली पोखर चौक प्रसिद्ध चिलदाग स्कूल रोड स्थित शांति ऑप्टिकल का रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने विधिवत फीता काट कर उद्धघाटन किए। चौधरी ने कहा कि गोंदली पोखर चौक में इस तरह का दुकान खुलना बहुत खुशी की बात है चुकी चस्मा बनाने के लोगो को शहर की ओर जाना पड़ता था मौके पर सुरेंद्र महतो रांची जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश साहू सिकेंदर अंसारी सुरेश महतो प्रोप्राइटर दिलीप खत्री आदि शामिल थे।

# पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह ने ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग की पूरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

ईचागढ़ : ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र के नदिसाई के वर्षो पुरानी मांग रविवार को पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह ने पूरी की। इससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। दरअसल पिछले कई वर्षो से गंभीर पेय जल संकट से जूझ रहे नदीसाई के ग्रामीण इस समस्या से छुटकारा पाने के लिये स्थानीय विधायक से लगातार गुहार लगाकर थक चुके थे, लेकिन उन्होंने सुधि नहीं ली। अंततः ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह के पास लोग पहुंचे और जलसंकट के समाधान की मांग की। इस पर अरविंद सिंह ने मात्र एक सप्ताह में ही चापाकल लगवा दिए। चापाकल का उद्घाटन रविवार को अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह के भजीते अंकुर सिंह ने नारियल फोड़कर और अगरबत्ती जलाकर किया। नदिसाई में चापाकल लग जाने से गांव के लोगों के खुशी का ठिकाना नहीं था। उन्हें लग रहा है कि उनकी एक बड़ी समस्या का समाधान हो गया है। नदिसाई गांव के गौतम कुंभकार ने कहा कि गांव के लोग पहले स्थानीय विधायक के पास भी समस्या को लेकर गए थे। नहीं सुनने पर वे ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह के पास गए थे। उन्होंने समस्या का नाम सुनते ही समाधान कर दिया। चापाकल का उद्घाटन होते ही गांव के लोगों ने मलखान सिंह जिंदाबाद के जमकर नारे लगाए। ग्रामीणों ने कहा कि नदिसाई पुल और सड़क भी मलखान सिंह की ही देन है। इस बीच ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग भी आज मलखान सिंह ने ही पूरी की।

## आजसू पार्टी के वरीय उपाध्याच प्रकाश लकड़ा ने पार्टी से दिया इस्तीफा



अनगड़ा : नामकोम आजसू पार्टी के वरीय अपाध्यच प्रकाश लकड़ा ने विभिन्न कारणों से अपने पद व पार्टी से त्याग पत्र दिया प्रकाश लकड़ा ने बताया कि मै विगत कई वर्षों से आजसू पार्टी का एक सच्चा सिपाही बनकर काम करते रहा लेकिन आज की तारीख में जो पार्टी से उम्मीद थी कि आजसू पार्टी का सिद्धांत ए वम झारखंड के प्रति जो आंदोलनकरियो और सहिदो ने जो सपना देखा था उस सपने का पूरा ना होना और झारखंड में स्थानीय नीति नियोजन नीति पलायन बेरोजगारी एवम विस्थापन जैसी ज्वलंत मुद्दों पर पार्टी का मुखर ना होना झारखंड के युवाओं के जन भावनाओ का सम्मान नहीं मिलना रोजगार और जो सम्मान मिल ना चाहिए। वो नहीं मिलता इन्हीं सब कारणों से पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं।

## चोगाटांड़ गांव में मादा हाथी की मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

ईचागढ़ : सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुटाम टोला चोगाटांड़ गांव में एक मादा हाथी की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई है। रविवार की सुबह एक मृत मादा हाथी की मृत्यु की सुचना मिलते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोग अगरबत्ती जलाकर व पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना करते भी देखे गए। वहीं ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दिया। सुचना मिलते ही वन क्षेत्र पदाधिकारी मैनेजर मिर्धा, चिकित्सा पदाधिकारी डा0 हरेलाल महतो, थाना के एएसआई मनिंदर सिंह मौके पर पहुंचे व मृत हाथी का मुआयना किया। पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा0 हरेलाल महतो, विष्णु शरण महतो व टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद जेसीबी मशीन से वहीं पर गढ्ढा खोदकर दफनाया गया। वन कर्मियों का हड़ताल के चलते वन विभाग के वन कर्मी नदारद रहे । क्षेत्रीय वन रक्षी कैलाश महतो अपने स्वविवेक से जरूर पहुंचे व मृत हाथनी का मुआयना कर आला अधिकारियों को सुचित किया। वहीं वन क्षेत्र पदाधिकारी मैनेजर मिर्धा ने कहा कि हाथनी का उम्र करीब 15 से 20 वर्ष है। हालांकि मृत्यु का कारण बताने में असमर्थता जाहिर किया। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद के बाद ही इस संबंध में कुछ भी कहा जा सकता है। करीब डेढ़ साल पहले भी कुटाम जंगल में एक हाथी की मौत हो गई थी ।करीब 4 वर्ष पूर्व पिलीद जंगल में भी एक हाथी की मौत हो गई थी। 9 जुन को कुकडु के लेटेमदा में रेल हादसे में एक हाथी की मौत हो गई थी। जुगीलोंग में एक नवजात हाथी,सापारूम में एक हाथी व सीरूम जंगल में एक हाथी की मौत हो चुकी है। वहीं नीमडीह के अंडा गांव में कुआं में गीरने से एक हाथी की मौत हो गई थी।

## तस्करों के चंगुल से पांच नाबालिग बच्चों को कराया गया मुक्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : मालदा रेल खंड अंतर्गत बरहरवा स्टेशन से जीआरपी द्वारा दो बाल तस्करों को पकड़ा गया पांच नाबालिक बच्चों को उसके चंगुल से मुक्त कराया गया। मामले से संबंधित जानकारी देते हुए जीआरपी थाना प्रभारी बिमल रंजन तिग्गा ने बताया कि बीती शनिवार की रात्रि फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन में बरहरवा जीआरपी के एस आई रामेश्वर किस्कु के नेतृत्व में एवं मंथन के सामाजिक सामुदायिक कार्यकर्ता को सूचना प्राप्त हुई थी कि फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन से नाबालिक बच्चों को मजदूरी करने के लिए बरहरवा स्टेशन से दूसरे जगह ले जाया जा रहा है। बहरवा स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही जीआरपी पुलिस द्वारा ट्रेन के डिब्बो में संघन जांच अभियान चलाया गया। जहां दो बाल तस्करो को पकड़ा गया और उसके चंगुल से पांच नाबालिक बच्चों को मुक्त कराया गया। गरीब परिवार के बच्चों को अच्छी कमाई और सुविधाओं का लालच देकर दूसरे राज्यों में मजदूरी कराने ले जाते है और वहां उन बच्चों को काम के बदले बहुत कम पैसा तो दिया जाता ही है साथ ही उनसे काम भी ज्यादा लिया जाता है। वही नाबालिक बच्चे रांगा थाना, पाकुड़ थाना, बरहेट थाना क्षेत्र से है। वहीं पुलिस द्वारा पूछताछ में तस्करों ने भी अपने आप को पाकुड़ जिला का रहने वाला बताया। जिसके बाद बाल कल्याण समिति के निदेर्शानुसार सभी बच्चों को साहिबगंज लाकर बाल गृह में रखा गया।

# कोलकाता में जूनियर डॉ. दुष्कर्म मामले में अभाविप ने फूंका ममता बनर्जी का पुतला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : पश्चिम बंगाल के कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त की रात एक जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला सामने आया था जिसको लेकर देश के हर कोने से आक्रोश सामने आ रहा है। वही सभी शहरों में छात्र छात्राएं एवं सभी डॉक्टर इस शर्मनाक घटना का पुरजोर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उधर कई अस्पतालों में डॉक्टर हड़ताल में चले गए हैं। इसी घटना को देखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद साहिबगंज इकाई द्वारा छात्र आक्रोश मार्च निकाला गया साथ ही साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का छात्रों के द्वारा पुतला दहन किया गया। वही विद्यार्थी परिषद के प्रांत छात्रा सह प्रमुख सुनिधि कुमारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल में अनेकों




माह से महिला सुरक्षा से संबंधित घटनाएं हो रही है। ऐसे दुष्कर्मों में संलिप्त लोगों को बचाने का प्रयास पश्चिम बंगाल की ममता सरकार कर रही है। वही टीएमसी के गुंडों द्वारा भी ऐसे अनेकों दुष्कर्म पूर्व में किए गए परंतु उनके विरुद्ध में कोई भी कार्यवाही ममता सरकार द्वारा अब तक नही की गई है। पश्चिम बंगाल में हो रही यह घटनाएं मानवता को शर्मसार करने वाली है जहां यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस देश के अंदर क्षेत्र देखकर बलात्कार पर गंदी राजनीति की जाती है आज इस घटनाक्रम पर पूरा विपक्ष मौन है। वही जिला संयोजक संजय दत्ता व नगर मंत्री अविनाश साह ने संयुक्त रूप से कहा कि पीड़िता बहन को न्याय दिलाने एवं देश में महिला सुरक्षा पर कड़ी कानून बनाने के मांग को लेकर साहिबगंज अभाविप साहिबगंज महाविद्यालय से स्वामी विवेकानंद चौक तक विरोध प्रदर्शन छात्रों के द्वारा आक्रोश मार्च निकाला गया।जिसमे जिसमें अनेक छात्र छात्राओं ने पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए अपनी आवाज को बुलंद किया। आगे न्याशा भारती ने कहा कि हम सभी छात्राएं राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार से यह मांग करते हैं कि जल्द से जल्द पीड़िता जूनियर डॉक्टर को न्याय मिले व दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले एवं देश के अंदर बलात्कार के अपराध पर फांसी जैसे कड़े कानून बनाया जाए। वही जिला संयोजक संजय दत्ता ने बताया कि यदि जल्द से जल्द दोषियों को सजा नहीं होती है तो विद्यार्थी परिषद आगे चरणबध आंदोलन पर बाध्य होगी। इस आक्रोश मार्च में मुख्य रूप से प्रांत संगठन मंत्री निलेश कटारे, पायल, अदिति, पूजा, लायला, मेघा कुमारी, नमिता, निधि, सिवनी, अभिनाश, चंदन, अंकुश, अभिषेक, अमन, इंद्रोजीत एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रक्षाबन्धन पर्व से जीवन में सीख



डॉ. शारदा मेहता

वर्तमान समय परिवर्तन का युग है। अनेक बहिनें विदेशों में निवास करती हैं। कई भाई भी विदेशों में रहते हैं। वे सभी डिजिटल राखियाँ एक-दूसरे को भेजकर इस त्योहार की औपचारिकता पूर्ण करते हैं। सीमित परिवारों में या तो दो बहनें होती हैं या दो भाई होते हैं। कुछ परिवारों में एक भाई एक बहन होते हैं। दो बहनें एक-दूसरे को रक्षा सूत्र बाँध कर एक-दूसरे की रक्षा का वचन ले सकती हैं। इसी प्रकार दो भाई भी एक-दूसरे को राखी बाँधकर इस त्योहार का आनन्द ले सकते हैं और आजीवन एक-दूसरे की सहायता कर सकते हैं।

भाई-बहन के पवित्र स्नेह का प्रतीक रक्षाबन्धन का त्योहार भारतीय संस्कृति के प्रमुख त्योहारों में माना जाता है। श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन बड़े हर्ष के साथ इस पर्व को मनाया जाता है। इस पूर्णिमा को श्रावणी पूर्णिमा तथा नारियल (नारेली) पूर्णिमा भी कहते हैं। पुरुषों द्वारा गले में धारण किए जाने वाला पवित्र धागा जिसे यज्ञोपवीत कहते हैं श्रावणी पूर्णिमा के दिन बदल कर उसके बदले में पूजन कर नई यज्ञोपवीत धारण की जाती है। नदी आदि पवित्र स्थानों पर सामूहिक रूप से इसे बदलने का कार्यक्रम पंडितों द्वारा आयोजित किया जाता है जहाँ विधिपूर्वक पूजन कर इसे धारण किया जाता है। घरों में भी पूजन विधि पूर्ण कर इसे पहना जाता है। बाजार में पूजन सामग्री विक्रेताओं के यहाँ यज्ञोपवीत आसानी से उपलब्ध हो जाती है।




रक्षाबंधन का त्योहार कब से प्रारंभ हुआ इस विषय में विभिन्न पौराणिक ग्रंथों में भिन्न-भिन्न कथाएँ पढ़ने को प्राप्त होती है। किस कथा को आधार मान कर यह पर्व अस्तित्व में आया इस विषय में विद्वानों में मतैक्य नहीं है। इस लेख में कुछ प्रचलित कथाओं का संक्षेप में वर्णन किया जा रहा है।

१. इन्द्र की कथा- देवराज इन्द्र की राजा बलि से युद्ध में रक्षा करने के लिए उनकी पत्नी शची (इन्द्राणी) ने एक रक्षा सूत्र तैयार किया और उसे इन्द्र की कलाई पर बाँध दिया। तभी से रक्षा सूत्र बाँधने की परम्परा अस्तित्व में आई। इस कथा के आधार पर राखी, पत्नी ने पति को युद्ध में जीत दिलाने की शुभेच्छा से बाँधी थी। कुछ विद्वानों का मत है कि इन्द्राणी ने रक्षा सूत्र तैयार किया और किसी श्रेष्ठ ब्राह्मण ने इन्द्र की कलाई पर इसे बाँधा।

२. श्रीकृष्ण द्रौपदी कथा- युद्ध में एक बार श्रीकृष्ण की अंगुली में चोट लगने से रक्त बहने लगा। उपचार का कोई साधन उपलब्ध नहीं था अतः द्रौपदी ने अपनी साड़ी के पल्लू को फाड़कर एक पट्टी निकाली और उसे श्रीकृष्णजी की अँगुली में बाँध कर रक्त का बहना रोक दिया। पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार तभी से भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बाँधने की परम्परा प्रारंभ हुई। बहिन द्रौपदी ने भाई श्रीकृष्ण की रक्षा की थी इसलिए जब भरे दरबार में द्रौपदी का चीरहरण किया जा रहा था तब मन ही मन द्रौपदी ने श्रीकृष्ण का स्मरण किया था, श्रीकृष्ण ने अदृश्य रूप से दरबार में द्रौपदी की रक्षा की थी। तभी से रक्षा बन्धन का त्योहार मनाया जाने लगा।

३. लक्ष्मीजी और राजा बलि की कथा- एक बार भगवान विष्णु ने दैत्यराज बलि की परीक्षा लेने का सोचा। वे वामन अवतार धारण कर उनके राज्य में गए। इस अवसर में विष्णुजी ने बौने ब्राह्मण का रूप धारण किया। कहा जाता है कि उनकी ऊँचाई केवल बावन अंगुल की थी। राजा बलि ने उनके दरबार में आये ब्राह्मण का स्वागत सत्कार किया, उन्हें सम्मानित किया। वामन अवतारधारी विष्णुजी ने बलि से तीन पग भूमि दान देने को कहा। राजा बलि ने सोचा यह ब्राह्मण बोना है अतः तीन पग भूमि छोटे कदम के नाप से कम ही होगी, अतः उन्होंने ब्राह्मण की याचना स्वीकार कर ली। दैत्य गुरु शुक्राचार्य ने राजा बलि से ब्राह्मण को भूमि देने से इंकार किया, परन्तु राजा बलि तो संकल्प ले चुके थे। वामन भगवान ने दो पग में ही सम्पूर्ण लोकों को नाप लिया तो राजा बलि ने तीसरे पग के लिए अपना स्वयं का सिर रख दिया और भगवान वामन (विष्णुजी) से प्रार्थना की कि आप मेरे साथ पाताल लोक चलें। सरल हृदय विष्णुजी ने राजा बलि की प्रार्थना के स्वीकार कर लिया और पाताल लोक को चले गए।

खोजने पर लक्ष्मीजी को ज्ञात हुआ कि भगवान पाताल लोक में गए हैं। वे चिंतित रहने लगी। पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार नारद मुनि ने लक्ष्मीजी को उदास देख कर सलाह दी कि राजा बलि के हाथ में रक्षा सूत्र बाँध कर उन्हें अपना भाई बना लें और उनसे विष्णु भगवान प्राप्त कर लें। लक्ष्मीजी पाताल लोक गईं और राजा बलि के हाथ में रक्षा सूत्र बाँधकर उन्हें अपना भाई बना लिया। रक्षा सूत्र बाँध कर लक्ष्मीजी ने अपने भाई से भगवान विष्णु को माँग लिया। विष्णुजी ने राजा बलि को वचन दिया कि प्रतिवर्ष चार मास के लिए वे पाताल लोक में निवास करेंगे। तभी से हिन्दू पंचांग के अनुसार देवशयनी एकादशी से लेकर देव प्रबोधिनी एकादशी तक विष्णु भगवान पाताल लोक में रहते हैं। इन चार मास में कोई भी मांगलिक कार्य नहीं होता है। कहा जाता है कि चित्तौड़गढ़ की रानी कर्णावती ने भी हुमायूँ को जो कि दिल्ली का सम्राट था, उसके लिए राखी भेजी थी।

इन्द्राणी (शची) ने स्वनिर्मित रक्षा सूत्र पति (इन्द्र) को युद्ध में विजय प्राप्ति होने के लिए उनकी कलाई पर बाँधा था। यह कथा इस बात की पोषक है कि पत्नी भी पति की रक्षा के लिए तत्कालीन परिस्थितियों में राखी बाँध सकती थी। पति और पत्नी एक-दूसरे के पूरक होने के साथ ही आजीवन एक-दूसरे के संकट के समय सहायता करते हैं। अतः रक्षा सूत्र बाँधने की यह परम्परा उचित प्रतीत होती है। लक्ष्मीजी ने भी राजा बलि के हाथों में रक्षा सूत्र बाँधकर अपने पति भगवान विष्णु को राखी के उपहार स्वरूप माँग लिया और उन्हें पाताल लोक के बन्धन से मुक्त करवाया। भगवान श्रीकृष्ण ने भी द्रौपदी द्वारा बाँधी गई साड़ी की पट्टी से अँगुली से खून बहने को रोका। उन्होंने चीरहरण के समय द्रौपदी की रक्षा की। रक्षा सूत्र भाई बहिन के स्नेह का प्रतीक तो है ही, संकट के समय एक-दूसरे की सहायता करने का सन्देश देने वाला पर्व भी है। इसमें भाई के सिर पर अक्षत युक्त तिलक लगाकर बहिन इस बात की कामना करती है कि मेरा भाई हमेशा अपने कार्य में सफल हो, विजय प्राप्त करें। भाई के हाथ में नारियल देना उसके सुखद भविष्य के लिए शुभ संकेत है। भाई-भाभी की आरती उतार कर उनके सुखद मंगलमय जीवन की कामना करती है। मेरे भाई भाभी की जोड़ी सुखी रहे और मेरी भाभी का सौभाग्य अटल रहे, यही बहिन का आशीर्वाद रहता है।

इस प्रकार गहन स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व भारतीय संस्कृति में बड़े उल्लास से मनाया जाता है। भाई-भाभी से स्नेहोपहार प्राप्त कर बहिन अपने आपको सौभाग्यशाली समझती है।

वर्तमान समय परिवर्तन का युग है। अनेक बहिनें विदेशों में निवास करती हैं। कई भाई भी विदेशों में रहते हैं। वे सभी डिजिटल राखियाँ एक-दूसरे को भेजकर इस त्योहार की औपचारिकता पूर्ण करते हैं। सीमित परिवारों में या तो दो बहनें होती हैं या दो भाई होते हैं। कुछ परिवारों में एक भाई एक बहन होते हैं। दो बहनें एक-दूसरे को रक्षा सूत्र बाँध कर एक-दूसरे की रक्षा का वचन ले सकती हैं। इसी प्रकार दो भाई भी एक-दूसरे को राखी बाँधकर इस त्योहार का आनन्द ले सकते हैं और आजीवन एक-दूसरे की सहायता कर सकते हैं। प्रायः सभी घरों में कन्याओं द्वारा भगवान श्रीकृष्ण और हनुमानजी को रक्षा सूत्र बाँधने की परम्परा तो युगों से चली आ रही हैं। नवाचार के इस युग में बच्चों से वृक्षों पर रक्षा सूत्र बँधवाएँ जिससे वे उसकी रक्षा करें और काटे नहीं। पालतू पशुओं को भी राखी बाँधकर उन पर हो रहे अत्याचार को रोकें। अतः समय के अनुकूल जैसा भी संभव हो रक्षा सूत्र के पवित्र बन्धन के त्योहार को मनाने का हम नई पीढ़ी के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत कर सकते हैं।

## संपादकीय

### स्तब्ध करता फैसला

भारतीय पहलवान विनेश फोगाट (29) की ओलंपिक रजत पदक पाने की उम्मीद बुधवार को ध्वस्त हो गई जब इस बाबत उनके दावे को अपील खेल पंचाट (सीएएस) ने खारिज कर दिया। यह वाकई निराश और हतप्रभ करने वाला निर्णय है। विनेश ने ओलंपिक फाइनल से पहले 100 ग्राम वजन अधिक होने के कारण अयोग्य करार दिए जाने के खिलाफ सीएएस के समक्ष अपील की थी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया जताई है। आईओए की अध्यक्ष पीटी ऊषा ने कहा कि वह फैसले से स्तब्ध और निराश हैं। आईओए ने खिलाड़ियों के 'मनोवैज्ञानिक और शारीरिक तनाव' को समझने में नाकाम 'अमानवीय नियमों' की आलोचना की है।



विनेश ने पेरिस ओलंपिक में 50 किलो फ्रीस्टाइल कुश्ती में भारत का प्रतिनिधित्व किया। एक ही दिन में तीन कुश्ती मुकाबले जीतकर दमदार तरीके से फाइनल में पहुंचीं विनेश को फाइनल मुकाबले से पहले किए गए वजन में सौ ग्राम अधिक उतरने पर अयोग्य करार दे दिया गया था। इस पर विनेश ने क्यूबा की पहलवान युसनेलिस गुजमैन लापेज के साथ संयुक्त रूप से रजत पदक दिए जाने की मांग की थी। लापेज को विनेश ने सेमीफाइनल में हराया था। विनेश फोगाट अयोग्यता के चलते बिना पदक वतन लौट रही हैं, लेकिन देशवासी उनका विजेता की तरह स्वागत करने की तैयारी में हैं। उनके गृह राज्य हरियाणा ने उन्हें रजत पदक विजेता को मिलने वाली इनाम राशि और अन्य प्रोत्साहन देने की घोषणा की है। देशवासी मान रहे हैं कि विनेश स्वर्ण पदक जीत सकती थीं लेकिन नियति को यह मंजूर नहीं था। कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि भारतीय पहलवान किसी साजिश का शिकार हुई हैं। कुछ उनके प्रशिक्षक और अन्य स्टाफ को कठघरे में खड़ा करने से भी नहीं चूक रहे। दरअसल, देशवासियों में गुस्सा इस कदर है कि कुश्ती महासंघ तक को लपेटे दिए दे रहे हैं। दुख और गुस्से में अपनी मां के नाम किए पोस्ट में विनेश ने कुश्ती को अलविदा कहने की बात कही, लेकिन उन्हें इस फैसले पर फिर से विचार करना चाहिए। अभी उनमें कुश्ती के लिए पर्याप्त क्षमता है, और मौका आने पर वे सभी को चौंका सकती हैं। इसलिए उन्हें संन्यास लेने का अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए।

## चिंतन-मनन

### ध्वनि तंरगों से रोगों का उपचार

यह बात जान कर आप सभी को आश्चर्य होगा की ध्वनि तंरगें से भी रोगों के उपचार होते है। यह विश्व जीवों से भरा है। ध्वनि तंरगों की टकराहट से सुक्ष्म जीव मर जाते है, रात्री में सूर्य की पराबैगनी किरणां के अभाव में सूक्ष्म जीव उत्पन्न होते है जो ध्वनि तरगों की टकराहट से मर जाते है। ध्वनि तरगों से जीवों के मरने की खोज सर्वप्रथम बर्लिन विश्वविधालय में 1928 में हुई थी। शिकागों के डॉ.ब्राइन ने ध्वनि तरगों से जीवों के नष्ट होने की बात सिद्ध की है। आधुनिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध किया कि शंख और घण्टा की ध्वनि लहरों से 27 घन फुट प्रति सेकिंड वायु शक्ति वेग से 1200फुट दूरी के बैक्टीरिया नष्ट हो जाते है।

पूर्व में मंदिरों का निमार्ण गुम्वजाकार होता था दरवाजे छोटे होते थे अन्दर की ध्वनि बाहर नही निकलती थी, बाहर की ध्वनि अन्दर प्रवेश नही करती थी। मन्दिर में एक ईष्ट देव की प्रतिमा, एक दीपक, एक घण्टा, शंख होता था। यहां कोई भी रोगी श्रद्धा से जाता घण्टा या शंख ध्वनि कर दीप जलता बैठ कर श्रद्धा से प्रार्थना भक्ति करता, मौन ध्यान करता। रोंगों के ठीक होने की कामना करता वह ठीक हो जाता था। इसका बैज्ञानिक कारण घण्टा -शंख ध्वनि भक्ति प्रार्थना की ध्वनि तंरगें बाहर न जाकर गुम्वजाकार शिखर से टकराकर शरीर से टकराती जिससे शरीर के रोगाणु नष्ट हो जाते रोग ठीक हो जाते। आज भी पुराने मंदिरों में यह होता है। इसलिये सीमित मात्रा में बोलना ठीक है। ध्वनि ज्यादा मात्रा में प्रदूषण का रूप ले लेती है, जो शारीरिक एवं मानसिक दृष्टि से हानिकारक होती है। मौन रहने में ही सुख एवं सुख मय जीवन है।

# जम्मू-कश्मीर लिखेगा एक और इतिहास

आजादी और विभाजन के बाद ऐतिहासिक विवाद और विचार-विमर्श का केंद्र रहे जम्मू-कश्मीर फिर नई इबारत लिखने जा रहा है। पांच अगस्त 2019 को स्वायत्तशासी राज्य से केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए जम्मू-कश्मीर का भूगोल लद्दाख के अलग होने के कारण पहले ही बदल चुका है। अरसे बाद तीन चरणों में विधानसभा चुनाव तय हो गया है। 2014 के बाद होने जा रहा नए जम्मू-कश्मीर का यह विधानसभा चुनाव इतिहास का हिस्सा होगा। इस साल जून से आतंकवादियों के आए दिन हमलों और सुरक्षाकर्मियों की शहादत के बीच सुप्रीम कोर्ट के प्रति सम्मान जताने के चुनाव आयोग के फैसले से अवाम को स्थानीय स्तर पर नुमाइंदे मिल जाएंगे। इससे उनकी अपने जनप्रतिनिधि चुनने के बाद उनकी समस्याओं पर सुनवाई और समाधान नजदीक ही नहीं, तेजी से भी होने की उम्मीद बढ़ गई है। 87.09 लाख मतदाताओं वाले केंद्र शासित प्रदेश में सभी दलों के लिए पूर्ण राज्य का मुद्दा सबसे अहम है। अनुच्छेद 370 के खात्मे के समय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया था कि विधानसभा चुनाव के बाद उचित समय पर राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। जमीन और नौकरी का अधिकार, बेरोजगारी, महंगाई, अलगाववाद और सुरक्षा के हालात भी चुनाव पर अपनी छाप जरूर छोड़ेंगे।

भाजपा जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला और मुफ्ती के परिवारवाद पर 2014 के लोकसभा चुनाव से ही प्रखरता से प्रहार करती रही है। 2019 में अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद इसे बड़ा मुद्दा बना दिया। 2024 के लोकसभा चुनाव में अवाम के बदले मिजाज का असर दिखा। यही वजह रही कि दो पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बारामुला और महबूबा मुफ्ती अनंतनाग-राजोरी सीट पर हार गए। इंडिया गठबंधन में आम राय नहीं बन पाई। उमर की पराजय अप्रत्याशित रही। महबूबा की शिकस्त का कारण भी नेशनल कांफ्रेंस रही। हालांकि पांच में से दो संसदीय सीटों पर लड़ी कांग्रेस सबसे अधिक 29.38 प्रतिशत वोट पाने के बावजूद शून्य पर रही। दो सीटों पर चुनाव मैदान में उतरी भाजपा ने 24.26 फीसदी वोट के साथ दो सीटें जीत लीं। नेशनल कांफ्रेंस ने भी दो सीटें हासिल कीं पर 22.30 प्रतिशत वोट लेकर वह तीसरे स्थान पर खिसक गई। लोकसभा चुनाव के आंकड़ों में साफ है कि नेशनल कांफ्रेंस 34 विधानसभा क्षेत्रों में आगे रही। भाजपा ने 28, कांग्रेस सात और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी 5 सीटों पर बढ़त बनाई। बारामुला संसदीय सीट पर निर्दलीय जीते इंजीनियर रशीद 14 विधानसभा क्षेत्रों में अव्वल रहे। भाजपा की सहयोगी जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी और पीपुल्स कांफ्रेंस एक-एक क्षेत्र में आगे रही।




2014 के विधानसभा चुनाव में 25 साल बाद 66.4 फीसदी मतदान हुआ था। उस समय लद्दाख की चार सीटों को मिलाकर 87 सीटें थीं। भाजपा ने इनमें से 25 सीटें जीती थीं, जबकि उसे 23.2 फीसदी वोट मिले थे। पीडीपी की सीटें सबसे अधिक 28 थीं लेकिन वोट प्रतिशत 22.9 रहा। नेशनल कांफ्रेंस को 15 सीटें और 20.8 फीसदी मत मिले। कांग्रेस ने 18.2 प्रतिशत वोट हासिल कर 12 सीटें पाईं थीं। त्रिशंकु विधानसभा के कारण अरसे तक राज्यपाल शासन के बाद मुफ्ती मोहम्मद सईद के नेतृत्व में सरकार बनी थी। अब स्थितियां बदली हुई हैं। नए दौर में नतीजे नए गठबंधन के नेताओं और नीतियों पर निर्भर करेंगे। वैसे, 2024 में जम्मू-कश्मीर को 'जन्नत-ए-जम्हूरियत' के तौर पर दर्ज कराने के लिए भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

भाजपा को भरोसा है कि बरसों बाद पहली बार विधानसभा चुनाव में मतदान का हक पाने वाले मतदाता और बेहतरी के लिए उसे चुनने में गर्व महसूस करेंगे। अनुच्छेद 370 हटाए जाने से पहले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची का आधार अलग-अलग होने के कारण मतदाताओं की संख्या में ही नहीं, मंशा में भी भारी अंतर होता था। अब नए माहौल में यहां नई इबारत के साथ-साथ नया इतिहास लिखा जाना तय है। पाकिस्तान समेत दुनिया के लिए चुनाव पूरा होने तक जम्मू-कश्मीर कौतूहल का विषय बना रहेगा।

चुनावी लिहाज से परिसीमन के बाद से जम्मू और कश्मीर में सीटों का संतुलन बन गया है। कुल 90 विधानसभा सीटों में जम्मू क्षेत्र 37 से बढ़ कर 43 हो गई हैं, जबकि कश्मीर में यह आंकड़ा 46 से केवल 47 तक पहुंचा है। यही नहीं, परिसीमन के बाद नौ सीटें अनुसूचित जनजाति और सात सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित की गई हैं। भाजपा का जोर इन सीटों के जीतने पर है। गुज्जर बक्करवाल समुदाय के साथ ही पहाड़ी समुदाय को आरक्षण देकर भाजपा ने पहले से ही तैयारी कर ली है। यह भी स्पष्ट है कि पहली बार भाजपा की सरकार बनने पर सत्ता की कमान डोगरा बिरादरी के हाथ में होगी। मुख्यमंत्री पद के लिए उसने चेहरा तय है। अब तक गुलाम नबी आजाद के अलावा सभी मुख्यमंत्री कश्मीर घाटी के ही रहे हैं। महबूबा मुफ्ती के साथ एक बार सरकार में शामिल रह चुकी भाजपा को सरकार बनाने के लिए कम से कम 46 सीटों पर जीत हासिल करनी होगी। फिलहाल, 30 सीटों पर आगे भाजपा के लिए कश्मीर घाटी में पीपुल्स कांफ्रेंस और अपनी पार्टी के साथ ही जम्मू संभाग में गुलाम नबी आजाद की अगुआई वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी में किसी किस्म की समझदारी उसके लिए लाभदायक हो सकती है।

**-प्रदीप मिश्र (लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# असुरक्षा की भावना से बाहर निकालता है रक्षा बंधन का पर्व

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

रक्षाबंधन की पूर्णमासी सिद्ध-महापुरुषों और ऋषियों को समर्पित है। बंधन का अर्थ है- अधीनता और रक्षा का अर्थ है सुरक्षा। जो बंधन आपकी रक्षा करता है, वही रक्षाबंधन है। एक रस्सी को आपको बचाने के लिए या फिर आपका गला घोंटने के लिए भी बाँधा जा सकता है। छोटा मन और सांसारिक विषय-वस्तु आपमें घुटन ला सकते हैं। विराट मन और ज्ञान आपकी रक्षा करता है। रक्षा-बंधन वह बंधन है जो आपकी सुरक्षा करता है। सत्संग के प्रति, गुरु के प्रति, सत्य के प्रति और ऋषियों के प्राचीन ज्ञान के प्रति आपका बंधन आपका उद्धार करता है।




### खिलने से रोकती है असुरक्षा की भावना

जो संबंध किसी इच्छा के कारण बनते हैं, वे अपने साथ दुःख लाते हैं। ऐसे संबंध जो प्रेम के कारण बनते हैं, वे सुरक्षा लाते हैं। इच्छा और प्रेम में यही एक अंतर है। जब हमारे भीतर कोई इच्छा होती है, तो हम सही और गलत में भेद नहीं कर पाते और स्वार्थी हो जाते हैं। जब हम प्रेम में होते हैं, तो हमारी सजगता बढ़ जाती है। इस संसार में पर्याप्त प्रेम है इसलिए चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। इस धरती पर बहुत से अच्छे लोग हैं और वे आपकी सुरक्षा कर रहे हैं।

असुरक्षा की भावना आपको खिलने से रोकती है। जब आप असुरक्षित अनुभव करते हैं तब आपकी बुद्धि मंद हो जाती है और आपका दृष्टिकोण धुंधला हो जाता है। आपके शरीर में बहुत से हार्मोनल बदलाव होने लगते हैं। आपका शरीर बहुत अधिक मात्रा में एड्रिनल पैदा करता है और आप कमजोर अनुभव करने लगते हैं। आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है। असुरक्षा की भावना भावनात्मक और मानसिक स्तर पर आपकी दृष्टि को धुंधला कर देती है और जो जैसा है चीजों को वैसा ही देखने की आपकी क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो जाती है और उससे आपका सामाजिक व्यवहार भी प्रभावित होता है।

### असुरक्षा की भावना का तोड़ है विश्वास

असुरक्षा आपको किसी के ऊपर विश्वास करने से रोकती है लेकिन असुरक्षा का तोड़ है विश्वास! जो व्यक्ति असुरक्षित अनुभव करता है उसे यह नहीं पता होता कि मित्रवत कैसे रहें, विश्वासपात्र कैसे बने रहें और समाज में लोगों पर विश्वास कैसे करें। तो आप असुरक्षा, डिप्रेशन, क्रोध और बुरे व्यवहार के दुष्चक्र में फंस जाते हैं। आपको इस बात का अहसास भी नहीं होता कि आपका व्यवहार अच्छा नहीं है। असुक्षा की भावना से आप जीवन में बहुत सारे अच्छे अवसर और कोई भी नई पहल करने का उत्साह खो देते हैं। असुरक्षा की भावना आपकी प्रगति, सुख और आनंदमय जीवन का अंत है।

### रक्षा बंधन का क्या सन्देश है?

एक पुरुष चाहे कितना भी मजबूत क्यों न हो, कहीं न कहीं उसे कुछ सुरक्षा की आवश्यकता हो सकती है और यह एक महिला की दृढ़ इच्छाशक्ति और मनोभाव से आता है। इसलिए बहनें अपने भाइयों को राखी बांधती हैं और कहती हैं, 'मैं तुम्हारी रक्षा के लिए हूँ।' यह मनोवैज्ञानिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है!

इस रक्षा बंधन का संदेश है - अपनी असुरक्षाएं छोड़ दें, बहुत सारी राखियाँ आपका इंतजार कर रही हैं। संसार आपको सुरक्षा दे रहा है। संसार की अच्छाई आपके साथ है। असुरक्षित होने की आवश्यकता नहीं, जागिये आप सुरक्षित हैं।

हम समझते हैं सिर्फ पुरुष ही सशक्त है महिला दुर्बल है, उनमें शक्ति नहीं है; इसी गलत धारणा को दूर करने के लिए लोगों ने कहा कि महिलाओं के पास भी शक्ति है। वैसे देखेंगे तो महिला ही शक्ति है। पुरुष बाहुबल से संरक्षण देता है और महिला मनोबल से संरक्षण देती है। महिलायें भावनात्मक रूप से, वैचारिक रूप से और आत्मबल देकर संरक्षण करती हैं। महिलाओं की संकल्प शक्ति बहुत मजबूत होती है। वे अपनी संकल्प शक्ति से अपने भाइयों और पुरुषों को संरक्षण देती है।

महिलायें ऐसा न मानें कि आप कमजोर हैं; आपके भीतर भी दैवीय शक्ति है। आपके भीतर भी रक्षा करने की क्षमता है। इसलिए यहाँ स्त्री और पुरुष दोनों बराबर है। न तो कोई कम है और न ही कोई ज्यादा है। रक्षा बंधन इसी बात को दर्शाता है।

# गौडीय सम्प्रदाय के षट गोस्वामियों में सर्वप्रमुख थे श्रीपाद रूप गोस्वामी महाराज : स्वामी मधुसूदन महाराज







(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)

**वृन्दावन।** सेवाकुंज गली स्थित श्रीकृष्ण बलराम मन्दिर में श्रावण मास के उपलक्ष्य में चल रहे पंच दिवसीय दिव्य व भव्य झूलनोत्सव के अंतर्गत गौडीय सम्प्रदायाचार्य श्रीपाद रूप गोस्वामी महाराज का तिरोभाव महोत्सव संतों व विद्वानों की सन्निधि में अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाया गया। महोत्सव का शुभारंभ श्रीपाद रूप गोस्वामी के चित्रपट का पूजन-अर्चन व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात उनके द्वारा रचित पदों का गायन संगीत की मृदुल सवर लहरियों के मध्य किया गया। इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रीकृष्ण बलराम मन्दिर के सेवायत भक्ति वेदांत स्वामी मधुसूदन महाराज ने कहा कि श्रीपाद रूप गोस्वामी महाराज गौडीय सम्प्रदाय के षट गोस्वामियों में सर्वप्रमुख थे।कलयुग पावनावतार चैतन्य महाप्रभु से प्रेरित होकर उन्होंने अपना मंत्री पद का त्याग कर अपना समूचा जीवन ब्रज में रह कर श्रीकृष्ण भक्ति में समर्पित कर दिया। चतुःसंप्रदाय के श्रीमहंत बाबा फूलडोल बिहारीदास महाराज एवं स्वामी श्रीपाद प्रियानंदन महाराज ने कहा कि श्रीपाद रूप गोस्वामी महाराज ब्रज रस भक्ति के परम उपासक थे।उन्होंने अत्यंत साधनामय जीवन जीकर और असंख्य व्यक्तियों का कल्याण कर उन्हें कृष्ण भक्ति की ओर अग्रसर किया। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं प्रमुख समाजसेवी पंडित बिहारी लाल वशिष्ठ ने कहा कि श्रीपाद रूप गोस्वामी गौडीय सम्प्रदाय की बहुमूल्य निधि थे।उनके द्वारा रचित 17 ग्रंथ भक्ति सिद्धांतों से ओत-प्रोत हैं।जिनमें उज्ज्वलि नीलमणि,भक्ति रसामृत सिंधु,विदग्ध माधव नाटक, ललित माधव नाटक, हंसदूत व उद्धव संदेश आदि प्रमुख हैं। भक्ति वेदांत दामोदर महाराज एवं आचार्य ध्रुव कुमार गोस्वामी महाराज ने कहा कि श्रीपाद रूप गोस्वामी ने तमाम वैष्णवों को ब्रज की विशुद्ध प्रेमा भक्ति व रागानुगा भक्ति की ओर प्रेरित कर उन्हें सन्मार्ग पर चलना सिखाया। तिरोभाव महोत्सव में संतप्रवर भक्ति वेदांत गोपानंद वन महाराज, भक्ति वेदांत साधु महाराज, ब्रजवासी जगद्गुरु कृष्ण कन्हैया पदरेणु महाराज, आचार्य श्याम बिहारी चतुर्वेदी, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, आचार्य ईश्वर चंद्र रावत, महंत लाड़िली दास महाराज, विष्णुकांत भारद्वाज (ब्रजवासी भैया) आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।संचालन व धन्यवाद ज्ञापन भक्ति वेदांत मधुसूदन महाराज ने किया।

## सैंडल-चप्पल लेकर सड़कों पर उतरीं महिलाएं



**आगरा ।** कोलकाता में डॉक्टर के साथ हुई घटना के विरोध में रविवार को आगरा में सशक्त पीली सेना की कार्यकताओं ने सैंडल मार्च निकाला। महिलाएं सैंडल और चप्पल लेकर सड़कों पर उतरीं। इस दौरान उनके हाथ में बेलन, चिमटा भी था। महिलाओं ने कहा- कि पूरे देश में रेप, हत्या जैसी घटनाएं हो रही हैं। मगर, हत्यारे खुले आम घूम रहे हैं। पीली सेना इस मार्च के जरिए संदेश देना चाहती है कि महिलाओं को कमजोर न समझा जाए। आगरा में रविवार दोपहर को पीली सेना की अध्यक्ष शबाना खंडेलवाल के नेतृत्व में महिलाओं ने एमजी रोड पर विरोध प्रदर्शन किया। महिलाएं हाथ में सैंडिल, बेलन, चिमटा लेकर मार्च निकाला। महिला सेना अध्यक्ष शबाना खंडेलवाल का कहना था कि कोलकाता में जिस तरह से महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या की गई, वो काफी दुखद है। उन्होंने आगे कहा- ये केवल कोलकाता में नहीं हुआ, बल्कि देश के कई राज्यों में इस तरह की घटनाएं हुई हैं। आगरा में मस्जिद के अंदर महिला की हत्या का आरोपी अभी तक नहीं पकड़ा गया। आखिर इन बेटियों को इंसाफ कब मिलेगा। उन्होंने कहाकि जब जब घटनाएं होती हैं, तब तब लोग श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडिल मार्च निकालते हैं। हम इस प्रदर्शन के जरिए ये बताना चाहते हैं कि महिलाओं को कमजोर न समझा जाए। आखिर किस सरकार में बेटियां सुरक्षित महसूस करेंगी। हमारी मांग है कि बेटियों के साथ दरिंदगी करने वालों को हमारे हवाले किया जाए। अगर प्रशासन उन्हें सजा देने में फेल तो हम उन्हें सजा देंगी। महिलाएं चूड़ियां पहनती है, इसका मतलब ये नहीं कि वो कमजोर हैं। महिलाएं झांसी की रानी हैं, मां दुर्गा का रूप हैं। अगर वो दरिंदे हमारे हाथ लग गए तो सारी महिलाएं मिलकर उनको सजा देंगी। दरिंदों को केवल फांसी की सजा दी जाए, यही मांग है।

## एक करोड रुपए लूट की योजना बनाते बदमाशों से मगोर्रा पुलिस/एसओजी टीम की मुठभेड़ में तीन बदमाश गोली लगने से घायल- चौथे ने किया सरेंडर



**मथुरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के निर्देशन में थाना मगोर्रा पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में अंतराजजीय 4 बदमाशों के साथ मुठभेड़ में तीन बदमाशों गोली लगने से हुए घायल। जबकि चौथे बदमाश ने किया सरेंडर, ये बदमाश मध्य प्रदेश में एक करोड रुपए की लूट करने की योजना बना रहे थे। मगोर्रा पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात मुखबिर की सूचना मिली की सोख से गोवर्धन के मध्य नहर की पटरी पर अंतराजजीय बदमाश मध्य प्रदेश में 1 करोड रुपए लूट की योजना बना रहे हैं। सूचना पर थाना माहोरा पुलिस व एसोसिएट टीम ने नाकाबंदी कर दी जब इस बात की भनक बदमाशों को लगी और पुलिस को अपनी ओर आते देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। वहीं पुलिस की जवाबी फायरिंग में तीन बदमाश गोली लगने से घायल हो गई। जबकि चौथे बदमाश में सरेंडर कर दिया।

## दिव्यांग महिला की गला काट कर हत्या हाइवे के किनारे खेत में मिला शव




**एत्मादपुर।** आगरा के एत्मादपुर कुबेरपुर क्षेत्र में हाइवे के किनारे एक ढाबे के पीछे खाली प्लाट में एक अज्ञात विवाहिता का शव मिलने से हड़कंप मच गया। महिला की गला काट कर हत्या की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं महिला की शिनाख्त के लिए पुलिस प्रयास में लगी हुई है। इंस्पेक्टर विजय विक्रम सिंह ने बताया कि शनिवार देर रात कुबेरपुर में ढाबे के पीछे एक खाली प्लाट में 32 साल की अज्ञात महिला का शव मिला। जिसकी गला काट कर हत्या की गई है। महिला हरे रंग की साड़ी पहने हुए थी। बाएं हाथ और पैर से दिव्यांग है। तथा दाहिने हाथ पर एमकेएच गुदा हुआ था कुबेरपुर चौराहे के राहगीरों और अन्य ग्रामीणों का कहना है कि महिला को दिन में चौराहे पर बच्चे के साथ देखा गया था। उन्हें अशंका है उसका रेप कर हत्या की गई होगी। वहीं इंस्पेक्टर विजय विक्रम सिंह ने बताया गला धारदार हथियार से काटा गया होगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मालूम पड़ेगा। दुष्कर्म की आशंका जिस तरह से शव के आस-पास की स्थिति थी, उससे प्रतीत होता है कि महिला के साथ हत्या से पहले दुष्कर्म किया गया होगा। थाना प्रभारी का कहना है कि पीएम रिपार्ट के बाद ही स्थिति साफ होगी।

## जेडी को रिश्वत देने से पहले मिठाई खिलाई:विजिलेंस की कार्रवाई पर शिक्षकों में आक्रोश



**आगरा।** में माध्यमिक शिक्षा विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर आरपी शर्मा को विजिलेंस ने रिश्वत लेते पकड़ा है। आरोप है कि फर्जी नियुक्ति की शिकायत के मामले में रिपोर्ट लगाने के एवज में 10 लाख रुपए की मांग की थी। विजिलेंस ने शाम को कार्यालय के बाहर गाड़ी में रिश्वत लेते पकड़ने की बात कही है। वहीं, जेडी की गिरफ्तारी के बाद शिक्षा विभाग के कर्मचारी और शिक्षकों में आक्रोश है। उनका कहना है कि साजिश के तहत अधिकारी को फंसाया गया है। निष्पक्ष जांच की मांग की है। पहले बताते हैं क्या है मामला विजिलेंस प्रभारी ने बताया कि सिकंदरा आवास विकास कॉलोनी निवासी अजय चौधरी डीसी वैदिक इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापक हैं। उनके खिलाफ फर्जी नियुक्ति की शिकायत हुई है। इसकी जांच मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक आरपी शर्मा के पास है। अजय चौधरी ने विजिलेंस को बताया कि जेडी ने उनके पक्ष में जांच रिपोर्ट देने के लिए 10 लाख रुपए की मांग की। शिकायतकर्ता ने विजिलेंस में रिश्वत मांगने की शिकायत की। 17 अगस्त को शिकायतकर्ता को जेडी को तीन लाख रुपए की पहली किस्त देनी थी। जेडी ने शिकायतकर्ता को तीन लाख रुपए लेकर कार्यालय आने को कहा था। विजिलेंस प्रभारी का कहना है कि शाम करीब 6 बजे जेडी कार्यालय के बाहर शिकायतकर्ता जेडी की गाड़ी में रुपए का बैग देते हुए पकड़ा गया है।

## संक्षिप्त डायरी

### जेल प्रशासन ने किया सम्मानित



**मथुरा।** 15 अगस्त के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के नगर सह प्रमुख एवं अपराध निरोधक समिति के आगरा मण्डल उपाध्यक्ष श्री योगेश अग्रवाल एवं सचिव श्री कपिल देव शर्मा को कारागार अधिक्षक श्री अंशुमन गर्ग जी द्वारा पटका पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया कारागार अधिक्षक महोदय ने बतलाया विगत वर्ष जिला कारागार मै किये गए सेवा कार्य के लिए श्री कपिल शर्मा एवं श्री योगेश अग्रवाल को सम्मान दिया गया है

### जूनियर डॉक्टरों से मिले दो मंत्री:आईएमए ने की शोक सभा



**आगरा।** में 6 दिन से हड़ताल कर रहे जूनियर डॉक्टरों से शनिवार को दो मंत्री मिलने पहुंचे। दोनों मंत्रियों को जूनियर डॉक्टरों ने अपनी मांगों का ज्ञापन दिया। मंत्रियों ने आश्वासन दिया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री तक ज्ञापन को पहुंचा देंगे। आईएमए ने शहीद स्मारक पर शोक सभा का आयोजन किया। कोलकाता में मेडिकल छात्रा के साथ हुई घटना को लेकर एसएन मेडिकल कॉलेज में धरना दे रहे जूनियर रेजीडेन्ट डॉक्टर्स के बीच धरना स्थल पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय पहुंचे। उन्होंने जूनियर डॉक्टर्स से बात की। जूनियर डॉक्टर्स ने मांग की कि कोलकाता केस की निष्पक्ष न्यायिक जांच हो। पूरे देश में पूरे समय के लिए सीपीए लागू हो। मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा और व्यवस्था की दृष्टि से आधुनिक और इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित हो। महिला जूनियर रेजीडेन्ट डॉक्टर्स के सुरक्षा के प्रबन्ध हों। शाम को आगरा के सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल भी जूनियर डॉक्टर्स से मिलने पहुंचे। उच्च शिक्षा योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि कोलकाता में हुई घटना निःसंदेह शर्मनाक है। उस पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। बल्कि कोलकाता में हो रहा है कि वहां की सत्ता सियासती चालबाजों के चलते हुए सीबीआई जांच के लिए सबूत मिटाने के लिए हॉस्पीटल में बडे स्तर पर तोड़फोड़ को संरक्षण दे रही है। वह भी निन्दा योग्य है। कानून हाथ में लेने का अधिकार किसी के पास नहीं है। उन्होंने ज्ञापन में जो मांगे एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रशासन से सम्बन्धित है, उसके लिए प्रिंसिपल डॉ. प्रशान्त गुप्ता को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। शाम को शहीद स्मारक पर शोक सभा के लिए इकट्ठा हुए आईएमए के सदस्यों ने गुस्सा जाहिर किया। डॉक्टर्स का कहना था कि जो इलाज करता है, उसे ही अब सुरक्षा की जरूरत महसूस हो रही है। डॉ. पंकज नगायच ने कहा कि इतने बड़े राष्ट्र में भी हमारी बहू-बेटी सुरक्षित नहीं हैं। डॉ. मुनीश्वर गुप्ता ने कहा कि यह बात राजनीतिक नहीं है। यह मानवता की बात है। पेल्विक हड्डी तक टूटी हुई थी। सोचिए उस बच्ची पर कितना जुल्म हुआ होगा। हमें अपने घर में यह परंपरा शुरू करनी होगी कि हम बेटों से भी सवाल करें।

### गैंगरेप पीड़िता का परिवार परेशान, मिल रही धमकियां

**आगरा।** में गैंगरेप पीड़िता और उसका परिवार भय और दहशत के साए में जी रहा है। अपनी जान-माल की सुरक्षा और अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़िता अपनी दादी के साथ शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंची। पीड़िता ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई और अधिकारियों से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। घटना के डेढ़ माह बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं पीड़िता ने शिकायत की कि घटना को डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे पीड़िता और उसका परिवार दहशत में है। भय के कारण परिवार ने गांव से पलायन कर दिया है और अब वे किराए के घर में रहने को मजबूर हैं। कमिश्नर के हस्तक्षेप पर बढ़ाई गईं धाराएं सैंया की रहने वाली किशोरी, जगदीशपुरा में एक विवाह समारोह में अपनी दादी के साथ गई थी, जहां उसे एक लड़की ने तांत्रिक के पास ले जाने के बहाने फंसा लिया। तांत्रिक और उसके साथियों ने किशोरी के साथ गैंगरेप किया। इसके बाद उसे अछनेरा और फिर राजस्थान के कोटा ले जाकर एक व्यक्ति के साथ शादी करवा दी और उसे साढ़े चार लाख रुपए में बेच दिया। किसी तरह पीड़िता उनके चंगुल से निकलकर आगरा वापस आई और थाने में शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, थाने में केवल अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया, जिससे पीड़िता का परिवार और अधिक निराश हो गया। बाद में, पीड़िता और उसके परिवार ने कमिश्नर से मुलाकात की, जिसके बाद थाना जगदीशपुरा पुलिस ने रेप, अपहरण, षड्यंत्र, बंधक बनाना, मानव तस्करी और पॉक्सो की धाराएं बढ़ाईं।

# बहुत ही दयालु एवं सात्विक प्रवृत्ति के संत थे स्वामी भगवानदासाचार्य : स्वामी अनिरुद्धाचार्य महाराज









(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)

**वृन्दावन।** केशीघाट स्थित ठा. श्रीजानकी वल्लभ मंदिर में श्रीमद् वेदान्त देशिक आश्रम ट्रस्ट के द्वारा चल रहे दस दिवसीय ठा. श्रीजानकीवल्लभ लालजी के 50वें (स्वर्ण जयंती) प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं बैकुंठवासी श्रीवेदान्तदेशिक पीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित जगद्गुरु स्वामी रामानुजाचार्य परमहंस स्वामी भगवानदासाचार्य महाराज के 25 वें (रजत जयंती) त्रिपाद्विभूति प्राप्ति महोत्सव के अंतर्गत संतों व विद्वानों की पावन सन्निधि में स्वामी भगवानदासाचार्य महाराज की नवीन प्रतिमा का अनावरण किया गया।साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य उनका पूजन-अर्चन किया गया।साथ ही जगद्गुरु रामानुजाचार्य महाराज के संबंध में श्रीस्मृति प्रभा व श्री आलवंदार स्तोत्र रत्न पुस्तकों का विमोचन किया गया।इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रीजानकी वल्लभ मंदिर के अध्यक्ष जगद्गुरु स्वामी अनिरुद्धाचार्य महाराज एवं स्वामी माधव नारायणाचार्य महाराज ने कहा कि हमारे सद्गुरुदेव स्वामी भगवानदासाचार्य महाराज बहुत ही दयालु एवं सात्विक प्रवृत्ति के संत थे।उनके द्वारा निरंतर समाज के हित में कई कार्य किए गए।वे श्रीधाम वृंदावन की दिव्य विभूति थे। आचार्य कुटी/श्रीकृष्ण मन्दिरम् पीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु स्वामी श्रीरामप्रपन्नाचार्य महाराज एवं सुग्रीव किला अयोध्या/वृंदावन पीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु स्वामी विश्वेशप्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि हम सभी को सदैव ही सद्गुरु के द्वारा बताए गए सन्मार्ग पर चलना चाहिए।तभी हमारा कल्याण हो सकता है। श्रीनाभापीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज एवं श्रीमज्जगद्गुरु स्वामी रामेश्वर दास महाराज ने कहा कि स्वामी भगवान दासाचार्य महाराज सहजता, सरलता, उदारता व परोपकारिता आदि अनेकों सद्गुणों की खान थे।हम लोग यदि उनके किसी एक गुण को भी अपने जीवन में धारण कर लें तो हमारा कल्याण हो सकता है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं स्वामी रघुनाथाचार्य महाराज ने कहा कि बैकुंठवासी अनंतश्री विभूषित जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी भगवानदासाचार्य महाराज श्रीरामानुज सम्प्रदाय की बहुमूल्य विभूति थे।उनके द्वारा स्थापित सेवा प्रकल्पों का निर्वाह श्रीजानकीवल्लभ मंदिर में स्वामी अनिरुद्धाचार्य महाराज के निर्देशन में आज भी पूर्ण समर्पण के साथ संचालित हो रहा है। इस अवसर पर स्वामी गोविंद ब्रह्मचारी महाराज, श्रीमज्जगद्गुरु स्वामी श्रीरामप्रपन्नाचार्य महाराज (प्रयागराज), चतुःसंप्रदाय के श्रीमहंत फूलडोल बिहारीदास महाराज, पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ, आचार्य नेत्रपाल शास्त्री, पूर्व प्राचार्य डॉ. रामसुदर्शन मिश्रा, डॉ. रमेश चंद्राचार्य विधिशास्त्री, आचार्य सर्वेश द्विवेदी, हितेश शर्मा, ब्रजकिशोर दास महानजी भक्तमाली, महेशचंद्र अग्रवाल (दिल्ली), राम अवतार नरसरिया (रांची), सत्य नारायण फोगला (हैदराबाद), गुलशन कुमार महाजन (जम्मू) डॉ. रमेश चंद्र गुप्ता (दिल्ली), भारत भूषण (दिल्ली), मुकेश शास्त्री, रामानारायण पुजारी, डॉ. राधाकांत शर्मा, हितेश शर्मा, पण्डित ईश्वरचंद्र रावत, शैलेन्द्र कृष्ण आचार्य आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।संचालन आचार्य यशोदा नन्दन शास्त्री (लालजी महाराज) ने किया।महोत्सव का समापन संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं तदीयाराधन (वृहद भंडारे) के साथ हुआ।

## सगी बहनों के सामने यमुना में डूबा भाई रक्षाबंधन से पहले बटेश्वर दर्शन करने आए थे



**आगरा।** के बटेश्वर में रक्षाबंधन पर्व से पहले बहनों के सामने भाई की जान चली गई। अपनी दो सगी बहनों के साथ भाई दर्शन करने के लिए बटेश्वर आया था। बताया गया है कि घाट पर दर्शन के बाद भाई का पैर फिसल गया और वो यमुना में डूब गया। उसे गोताखोरों ने बाहर निकाल लिया। तुरंत ही उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। भाई की मौत की खबर सुनते ही दोनों बहनें रोते-रोते बेसुध हो गईं।

फिरोजाबाद जिले के नसीरपुर थाने के मोहम्मदाबाद गांव का रहने वाला अमन पुत्र धर्मेन्द्र सिंह अपनी बहन राखी और नीतू के साथ बटेश्वर आया था। रविवार सुबह 9.30 बजे शिव मंदिर के घाट पर यमुना नदी में स्नान कर रहा था। उसी समय पैर फिसला और वो यमुना नदी के गहरे पानी में डूब गया। बहनें भाई को बाहर निकलने के लिए चीखती रहीं।

चीख पुकार पर बचाने को यमुना नदी में गोताखोर कूद गए। उसे बेहोशी की हालत में बाह सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। भाई की मौत पर दोनों बहनें रो-रोकर बेहाल हैं। भाई की याद करते हुए वो बेसुध हो गई हैं। रोते-रोते कह रही हैं कि अब कल किसके हाथ पर राखी बांधेंगी। लोग बहनों को ढांढस बंधा रहे हैं।

# भारत को 2030 तक एक लाख कंपनी सचिवों की आवश्यकता होगी: आईसीएसआई

**नई दिल्ली ।**

कंपनी सचिवों के शीर्ष निकाय आईसीएसआई का कहना है कि तेज आर्थिक वृद्धि और बढ़ते हुए कंपनी संचालन के दौरान भारत को 2030 तक लगभग एक लाख कंपनी सचिवों की जरूरत होगी। वर्तमान में 73,000 से अधिक कंपनी सचिव हैं और इनमें से लगभग 12,000 कंपनी सचिव कार्यरत हैं। कंपनी सचिव कंपनियों में विभिन्न सांविधिक जरूरतों का अनुपालन सुनिश्चित कर कॉरपोरेट संचालन ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को देखने के नजरिये में महत्वपूर्ण बदलाव आया है और कंपनी सचिव भारत को दुनिया के सबसे पसंदीदा निवेश स्थलों में से एक बनाने में एक महत्वपूर्ण कड़ी बन गये हैं। उन्होंने हाल ही में कहा कि भारत को 2030 तक लगभग एक लाख कंपनी सचिवों की आवश्यकता होगी। विभिन्न अनुमानों के अनुसार भारत के 2030 तक 7,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। वित्त मंत्रालय की इस साल जनवरी में जारी रिपोर्ट में कहा गया था कि वित्तीय क्षेत्र और हाल के तथा भविष्य के संरचनात्मक सुधारों के दम पर आने वाले वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर सात प्रतिशत से ऊपर रहेगी। मुद्रास्फीति रुख और विनिमय दर के आधार पर, भारत 2030 तक 7,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। संस्थान ने पेशे में अधिक युवा प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए कंपनी सचिव कार्यकारी कार्यक्रम में स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों का सीधा पंजीकरण भी शुरू किया है। आईसीएसआई ने अन्य उपायों के अलावा कॉरपोरेट निदेशक मंडल में अपनाई जाने वाली सचिव स्तर की गतिविधियों में एकरूपता लाने के लिए मानक पेश किये हैं।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतें लगभग सभी राज्यों में स्थिर

**नई दिल्ली ।**



सरकारी तेल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के भाव अपडेट कर दिए हैं। रे विवार को भी फ्यूल की कीमतों में किसी भी तरह का बदलाव नहीं हुआ है। पेट्रोल और डीजल पुरानी कीमतों पर ही खरीदा जा सकेगा। मालूम हो कि पेट्रोल पर जीएसटी नहीं लगता है लेकिन, पेट्रोल का रिटेल सेलिंग प्राइस एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमिशन, वैट जुड़ने के बाद फाइनल होता है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ऑफिशियल वेबसाइट के मुताबिक अलग-अलग महानगरों और शहरों में पेट्रोल-डीजल की ताजा कीमत इस प्रकार है- दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 89.97 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये प्रति लीटर और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.34 रुपये प्रति लीटर है। वहीं नोएडा में पेट्रोल 94.83 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.96 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.19 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.05 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 102.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.94 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.40 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.65 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.36 रुपये प्रति लीटर और पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर है।

# महाराष्ट्र में नये सोयाबीन फसल की आवक के बीच सोयाबीन तिलहन टूटा

**नई दिल्ली ।**

महाराष्ट्र के सांगली मंडी में खरीफ सोयाबीन के नये फसल की आवक शुरु होने के दौरान देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट के साथ बंद हुए। शिकागो एक्सचेंज में शुक्रवार रात लगभग दो प्रतिशत के सुधार के बीच यहां सरसों तेल तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए। सूत्रों ने कहा कि सहकारी संस्था नाफेड अलग अलग राज्यों में तेल मात्रा की प्रतिशत के हिसाब से सरसों तिलहन की बिक्री 5,150 से 5,550 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर कर रही है। हालांकि सरसों के नये एमएसपी के हिसाब से सरसों के दोनों भाव एमएसपी से कम ही हैं। इसके अलावा प्रति क्विंटल सरसों के लिए लगभग 150 रुपये का बारदाना मुफ्त दिया जा रहा है। सूत्रों ने कहा कि मौजूदा समय में आयातित तेलों के थोक दाम बेहद सस्ते हैं। तेल तिलहन की महंगाई की चिंता करने वाले समीक्षकों व संबद्ध अधिकारियों को इस सुनहरे वक्त का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का इंतजाम करना चाहिये। तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे: सरसों तिलहन 5,925-5,965 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली 6,425-6,700 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 15,350 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,290-2,590 रुपये प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 11,600 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी 1,875-1,975 रुपये प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 1,875-2,000 रुपये प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 10,100 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर 9,775 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 8,350 रुपये प्रति क्विंटल, सीपीओ एक्स-कांडला 8,750 रुपये प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 9,575 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली 9,925 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स कांडला-9025 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल, सोयाबीन दाना 4,300-4,330 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज 4,110-4,235 रुपये प्रति क्विंटल और मक्का खल (सरिस्का) 4,150 रुपये प्रति क्विंटल।

# एफपीआई ने अगस्त में अब तक 21,201 करोड़ के शेयर बेचे

**नई दिल्ली ।**




विदेशी निवेशकों ने अगस्त में भारतीय शेयर बाजारों में अब तक कुल 21,101 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। इसकी वजह येन मुद्रा में कैरी ट्रेड यानी निम्न ब्याज दर वाले वाले देश से कर्ज लेकर दूसरे देश की परिसंपत्तियों में निवेश का बंद होना, अमेरिका में मंदी की आशंका और वैश्विक स्तर पर बढ़ता तनाव है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार एफआईआई ने जुलाई में 32,365 करोड़ रुपये और जून में 26,565 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे थे। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने आर्थिक वृद्धि निरंतर बने रहने, सुधार जारी रहने, कंपनियों के तिमाही परिणाम उम्मीद से बेहतर रहने और राजनीतिक स्तर पर स्थिरता की उम्मीद में इन दो महीनों में निवेश किये। इससे पहले एफपीआई ने लोकसभा चुनावों के दौरान मई में 25,586 करोड़ रुपये और मॉरीशस के साथ भारत के कर समझौते में बदलाव तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में लगातार वृद्धि पर चिंताओं के बीच अप्रैल में 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी। आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई ने इस महीने 1-17 अगस्त तक शेयर बाजार से 21,201 करोड़ रुपये की पूंजी निकासी की है। एफपीआई ने इस साल अब तक इक्विटी शेयर में 14,364 करोड़ रुपये का निवेश किया है। अगस्त में एफपीआई की निकासी का मुख्य कारण वैश्विक और घरेलू कारक हैं। बाजार के जानकार कहते हैं कि वैश्विक स्तर पर, येन कैरी ट्रेड के समाप्त होने, वैश्विक मंदी की आशंका, धीमी आर्थिक वृद्धि और वैश्विक स्तर पर जारी संघर्षों को लेकर चिंताओं के कारण बाजार में अस्थिरता और जोखिम से बचने का रुख बना है। बैंक ऑफ जापान ने मुख्य ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत तक की वृद्धि की है। इसके बाद में येन कैरी ट्रेड के समाप्त होने से पूंजी निकासी शुरू हुई। घरेलू स्तर पर जून और जुलाई में शुद्ध लिवाल होने के बाद कुछ एफपीआई ने पिछली तिमाहियों में मजबूत तेजी के बाद मुनाफा वसूली का विकल्प चुना होगा। इसके अलावा कंपनियों के तिमाही परिणाम मिले-जुले होने तथा अपेक्षाकृत उच्च मूल्यांकन ने भारतीय शेयर बाजार को कम आकर्षक बना दिया है।

# भारत को 2030 तक 14.8 करोड़ अतिरिक्त रोजगार पैदा करने की जरूरत: गोपीनाथ

**नई दिल्ली ।**




अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रथम उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए देश को 2030 तक 14.8 करोड़ अतिरिक्त रोजगार पैदा करने की जरूरत है। उन्होंने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के हीरक जयंती कार्यक्रम में कहा कि 2010 से शुरू होने वाले दशक में भारत की औसत वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रही, लेकिन रोजगार दर दो प्रतिशत से कम रही। गोपीनाथ ने कहा कि इसलिए भारत की रोजगार दर अन्य जी-20 देशों की तुलना में काफी कम है। यदि आप जनसंख्या वृद्धि के लिहाज से भारत के अनुमानों को देखें तो भारत को अब से लेकर 2030 तक कुल मिलाकर छह करोड़ से 14.8 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां पैदा करनी होंगी। हम पहले से ही 2024 में हैं, इसलिए हमें कम समय में बहुत सारी नौकरियां पैदा करनी होंगी। इसके लिए भूमि सुधार और श्रम संहिताओं को लागू करने सहित बुनियादी सुधारों की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि अधिक नौकरियां के अवसर देने के लिए निजी निवेश बढ़ाने की भी जरूरत है, क्योंकि यह सकल घरेलू उत्पाद में सात प्रतिशत वृद्धि के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक निवेश अच्छा चल रहा है, लेकिन निजी निवेश में सुधार करना होगा। गोपीनाथ ने यह भी कहा कि भारत को अपनी शिक्षा प्रणाली में सुधार करना चाहिए, ताकि वह अपने वर्कफोर्स के स्किल विकास कर सके।

## मारुति सुजुकी फ्रोंक्स की हो रही शानदार बिक्री




**नई दिल्ली ।** भारत और विदेश में मारुति सुजुकी फ्रोंक्स की शानदार बिक्री हो रही है। कंपनी इस गाड़ी की दोनों बाजारों में 2 लाख से ज्यादा यूनिट्स बेच चुकी है। मारुति सुजुकी फ्रोंक्स अब भारत से जापान निर्यात कर रही है। फ्रोंक्स को अब लैटिन अमेरिका, मध्य पूर्व और अफ्रीका के कई देशों में निर्यात किया जा रहा है। हाल ही में इसे जापान में भी निर्यात करना शुरू कर दिया गया है। जापानी कंपनी सुजुकी ने फ्रॉन्क्स के डिजाइन के लिए भारत में मारुति के साथ साझेदारी की है। इस कार का निर्माण भारत के गुजरात में किया जाता है। हालांकि सुजुकी द्वारा इसे डिजाइन किया गया है। भारत में बनने के कारण उम्मीद है कि यह जापान में भी पसंद की जाएगी। बता दें मारुति सुजुकी फ्रोंक्स ऑटो एक्सपो 2023 में लॉन्च की गई थी। इसकी बिक्री 24 अप्रैल 2023 से शुरू हुई थी। इस गाड़ी की 10 महीनों के अंदर 1 लाख से ज्यादा यूनिट बिक गई थी।

## ऑयल ऑफ मालाबार अब रतलाम में भी उपलब्ध




**रतलाम/इन्दौर।** उत्तरी केरल का मालाबार क्षेत्र नारियल की खेती के लिए जाना जाता है, क्योंकि अनुकूल जलवायु के चलते यहां गर्मी नमी और अच्छी बारिश होती है, जिससे नारियल की खेती के लिए यह स्थान एकदम सही है। आपको बता दें कि बेहतर नारियल तेल के लिए अच्छे नारियल बहुत ज़रूरी हैं और उत्तरी मालाबार प्रीमियम ग्रेड के नारियल के उत्पादन के लिए जाना जाता है, यही वजह है कि ऑयल ऑफ मालाबार ब्रांड अपने उत्पाद के लिए लगभग 10ञ नारियल तेल मालाबार से लेता है, ताकि अच्छे नारियल तेल का निर्माण किया जा सके। ऑयल ऑफ मालाबार रतलाम सहित मध्य प्रदेश में भी उपलब्ध हैं। ऑयल ऑफ मालाबार रतलाम सहित मध्य प्रदेश में भी उपलब्ध हैं। कम ही लोगों को पता होगा कि मालाबार तट पर सदियों से नारियल के पेड़ों की खेती की जा रही है, ऐतिहासिक प्रमाण बताते हैं कि हज़ारों सालों से नारियल के पेड़ इस क्षेत्र की मुख्य फसल थे और यह नारियल के व्यापार का भी प्रमुख केंद्र था। ऑयल अरब सागर के साथ मालाबार तट की महत्वपूर्ण स्थिति के कारण यहां अरब और यूरोपीय व्यापारियों के साथ नारियल का व्यापार किया जाता था। उत्तरी मालाबार में नारियल की अच्छी किस्में उगाई जाती हैं, यहां की जलवायु, भरपूर बारिश और अच्छी जल निकासी वाली मिट्टी के कारण नारियल में तेल की मात्रा भी अधिक होती है और उनका स्वाद भी बेहतर होता है। यहां के अधिकांश किसान आज भी रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग न करके खेती के पारंपरिक तरीके अपनाते हैं, जिससे नारियल का प्राकृतिक स्वाद और पोषण बना रहता है। ऑयल ऑफ मालाबार में नारियल के प्राकृतिक गुणों को बनाए रखने के लिए कठोर मापदंडों का पालन किया जाता है, स्थानीय सहकारी समितियां और कृषि संगठन खेती से लेकर कटाई, सुखाने की प्रक्रिया और प्रोसेसिंग तक गुणों के मापदंडों को बनाए रखते हैं, ताकि कटाई के बाद भी नारियल की ताज़गी और शुद्धता बनी रहे और तेल का भी अधिक उत्पादन हो पाए।ऑयल ऑफ मालाबार रतलाम सहित मध्य प्रदेश में भी उपलब्ध हैं।

## कारखानों के ज्यादातर मजदूरों का वेतन 20,000 से कम: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** देश में कारखानों में काम करने वाले ज्यादातर मजदूरों का वेतन 20,000 रुपये प्रतिमाह या उससे कम है। एक रिपोर्ट में कहा गया है, इससे पता चलता है कि कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा वित्तीय तनाव से झेल रहा है तथा आवास, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है। प्रौद्योगिकी से जुड़े एक श्रम प्रधान भर्ती मंच ने रिपोर्ट में कहा कि 57.63 प्रतिशत से अधिक श्रम प्रधान नौकरियां 20,000 रुपये प्रति माह या उससे कम वेतन सीमा में आती हैं। यह दिखाता है कि कई श्रमिक न्यूनतम मजदूरी के करीब कमाते हैं। रिपोर्ट से पता चला है कि लगभग 29.34 प्रतिशत श्रम प्रधान नौकरियां मध्यम आय वर्ग में हैं, जिनमें वेतन 20,000-40,000 रुपये प्रति माह है। इसमें कहा गया है कि इस श्रेणी में आने वाले श्रमिकों को वित्तीय सुरक्षा में मामूली सुधार का अनुभव होता है, लेकिन वे आरामदायक जीवन स्तर प्राप्त करने से बहुत दूर हैं। रिपोर्ट के अनुसार इस सीमा में आय से आवश्यकताएं तो पूरी हो जाती हैं, लेकिन बचत या निवेश के लिए बहुत कम गुंजाइश बचती है, जो इस श्रेणी के कार्यबल के एक बड़े हिस्से की आर्थिक कमजोरी को उजागर करता है। आंकड़ों से पता चलता है कि श्रम क्षेत्र में कम वेतन वाली नौकरियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और उच्च आय के लिए सीमित अवसर हैं।



# वैश्विक रुख और विदेशी निवेशक तय करेंगे शेयर बाजार की चाल: विश्लेषक

**- एफआईआई के पूंजी प्रवाह और कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव पर भी नजर रहेगी**

**मुंबई ।**




इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। कंपनियों के वित्तीय परिणाम जारी हो चुके हैं, ऐसे में इन दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह बात विशेषज्ञों ने कही है। इस सप्ताह जारी होने वाले अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे पर निवेशकों की नजर होगी। बाजार के विश्लेषकों ने कहा कि चूंकि कंपनियों के वित्तीय परिणाम आ चुके हैं, ऐसे में इस सप्ताह, वृहद आर्थिक मोर्चों पर ऐसी कोई महत्वपूर्ण गतिविधियां नहीं हैं, जिससे निवेशक संकेत लें। हालांकि, वैश्विक स्तर पर आर्थिक आंकड़े महत्वपूर्ण होंगे। इसमें जापान में मुद्रास्फीति आंकड़े और अमेरिकी एफओएमसी बैठक का ब्योरा महत्वपूर्ण हैं, जिसपर निवेशकों की नजरें होंगी। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता की स्थिति बाजार के लिए जोखिम बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कारोबारियों की विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पूंजी प्रवाह और कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव पर भी नजर होगी।अमेरिका में मंदी की आशंका कम होने से शुक्रवार को वैश्विक बाजार में तेजी आई। अमेरिका में मुद्रास्फीति में नरमी और खुदरा बिक्री के मजबूत आंकड़े जैसे सकारात्मक आंकड़ों ने मंदी की आशंकाओं को दूर किया है। इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अगले महीने की शुरुआत में नीतिगत दर में कटौती की संभावना से भारत सहित वैश्विक शेयर बाजारों में एक बड़ी तेजी आई। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि बाजार का रुख एफओएमसी बैठक के ब्योरे, अमेरिका में घरों की बिक्री के आंकड़ों से तय होगा। इस सप्ताह सभी की नजरें अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के ब्योरे पर होंगी। कुल मिलाकर हम उम्मीद करते हैं कि बाजार मजबूत होगा और वैश्विक गतिविधियों से संकेत लेगा।

# देश की शीर्ष 10 कंपनियों में सात का मार्केट कैप 1.40 लाख करोड़ बढ़ा

**टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इन्फोसिस सबसे ज्यादा लाभ में रहीं**

**नई दिल्ली ।** बीते सप्ताह देश की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) संयुक्त रूप से 1,40,863.66 करोड़ रुपये बढ़ा। बीएसई सेंसेक्स में एक प्रतिशत की तेजी के साथ कंपनियों का बाजार मूल्यांकन बढ़ा है। बेहतर कारोबारी उम्मीद के साथ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इन्फोसिस सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। पिछले सप्ताह अवकाश के कारण कारोबारी दिवस कम था। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 67,477.33 करोड़ रुपये बढ़कर 15,97,946.44 करोड़ रुपये, इन्फोसिस का मूल्यांकन 36,746.21 करोड़ रुपये बढ़कर 7,72,023.49 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 11,727.55 करोड़ रुपये बढ़कर 8,45,123.87 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 10,913.96 करोड़ रुपये बढ़कर 8,36,115.19 करोड़ रुपये, आईटीसी का मूल्यांकन 8,569.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,28,399.10 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 5,311.4 करोड़ रुपये बढ़कर 20,00,076.41 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 117.48 करोड़ रुपये बढ़कर 6,45,926.13 करोड़ रुपये रहा। हालांकि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसीआई) का बाजार पूंजीकरण 47,943.48 करोड़ रुपये घटकर 6,69,058.26 करोड़ रुपये पर रहा। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 13,064 करोड़ रुपये घटकर 12,43,441.53 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 10,486.42 करोड़ रुपये घटकर 7,25,080.10 करोड़ रुपये रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सबसे मूल्यवान कंपनी का दर्जा बरकरार रखा है। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

## बीपीसीएल अगले पांच साल में करेगी 1.7 लाख करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा है कि कंपनी अगले पांच साल में 1.7 लाख करोड़ रुपये के निवेश करने पर विचार कर रही है। कंपनी यह निवेश अपने मुख्य कारोबार तेल शोधन और ईंधन विपणन को बढ़ाने के साथ-साथ पेट्रोरसायन तथा हरित ऊर्जा जैसे नये क्षेत्रों में करेगी। बीपीसीएल के पास वर्तमान में देश की कुल तेल शोधन क्षमता का लगभग 14 प्रतिशत और ईंधन खुदरा नेटवर्क का लगभग एक चौथाई हिस्सा है। कंपनी नये क्षेत्रों में दस्तक देने के साथ अपने मुख्य कारोबार को बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी के अधिकारी ने सालाना रिपोर्ट में कहा है कि बीपीसीएल अब प्रोजेक्ट एस्पायर के रूप में कई दशक की आकांक्षी यात्रा के पहले चरण को लागू कर रही है। इसका पांच साल का रणनीतिक ढांचा दो मूलभूत स्तंभों पर आधारित है। इसमें मुख्य कारोबार को बढ़ावा और दूसरा भविष्य की परियोजनाओं में निवेश है। अे धिकारी ने कहा कि हमारी मध्यम अवधि की रणनीति जारी है। इसके तहत एक एक तरफ जहां हम अपने मुख्य कारोबार पेट्रोलियम उत्पादों की रिफाइनिंग और विपणन तथा खोज और उत्पादन गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ पेट्रोरसायन, गैस, हरित ऊर्जा, गैर-ईंधन खुदरा और डिजिटल जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर समान रूप से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## इस हफ्ते भारतीय स्टार्टअप्स ने जुटाई 395 मिलियन डॉलर फंडिंग

**नई दिल्ली ।** बीते हफ्ते भारतीय स्टार्टअप्स ने 20 डील के जरिए 395 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई है। यह आंकड़ा इससे पहले 113 मिलियन डॉलर का था, जो 22 डील में जुटाए गए थे। हॉस्पिटैलिटी और ट्रेवल-टेक कंपनी ओयो ने इस हफ्ते नेतृत्व किया है। सीरीज-जी राउंड के तहत इनक्रेड वेल्थ, पेशेंट कैपिटल, जेएंडए पार्टनर, मैनकाइंड फार्मा के प्रमोटर्स और एएसके फाइनेंशियल होल्डिंग्स और अन्य निवेशकों से 1,457 करोड़ रुपये (175 मिलियन डॉलर) की राशि जुटाई गई है। वही वेल्थ और एसेट्स मैनेजमेंट फर्म नियो की ओर से 400 करोड़ रुपये (करीब 48 मिलियन डॉलर) की राशि सीरीज-बी राउंड के तहत एमयूएफजी बैंक और न्यूयॉर्क आधारित यूक्लिडियन कैपिटल एलएलसी एवं अन्य निवेशकों से जुटाए हैं। ईवी फर्म एथर एनर्जी ने 71 मिलियन डॉलर की फंडिंग 1.3 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर जुटाई है, जो इस कंपनी को यूनिकॉर्न बना देती है। कंपनी को बीते तीन महीने में 125 मिलियन डॉलर की पूंजी जुटाने में सफलता मिली है। जुलाई में सभी भारतीय स्टार्टअप ने मिलकर 1.03 अरब डॉलर की राशि जुटाई थे। इसमें से 28 डील ग्रोथ या लेट स्टेज की थी, जिसमें 725 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया गया था। वहीं, 72 डील शुरुआती स्टेज की थी, इसमें 311.83 मिलियन डॉलर जुटाए गए थे। वहीं 26 डील में जुटाई गई राशि का खुलासा नही किया गया। हालांकि यह शुरुआती चरण की डील थी। जुलाई में दो भारतीय स्टार्टअप को 100 मिलियन डॉलर से ज्यादा की फंडिंग जुटाने में सफलता मिली थी। ई-कॉमर्स स्टार्टअप पर्पल और ऑटोमोटिव टेक स्टार्टअप रैपिडो दोनों में से हर एक ने 120 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया था। 2024 के पहले सात महीनों में भारतीय स्टार्टअप की ओर से कुल 8 अरब डॉलर की फंडिंग जुटाई जा चुकी है। 2023 में पूरे वर्ष के लिए यह आंकड़ा 11 अरब डॉलर और 2021 एवं 2022 में यह आंकड़ा 38 अरब डॉलर और 25 अरब डॉलर पर था।

# महिला कॉन्स्टेबल की डबल लव स्टोरी में 5 मरे



भागलपुर। पुलिस लाइन के सरकारी क्वार्टर नंबर 38 से 13 अगस्त की सुबह 6 बजे 5 लोगों की लाशें मिलती हैं। DIG विवेकानंद ने बताया कि दूध वाला दूध देने आता है, 15 मिनट तक दरवाजा खटखटाया पर कोई जवाब नहीं मिला। उसे शक हुआ तो आसपास के लोगों को बताया। पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर पंकज कुमार सिंह (32), बिहार पुलिस में सिपाही नीतू कुमारी (30), बेटा शिवांश (5), बेटी श्रेया (3) और मां आशा कुंवर (65) की लाश पड़ी थी। इनमें 4 लोगों की हत्या हुई थी। घर के मुखिया और महिला कॉन्स्टेबल के पति ने खुदकुशी की थी। इन पांचों मौत की मिस्ट्री की 2 थ्योरी सामने आई। पहली थ्योरी, भागलपुर पुलिस की- पति पंकज को पत्नी नीतू के अफेयर का शक था। इसलिए उसने पत्नी, मां और 2 बच्चों की हत्या की फिर फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। दूसरी थ्योरी, पंकज के सुसाइड नोट वाली- पंकज ने सुसाइड नोट में लिखा है कि पत्नी नीतू ने प्रेमी के लिए बच्चों और मां की हत्या कर दी। मैंने भी उसे वैसे ही मारा, जैसे उसने बाकियों को। शर्म से किसी को कुछ बता भी नहीं पाया। पंकज और कॉन्स्टेबल नीतू की बक्सर के एक मॉल में मुलाकात हुई थी। दोनों में दोस्ती हुई। दोस्ती प्यार में बदली। परिवार को मनाकर दोनों ने इंटरकास्ट शादी कर ली। शादी के बाद नीतू की बिहार पुलिस में जॉब लग गई। उसके 2 बच्चे हुए। पुलिस में सर्विस के दौरान ही नीतू की नजदीकियां क्राइम ब्रांच में तैनात सिपाही सूरज से बढ़ने लगी। प्रेमी सूरज ने पुलिस को बताया कि नीतू ने पति को तलाक देने का मन बना लिया था। हम दोनों शादी करने वाले थे। इस बार संडे बिग स्टोरी में पढ़िए 30 की साल महिला कॉन्स्टेबल की डबल लव स्टोरी में हुई 5 लोगों की मौत की पूरी कहानी कहानी शुरू होती है 2012 में बक्सर के एक मॉल से नीतू बक्सर जिले के नया बाजार स्थित तातो मोहल्ले में रहती थी। पंकज भोजपुर जिले के आरा का रहने वाला था। पंकज भोजपुर से बक्सर के मॉल में नौकरी करने पहुंचा तो उसकी मुलाकात नीतू से हुई। दोनों में दोस्ती हुई और ये प्यार में बदल गई। दोनों अलग-अलग जाति के थे। परिवार वालों ने भी एतराज जताया, लेकिन दोनों ने सभी को मनाया और शादी कर ली। 2015 में नीतू की बिहार पुलिस में नौकरी लग गई। 2017 में दोनों ने शादी की। नीतू और पंकज, परिवार के साथ भागलपुर में ही रह रहे थे। नीतू पुलिस ऑफिस की RTI ब्रांच में पोस्टेड थी। पंकज बेरोजगार था। पंकज के साथ मॉल में काम करने वाले उसके दोस्त अवध की मानें तो पंकज को अपनी पत्नी के खूबसूरत होने पर गर्व था। वो कहता था कि 'वो सांवला है, लेकिन फिर भी नीतू ने उसे पसंद किया। वो उससे बहुत प्यार करती है। शहर से बाहर जाने पर कॉल कर कहती-तुम याद आ रहे हो।' दोनों की जिंदगी की गाड़ी मजे में आगे बढ़ रही थी। दोनों के 2 बच्चे शिवांश (5), बेटी श्रेया (3) हुए। मां भी साथ रहती थी। नवगछिया में पोस्टिंग के बाद नीतू और पंकज की दूरी बढ़ने लगी। कॉन्स्टेबल सूरज की एंट्री से दोनों की जिंदगी में भूचाल आ गया। पंकज को ये पता चल चुका था कि नीतू किसी से छिपकर मिलती है। वारदात के पहले पंकज ने दोस्त को बताया अपना दर्द नीतू अब मेरे ऊपर हाथ उठाने लगी है पंकज रोज अपने दोस्त अवध से मिला करता था। वो घर की हर बात उससे शेयर करता था। वारदात से पहले भी वो अवध से मिला था। पंकज परेशान था। पंकज को नीतू के अफेयर की भनक थी। सोमवार को पंकज ने पत्नी को प्रेमी सूरज के साथ देख लिया था। जिसके बाद पंकज गुस्से में आग बबूला था। इसे लेकर दोनों में लड़ाई भी हुई थी। डीआईजी विवेकानंद ने बताया कि आसपास के लोगों से जानकारी हुई है कि पति-पत्नी में अक्सर झगड़ा होता था। कभी-कभी दोनों सड़क पर लड़ने लगते थे। वारदात वाली शाम परेशान था पंकज सूत्रों के अनुसार महिला सिपाही नीतू का पति पंकज घटना से पहले काफी बेचैन था। वह अपने दिल की बात किसी से बताना चाहता था। घटना वाली शाम 7 बजे से रात 9 बजे के बीच वो तीन बार अपने पड़ोसी के घर गया था। तीनों बार निराश लौट गया, क्योंकि उस वक्त पड़ोस में रहने वाले सिपाही आनंद ड्यूटी पर गए थे। पंकज ने सुसाइड नोट पड़ोसी सिपाही आनंद के नाम पर ही लिखा था।

## बेटे के साथ BJP में शामिल हुए बाहुबली सुनील पांडे



पटना। पूर्व विधायक और बाहुबली सुनील पांडे रविवार को बीजेपी में शामिल हो गए। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। सुनील पांडे के बेटे विशाल प्रशांत ने भी पार्टी की सदस्यता ली है। इससे पहले सुनील पांडे राष्ट्रीय लोजपा में पशुपति पारस के साथ थे। सुनील पांडे ने 2006 में पटना के ASP को गोली मारने की बात कही थी। इसके बाद नीतीश कुमार ने पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। सुनील पांडे का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है, लेकिन दिलीप जायसवाल का कहना है कि वे अब पार्टी के सम्मानित सदस्य हैं। नरेंद्र पांडे उर्फ सुनील पांडे का आपराधिक इतिहास रहा है। लालू-राबड़ी राज के दौरान हत्या, डकैती, अपहरण, लूट के कई मामलों में नामदज रहे हैं। इनके खिलाफ जेल में रहकर मोबाइल चलाना, अस्पताल के कैदी वार्ड में मरीज बनकर रहकर कारोबार को बढ़ाने का भी आरोप रहा है। भाजपा भी काफी विरोध करती थी। नब्बे के दशक में आरा, भोजपुर, बक्सर से बनारस तक वर्चस्व था। फरार रहने के दौरान चुनाव जीते सुनील पांडे समता पार्टी से 2000 में पहली बार विधायक बने। उन्होंने पीरो विधानसभा सीट से आरजेडी कैंडिडेट काशीनाथ को मात दी थी। इस दौरान वे फरार चल रहे थे। शपथ ग्रहण के लिए पहुंचे तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। 2000 में नीतीश की 7 दिन की सरकार में बाहुबलियों का समर्थन दिलाने में सुनील पांडे ने काफी मेहनत की थी । इसके बाद 2005 दो बार वे विधायक चुने गए। क्योंकि 2005 में दो बार विधानसभा चुनाव हुआ था।

बयानबाजी की वजह से सुनील पांडे को 2006 में जदयू से निकाल दिया गया था। दरअसल, बाहुबली और पूर्व सांसद आनंद मोहन के मामले में सुनील पांडे ने नीतीश सरकार की काफी आलोचना की थी। उन्होंने वहां तक कह दिया था कि वे एएसपी को गोली मार देते। आनंद मोहन को होटल से पकड़ कर धक्के मारते हुए गाड़ी में बिठाया गया था। इस पर सुनील पांडे ने कहा था कि नीतीश सरकार में अफसरशाही बढ़ गई है। अगर मेरे साथ एएसपी ने ऐसा व्यवहार किया होता तो गोली मार देता ।

## फ्रिज और वॉशिंग मशीन के लिए पत्नी को पीटा



भोजपुर। में पति और देवर ने मिलकर विवाहिता की पिटाई कर दी। मारपीट में महिला बुरी तरह से जख्मी हो गई। उसने मामले की सूचना घर से बाहर निकलकर अपने मायके वालों को दी। मायके वाले ससुराल पहुंचे और महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां महिला का इलाज चल रहा है। घायल महिला नगर थाना अंतर्गत रौजा मुहल्ला निवासी मो.छोटू की 25 वर्षीय पत्नी रौशनी खातून है। पीड़ित महिला के पिता मो. अमजद ने कहा कि मैंने अपनी बेटी की शादी मई 2022 में मो.फहीम के पुत्र मो. छोटू से की थी। शादी में सिर्फ फ्रिज और वॉशिंग मशीन नहीं दिया था। कुछ बीत जाने के बाद पति और देवर फ्रिज की मांग करने लगे। कहने लगे कि खाना, पानी रखने में दिक्कत हो रही है। तुम अपने पिता से एक फ्रिज और कपड़ा धोने के लिए वॉशिंग मशीन मांगों । पीड़ित के पिता ने बताया कि मैं रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा हूं। मेरी हैसियत नहीं कि मैं ये सामान दे सकूं। तब से मेरी बेटी को ये लोग प्रताड़ित कर रहे हैं। कुछ दिन पहले भी मारपीट की गई थी, लेकिन अपनी बेटी का घर बसाने के लिए पंचायत स्तर पर सुलह करा दिया था ।

## अवैध हथियार के साथ बनाया वीडियो वायरल




अररिया। के रानीगंज थाना के साइबर सेनानी वाले व्हाट्सएप ग्रुप में भोजपुरी गाने पर अवैध हथियारों के प्रदर्शन का फोटो और वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वही वायरल वीडियो मामले को गंभीरता से लेते हुए अररिया एसपी अमित रंजन ने जांच के आदेश दिए है। एसपी अमित रंजन ने रानीगंज थाना समेत डीआईयू टीम और तकनीकी टीम को वीडियो और फोटो की प्रामाणिकता की जांच करने के साथ ही हथियार के साथ प्रदर्शन करने वाले युवक को चिह्नित कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।वायरल वीडियो में भोजपुरी गाने पर हथियार का प्रदर्शन और कारतूस लगाने के साथ अररिया जिला बीआर 38,किंग भाई परमानंदपुर बीआर 38 आदि लिखा है। रील्स के रूप में एक नहीं बल्कि अनेकों वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। जिसमें आधा दर्जन से अधिक करीब आठ अलग-अलग तरह के अवैध हथियारों में कारतूस भरते ,मैगजीन डालते और निकालते दिखाया गया है। अलग अलग वीडियो में बाइक से लेकर खड़ा हथियारों के साथ प्रदर्शन किया गया है। हालांकि हथियार का प्रदर्शन करने वाले कहीं भी अपना चेहरा नहीं दिखाया गया है। जबकि वायरल तस्वीर में चेहरा है। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। अररिया एसपी ने कहा कि वायरल वीडियो डीआईयू टीम व टेक्निकल सेल को दिया गया है। और वीडियो में जो कुछ भी है उसे प्रमाणिकता की जांच कर रहे हैं। हथियार के साथ रील बनाने वाले को गिरफ्तार किया जाएगा।

## पुलिस के डर से बच्चे को छोड़ भागे किडनैपर्स



गोपालगंज। के थावे थाना क्षेत्र के थावे रेलवे स्टेशन के पास से अपहत बच्चे को पुलिस ने बरामद किया है। बरामद बच्चे के परिजनों को इसकी सूचना देकर थाना बुलाया गया। उसको मेडिकल जांच के बाद सुपुर्द कर दिया गया। अपने बच्चे को पाकर परिजनों और पुलिस ने राहत की सांस ली। बताया गया कि पुलिस को सूचना मिली कि एक बच्चा थावे रेलवे स्टेशन पर मिला है। मौके पर पहुंची थावे थाना की पुलिस ने जब उसकी पहचान कराई तो वह मीरगंज थाना क्षेत्र के मटिहानी नैन बरई पट्टी निवासी अपहत बच्चा बबलू कुमार का एक वर्षीय बेटा ऋषभ कुमार निकला। इसे 16 अगस्त को बाइक सवार बदमाशों ने किडनैप कर लिया था।अपहरणकर्ताओं ने पुलिस दबिश के कारण उसे छोड़ा और फरार हो गए थे। खेलने के दौरान ही घर के बाहर से बच्चे का अपहरण हुआ था। मौके पर मौजूद जब उसकी 5 वर्षीय बहन रोते हुई शोर मचाई तब उसकी मां मौके पर पहुंची तब तक अपहरणकर्ता बच्चे को लेकर फरार हो चुके थे। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच कर बच्चे की बरामदगी में जुट गई थी। साथ ही हथुआ एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर दिया गया था। एसआईटी ने विभिन्न जगहों पर लगे सीसीटीवी को खंगाल कर अपहरणकर्ता का एक फोटो निकाला गया और उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया। इसके अलावा लगातार बच्चे की बरामदगी और अपहरणकर्ताओं की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। जिसके बाद पुलिसिया दबिश के कारण आरोपियों ने बच्चा को थावे रेलवे स्टेशन पर छोड़ कर फरार हो गए।

## लोगों ने चंदा वसूल 3 लाख में बनाया चचरी पुल



समस्तीपुर। के कल्याणपुर प्रखंड से गुजरने वाली शांति नदी पर बघला गांव के लोगों ने जज्बे का चचरी पुल बनाया है। मानसून शुरू होते ही शांति नदी में आई बाढ़ के कारण चकमेहसी और बघला गांव को जोड़ने वाली डायवर्सन के बह जाने से बघला का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क भंग हो गया था। इसी स्थल पर नया पुल का भी निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन नदी में पानी आ जाने के बाद निर्माण कार्य को रोक दिया गया। लोगों के सामने आवागमन के लिए नाव ही एकमात्र सहारा बचा था। जिस कारण ग्रामीणों का कामकाज काफी प्रभावित हो रहा था।बगल गांव निवासी पंकज कुमार बताते हैं कि परेशानी को देखते हुए लोगों ने पंचायत प्रशासन से लेकर प्रखंड प्रशासन को भी मदद की गुहार लगाई। प्रखंड प्रशासन की ओर से नाव की व्यवस्था की गई। इसके बाद लोगों ने आपसी सहयोग कर चचरी का पुल बनाने का निर्णय लिया। ग्रामीणों द्वारा आपसी सहयोग से 3 लाख रुपए चंदा वसूली की गई और ग्रामीणों ने पुल बनाने में खुद मजदूर की भूमिका निभाई और करीब 20 दिनों की कड़ी मेहनत के बाद पुल का निर्माण कर लिया।

## संक्षिप्त डायरी

### बिजली ऑफिस से कर्मी गायब, अपहरण की आशंका



गोपालगंज। के नगर थाना क्षेत्र के अरार मोड़ स्थित बिजली विभाग के कर्मी संदिग्ध स्थिति में गायब हो गया वही उसकी गायब होने की शिकायत बिजली विभाग के अधिकारियों ने नगर थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण की आशंका जताते हुए लिखित आवेदन देकर मामले की जानकारी दी है। गायब बिजली कर्मी की पहचान नगर थाना क्षेत्र के हरखुआ वार्ड नंबर 24 निवासी मनोज सिंह के बेटे रंजीत कुमार सिंह(18) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रंजीत कुमार सिंह पिछले 6 वर्षों से अरार स्थित बिजली विभाग में बरौली सब डिविजन के स्विच बोर्ड ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। रोज की तरह शनिवार को वह अपने ड्यूटी पर तैनात था। इसी बीच वह गायब हो गया। स्कॉर्पियो में सवार लोग उठाकर ले गए बिजली विभाग के गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड ने बताया कि चार पांच लोग स्कॉर्पियो में सवार होकर पहुंचे और ऑपरेटर को अपने साथ लेकर चले गए। वही इसकी सूचना तत्काल अपने अधिकारियों और डायल 112 को दी गई ' सूचना पाकर पहुंची डायल 112 की टीम पहुंची और मामले की जानकारी प्राप्त कर थाना को सूचित कर दिया।मांझा विद्युत आपूर्ति प्रशाखा के कनीय विद्युत अभियंता पंकज ठाकुर ने नगर थाना में लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने बताया कि रंजीत कुमार सिंह अरार विद्युत शक्ति उपकेंद्र में ऑन ड्यूटी कर रहे थे, जानकारी मिली कि अज्ञात लोगों द्वारा उसका अपहरण कर लिया गया है तब से लेकर हम लोग सरकारी नंबर पर संपर्क कर रहे हैं थे, लेकिन रिसीव नहीं हो रहा है। उन्होंने दिए गए आवेदन में कहा कि सरकारी नंबर के कारण कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। पुलिस ने बुलाकर लाया एसपी स्वर्ण प्रभात से जब बात की तो उन्होंने बताया पुलिस द्वारा एक मामले में उसे लेकर आई है। हालांकि उन्होंने इस बात की जानकारी नहीं दी है कि किस मामले में पुलिस ने उसे लेकर आई थी।

8वीं की छात्र की मुंह-पेट में गोली मारकर हत्या

### भोजपुर में शनिवार की रात 8वीं की छात्र की मुंह और पेट में गोली मारकर हत्या कर दी गई।



भोजपुर। छात्र का शव देर रात एक सरकारी स्कूल के पीछे से बरामद किया गया। घटना इमादपुर थाना क्षेत्र के इमादपुर गांव की है। इधर, पुलिस इसे प्रेम-प्रसंग में हत्या की घटना के तौर पर देख रही है। पर परिजनों का कहना है कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं पता। उनका किसी से विवाद भी नहीं था। मृतक की पहचान इमादपुर गांव के वार्ड नंबर आठ निवासी विद्यानंद पांडेय के 13 वर्षीय पुत्र पुष्पम राज कुमार उर्फ भोलू के रूप में की गई है। घटना के बाद से उसका मोबाइल भी गायब है। मृत छात्र अपने तीन बहन के बाद सबसे छोटा था और अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था। पिता किसान हैं। मृतक के चचेरे चाचा ऋषि राज कुमार ने बताया कि वह शनिवार की रात दलान में अपने दादा राजेश्वर पांडेय के साथ सोया हुआ था। लेकिन वहां से वह बाहर कब निकला, यह किसी को नहीं मालूम। करीब देर रात 12 बजे जब उसके दादा राजेश्वर पांडेय की नींद खुली तो उन्होंने देखा कि पुष्पम वहां पर नहीं है। इसके बाद परिजनों ने खोजबीन करना शुरू किया। तभी बालू घाट से काम कर वापस लौट रहे मजदूरों ने बताया कि गांव के मध्य विद्यालय के पीछे एक किशोर खून से लथपथ स्थिति में पड़ा हुआ है। सूचना पाकर परिजन जब वहां पहुंचे तो उन्होंने पुष्पम की पहचान की। उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना की पुलिस को दी गई। वहीं, दूसरी ओर मृत छात्रा के चचेरे चाचा ने उसके व परिवार के अन्य सदस्य का गांव में किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार का विवाद या दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है।इधर, इस मामले में पीरो एसडीपीओ राहुल कुमार सिंह ने बताया कि अभी हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। मृत छात्र के परिजन द्वारा भी कुछ क्लियर नहीं बताया जा रहा है। उनके आवेदन देने के बाद ही करण का पता चल पाएगा। जबकि सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेम-प्रसंग के मामले में छात्र की गोली मारकर हत्या करने की बात सामने आ रही है।

## जलजमाव की समस्या को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन



बगहा। नगर परिषद के वार्ड-28 स्थित कमलनाथ तिवारी रोड, हनुमानगढ़ी के पास मारवाड़ी मोहल्ले में नाली की कमी के कारण सड़कों पर जलजमाव की समस्या बढ़ती जा रही है। इससे परेशान स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर जमा पानी में खड़े होकर अपनी नाराजगी जाहिर की और यथाशीघ्र सड़क और नाली निर्माण की मांग की। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि यह सड़क हनुमान मंदिर रोड, मारवाड़ी मोहल्ला होते हुए पंडित उमाशंकर तिवारी महिला कॉलेज, पक्की बावली और सोझी घाट तक जाती है। इस मार्ग से हर दिन हजारों लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चों का भी आवागमन होता है। हल्की बारिश होते ही नाली के अभाव में सड़क पर जलजमाव हो जाता है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासी अनिल यादव ने बताया, नगर परिषद की लापरवाही के कारण हमें यह परेशानी झेलनी पड़ रही है। अगर जल्द ही सड़क और नाली का निर्माण नहीं किया गया, तो हम लोग चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। अविनाश पांडेय ने कहा, यह रास्ता नगर की लाइफलाइन है। अगर समय रहते इसका समाधान नहीं किया गया, तो यह समस्या और गंभीर हो जाएगी।

## बेगूसराय उप नगर आयुक्त ने भतीजी से की लव मैरिज

### शादी के बाद लड़की बोली- प्यार किया है कोई गुनाह नहीं, घर वालों ने झूठा केस किया



बेगूसराय। नगर निगम के उप नगर आयुक्त शिव शक्ति कुमार (31) ने अपनी भतीजी सजल सिंधु (24) से लव मैरिज कर ली है। 14 अगस्त को खगड़िया के कात्यायनी मंदिर में दोनों ने शादी की। शादी के तीन दिन बाद दोनों ने एक वीडियो जारी किया है। वीडियो में सजल सिंधु ने कहा है कि 12वीं क्लास से हमारा अफेयर चल रहा था। हमने प्यार किया है कोई गुनाह नहीं। लड़की के घर वालों ने बेगूसराय के उप नगर आयुक्त पर लड़की के अपहरण का केस दर्ज कराया था। 2015 से हम दोनों साथ हैं सजल ने कहा कि 'हम लोगों का पैतृक निवास एक ही जगह है। 2015 से हम दोनों एक-दूसरे के साथ हैं। 2015 में मैट्रिक पास करने के बाद मैं बीएचयू बनारस के सेंट्रल हिंदू गर्ल स्कूल में इंटर की पढ़ाई करने के लिए गई। शिव शक्ति पीजी करने गए थे। हम दोनों पहले से एक-दूसरे को जानते थे, वहीं मिले। पहले से विचार को समझते थे, वहां वक्त मिला तो एक-दूसरे की विचारधारा को गहराई से जाना-समझा। धीरे-धीरे प्रेम बढ़ते गया। 14 अगस्त को हमने खगड़िया के चर्चित शक्तिपीठ मां कात्यायनी के समक्ष प्रेम विवाह कर लिया।' सजल ने कहा कि '2 जनवरी 2023 को मेरे पिताजी का निधन हो गया, डेढ़ साल में मैं मानसिक दबाव में रही, टूट रही थी। अब मां दुर्गा और भगवान कृष्ण के आशीर्वाद से शिव शक्ति सहभागी बने हैं। शिव शक्ति के खिलाफ वैशाली में FIR दर्ज हुई है। जिसमें उनके जीजा, मां और पुणे में कार्यरत भाई के अलावा एक अन्य लोगों को भी नामजद किया गया है। केस कर हम दोनों के जीवन और शिव शक्ति के कार्य को डिस्टर्ब करने का प्रयास किया गया है। मैं शिव शक्ति को 10 साल से जानती हूं, लेकिन परिवार को 24 सालों से जान रही हूं। हमारे परिवार के लोग किताब में पढ़े चीज को जीवन में शामिल करें, हमारे रिश्ते को स्वीकारें। उप नगर आयुक्त से शादी करने के बाद सजल ने कहा कि अपहरण का आरोप झूठा है।सजल सिंधु के चाचा अरुण कुमार राय ने उप नगर आयुक्त शिव शक्ति के खिलाफ वैशाली में अपहरण का मामला दर्ज कराया है। इसके साथ ही मेयर से भी शिकायत की है। लड़की के चाचा ने जो आवेदन दिया है, उसमें उन्होंने कहा है कि बेगूसराय नगर निगम में पोस्टेड शिव शक्ति कुमार रिश्ते में मेरा चचेरा भाई है। उसने 12 अगस्त की सुबह मेरी भतीजी सजल सिंधु (24) का अपहरण किया और बेगूसराय नगर निगम कार्यालय ले आया। खोजबीन करते हुए बेगूसराय पहुंचे तो नगर निगम कार्यालय में रिकॉर्ड एक वीडियो मिला। जिसमें अपहत सजल सिंधु से जबरन बयान दिलाया गया है। वहीं मेयर का कहना है कि उप नगर आयुक्त शिव शक्ति बिना छुट्टी अप्रूव हुए ही गायब हो गए हैं। जांच में पता चला है कि उनका व्यवहार भी ठीक नहीं है। लड़की के परिजनों की शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस ने उप नगर आयुक्त की तलाश में जुटी है।



# रक्षाबंधन राखी पर यदि कर लिए ये 8 अचूक उपाय

19 अगस्त 2024 को रक्षा बंधन का त्योहार मनाया जाएगा। राखी के इस पर्व पर श्रावण मास की पूर्णिमा होती है। यदि आप आर्थिक संकट से परेशान हैं, कर्ज से मुक्ति चाहते हैं और दरिद्रता आपको सता रही है तो इस बार रक्षाबंधन पर आजमाएं हमारे बताए गए 8 अचूक उपाय।

1. रक्षा बंधन का त्योहार पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है पूर्णिमा के देवता चंद्रमा है। इस तिथि में चंद्रदेव की पूजा करने से मनुष्य का सभी जगह आधिपत्य हो जाता है। यह सौम्या तिथि हैं।

2. रक्षाबंधन पर 5 शुभ योग का संयोग आ रहा है, जो बहुत दुर्लभ योग है। इन योगों के नाम हैं- सर्वार्थ सिद्धियोग, रवियोग, सौभाग्ययोग, शोभनयोग और श्रावण नक्षत्र के संयोग सहित ये 5 योग हैं। अत- इस दिन व्रत रख कर रक्षा बंधन मनाने का कई गुना लाभ है।



3. रक्षा बंधन पर हनुमानजी को राखी बांधने से वे भाई-बहनों के बीच के क्रोध को शांत करके उनमें आपसी प्रेम को बढ़ा देते हैं।

4. आपको यदि ये लगता है कि मेरे भाई को किसी की नजर लग गई है तो आप इस दिन फिटकरी को अपने भाई के उपर से 7 बार वार कर उसे किसी चौराहे पर फेंक आएं या चूल्हे की आग में जला दें। इससे नजर दोष दूर हो जाएगा

5. यह भी कहा जाता है कि इस दिन गणेशजी की पूजा करने से भाई-बहन के रिश ते में प यार बढ़ जाता है।

6. इस दिन बहन को हर तरह से खुश रखने और उसे उसका मनपसंद उपहार देने से भाई के जीवन में भी गई खुशियां लौट आती हैं।

7. दरिद्रता दूर करने के लिए अपनी बहन के हाथ से गुलाबी कपड़े में अक्षत, सुपारी और एक रुपए का सिक्का ले लें। इसके बाद अपनी बहन को वस्त्र और मिठाई उपहार और रुपए दें और चरण छूकर उसका आशीर्वाद लें। दिए गए गुलाबी कपड़े में लिया गया सामान बांधकर उचित स्थान पर रखने इसे घर की दरिद्रता दूर हो जाएगी।

8. एक दिन एकाशना करने के उपरांत रक्षाबंधन वाले दिन शास्त्रीय विधि-विधान से राखी बांधते हैं। फिर साथ ही वे पितृ-तर्पण और ऋषि-पूजन या ऋषि तर्पण भी किया जाता है। ऐसा करने से पितरों का आशीर्वाद और सहयोग मिलता है जिससे जीवन के हर संकट समाप्त हो जाते हैं।

# पौराणिक प्रसंग

राखी का त्योहार कब शुरू हुआ यह कोई नहीं जानता। लेकिन भविष्य पुराण में वर्णन मिलता है कि देव और दानवों में जब युद्ध शुरू हुआ तब दानव हावी होते नज़र आने लगे। भगवान इन्द्र घबरा कर बृहस्पति के पास गये। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इंद्राणी सब सुन रही थी। उन्होंने रेशम का धागा मन्त्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के हाथ पर बाँध दिया। संयोग से वह श्रावण पूर्णिमा का दिन था। लोगों का विश्वास है कि इन्द्र इस लड़ाई में इसी धागे की मन्त्र शक्ति से ही विजयी हुए थे। उसी दिन से श्रावण पूर्णिमा के दिन यह धागा बाँधने की प्रथा चली आ रही है। यह धागा धन, शक्ति, हर्ष और विजय देने में पूरी तरह समर्थ माना जाता है। इतिहास मे कृष्ण और द्रौपदी की कहानी प्रसिद्ध है, जिसमे युद्ध के दौरान श्री कृष्ण की उंगली घायल हो गई थी, श्री कृष्ण की घायल उंगली को द्रौपदी ने अपनी साड़ी मे से एक टुकड़ा बाँध दिया था, और इस उपकार के बदले श्री कृष्ण ने द्रौपदी को किसी भी संकट मे द्रौपदी की सहायता करने का वचन दिया था। स्कन्ध पुराण, पद्मपुराण और श्रीमद्भागवत में वामनावतार नामक कथा में रक्षाबन्धन का प्रसंग मिलता है। कथा कुछ इस प्रकार है, दानवेन्द्र राजा बलि ने जब 100 यज्ञ पूर्ण कर स्वर्ग का राज्य छीनने का प्रयत्न किया तो इन्द्र आदि देवताओं ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। तब भगवान वामन अवतार लेकर ब्राह्मण का वेष धारण कर राजा बलि से भिक्षा माँगने पहुँचे। गुरु के मना करने पर भी बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी। भगवान ने तीन पग में सारा आकाश पाताल और धरती नापकर राजा बलि को रसातल में भेज दिया। इस प्रकार भगवान विष्णु द्वारा बलि राजा के अभिमान को चकनाचूर कर देने के कारण यह त्योहार बलेव नाम से भी प्रसिद्ध है कहते हैं एक बार बलि रसातल में चला गया तब बलि ने अपनी भक्ति के बल से भगवान को रात-दिन अपने सामने रहने का वचन ले लिया। भगवान के घर न लौटने से परेशान लक्ष्मी जी को नारद जी ने एक उपाय बताया। उस उपाय का पालन करते हुए लक्ष्मी जी ने राजा बलि के पास जाकर उसे रक्षाबन्धन बांधकर अपना भाई बनाया और अपने पति भगवान विष्णु को अपने साथ ले आयी। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि थी। विष्णु पुराण के एक प्रसंग में कहा गया है कि श्रावण की पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु ने हयग्रीव के रूप में अवतार लेकर वेदों को ब्रह्मा के लिये फिर से प्राप्त किया था। भगवान हयग्रीव को विद्या और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है।



# रक्षाबंधन भाई और बहन के प्यार का प्रतीक




रक्षा बंधन का त्योहार हर साल श्रावण पूर्णिमा को मनाया जाता है। रक्षा बंधन का त्योहार भाई बहन के प्यार का प्रतिक है, जिसे राखी का त्योहार भी कहा जाता है। रक्षा बंधन पर बहन भाई की कलाई पर राखी बंधती और उसके सुखी जीवन की प्राथना करती है। इसके साथ ही बहन बहन से अपनी सुरक्षा का वचन लेती है। रक्षा बंधन हिन्दुओं को प्रमुख त्योहार है, जिसे पूरे भारत समेत अन्य देशों में भी मनाया जाता है। रक्षा बंधन का त्योहार भाई और बहन के बीच के बंधन को मजबूत करने वाला पर्व है। रक्षा बंधन का अर्थ है रक्षा का बंधन, यह का पर्व हर साल श्रावण मास पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन बहन अपने भाई की रक्षा के लिए उसकी कलाई पर राखी नामक पवित्र धागा बांधती है। श्रावण मास की पूर्णिमा पर मनाया जाने वाला रक्षा बंधन भारत का सबसे लोकप्रिय त्योहार है। राखी के त्योहार को लेकर कई प्राचीन कहानियां प्रचलित में हैं। अगर हम इतिहास में देखें तो भाई और बहन के बीच प्यार का प्रतिक रक्षा बंधन युद्ध में जीत का भी प्रतिक है।






## राखी और आधुनिक तकनीकी माध्यम

आज के आधुनिक तकनीकी युग एवं सूचना सम्प्रेषण युग का प्रभाव राखी जैसे त्योहार पर भी पड़ा है। बहुत सारे भारतीय आजकल विदेश में रहते हैं एवं उनके परिवार वाले (भाई एवं बहन) अभी भी भारत या अन्य देशों में हैं। इण्टरनेट के आने के बाद कई सारी ई-कॉमर्स साइट खुल गयी हैं जो ऑनलाइन आर्डर लेकर राखी दिये गये पते पर पहुँचाती है। इसके अतिरिक्त भारत में राखी के अवसर पर इस पर्व से सम्बन्धित एक एनीमेटेड सीडी भी आ गयी है जिसमें एक बहन द्वारा भाई को टीका करने व राखी बाँधने का चलचित्र है। यह सीडी राखी के अवसर पर अनेक बहनें दूर देश में रहने वाले अपने भाइयों को भेज सकती हैं।

# रक्षा बंधन पर भद्रा काल और पंचक से डरने की जरूरत नहीं, बांधें इस शुभ मुहूर्त में राखी

सावन माह की पूर्णिमा यानी 19 अगस्त 2024 सोमवार के दिन रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जा रहा है। इस दिन भद्रा का साया रहेगा और इसी के साथ ही पंचक भी प्रारंभ होगा। बीच में अशुभ मुहूर्त भी रहेगा। कई लोग असमंजस में हैं कि फिर राखी कब बांधें। उनके लिए यहां प्रस्तुत है शास्त्र सम्मत शुभ मुहूर्त।

**भद्रा का वास:** 19 अगस्त 2024 को भद्रा का वास पाताल लोक में रहेगा। अधिकतर ज्योतिष मान्यता के अनुसार यदि भद्रा पृथ्वीलोक की हो तो ही इसके नियम मान्य होते हैं। भद्राकाल प्रात- 05:53 से दोपहर 01:30 तक रहेगा। इसलिए इसके बाद शुभ मुहूर्त में राखी बांध सकते हैं।

**पंचक काल :** 19 अगस्त 2024 को शाम 7 बजे से पांच दिनों के लिए अशुभ पंचक काल प्रारंभ होगा। हालांकि सोमवार को पड़ने वाला पंचक राज पंचक कहलाता है। राज पंचक को शुभ फलदायी माना जाता है इसलिए इस काल में राखी बांधने में कोई दोष नही लगेगा। यह पंचक शुभ माना जाता है और मान्यता अनुसार इसके प्रभाव से पांच दिनों में कार्यों में सफलता मिलती है खासकर सरकारी कार्यों में सफलता के योग बनते हैं साथ ही संपत्ति से जुड़े काम करना भी शुभ होता है।

**नक्षत्र :** इस दिन धनिष्ठा नक्षत्र रहेगा। धनिष्ठा नक्षत्र में शुरु होने वाले पंचक में अग्नि का भय रहता है। इसलिए सावधानी रहें। राखी बांधने में कोई दोष नहीं है।

**शुभ मुहूर्त का समय :** 19 अगस्त को रक्षाबंधन का मुहूर्त दोपहर में 03:40 बजे से रात 9:08 बजे तक रहेगा। इस बीच शुभ मुहूर्त या चौघड़ियां में राखी बांध सकते हैं।

रक्षाबंधन पर राखी बांधने का शुभ मुहूर्त-

अभिजीत मुहूर्त : सुबह 11:58 से दोपहर 12:51 तक।

विजय मुहूर्त : दोपहर 02:35 से दोपहर 03:27 तक।

गोधूलि मुहूर्त : शाम 06:56 से 07:18 तक।

रक्षा बंधन प्रदोष मुहूर्त : शाम 06:56:06 से रात्रि 09:07:31 तक।

सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त : मध्याह्न 3:30 से 6:45 मिनट तक।

# क्या होती है भद्रा?

रक्षाबंधन के पर्व पर भद्राकाल का विशेष ध्यान रखा जाता है। भद्रा में राखी न बंधवाने के पीछे एक पौराणिक मान्यता प्रचलित है। मान्यता के अनुसार लंकापति राजा रावण ने अपनी बहन से भद्रा के समय ही राखी बंधवाई थी। भद्राकाल में राखी बांधने के कारण ही रावण का सर्वनाश हुआ था। इसी मान्यता के आधार पर जब भी भद्राकाल होता है तो उस समय बहनों को अपने भाइयों की कलाई पर राखी नहीं बांधती हैं। इसके अलावा भद्राकाल में भगवान शिव तांडव नृत्य करते हैं इस कारण से भी भद्रा में शुभ कार्य नहीं किया जाता है।




# रक्षाबन्धन पर्व सामाजिक और पारिवारिक एकबद्धता या एकसूत्रता का सांस्कृतिक उपाय

रक्षाबन्धन पर्व सामाजिक और पारिवारिक एकबद्धता या एकसूत्रता का सांस्कृतिक उपाय रहा है। विवाह के बाद बहन पराये घर में चली जाती है। इस बहाने प्रतिवर्ष अपने सगे ही नहीं अपितु दूरदराज के रिश्तों के भाइयों तक को उनके घर जाकर राखी बाँधती है और इस प्रकार अपने रिश्तों का नवीनीकरण करती रहती है। दो परिवारों का और कुलों का पारस्परिक योग (मिलन) होता है। समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भी एकसूत्रता के रूप में इस पर्व का उपयोग किया जाता है। इस प्रकार जो कड़ी टूट गयी है उसे फिर से जागृत किया जा सकता है।

# ऐतिहासिक प्रसंग

राजपूत जब लड़ाई पर जाते थे तब महिलाएँ उनको माथे पर कुमकुम तिलक लगाने के साथ साथ हाथ में रेशमी धागा भी बाँधती थी। इस विश्वास के साथ कि यह धागा उन्हे विजयश्री के साथ वापस ले आयेगा। राखी के साथ एक और प्रसिद्ध कहानी जुड़ी हुई है। कहते हैं, मेवाड़ की रानी कर्मावती को बहादुरशाह द्वारा मेवाड़ पर हमला करने की पूर्व सूचना मिली। रानी लड़ने में असमर्थ थी अत उसने मुगल बादशाह हुमायूँ को राखी भेज कर रक्षा की याचना की। हुमायूँ ने मुसलमान होते हुए भी राखी की लाज रखी और मेवाड़ पहुँच कर बहादुरशाह के विरूद्ध मेवाड़ की ओर से लड़ते हुए कर्मावती व उसके राज्य की रक्षा की। एक अन्य प्रसंगानुसार सिकन्दर की पत्नी ने अपने पति के हिन्दू शत्रु पुरूवास को राखी बाँधकर अपना मुँहबोला भाई बनाया और युद्ध के समय सिकन्दर को न मारने का वचन लिया। पुरूवास ने युद्ध के दौरान हाथ में बँधी राखी और अपनी बहन को दिये हुए वचन का सम्मान करते हुए सिकन्दर को जीवन-दान दिया। महाभारत में भी इस बात का उल्लेख है कि जब ज्येष्ठ पाण्डव युधिष्ठिर ने भगवान कृष्ण से पूछा कि मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूँ तब भगवान कृष्ण ने उनकी तथा उनकी सेना की रक्षा के लिये राखी का त्योहार मनाने की सलाह दी थी। उनका कहना था कि राखी के इस रेशमी धागे में वह शक्ति है जिससे आप हर आपत्ति से मुक्ति पा सकते हैं। इस समय द्रौपदी द्वारा कृष्ण को तथा कुन्ती द्वारा अभिमन्यु को राखी बाँधने के कई उल्लेख मिलते हैं। महाभारत में ही रक्षाबन्धन से सम्बन्धित कृष्ण और द्रौपदी का एक और वृत्तान्त भी मिलता है। जब कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई। द्रौपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाड़कर उनकी उँगली पर पट्टी बाँध दी। यह श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। कृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय उनकी साड़ी को बढ़ाकर चुकाया। कहते हैं परस्पर एक दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई।



# 72 रन पर ऑलआऊट हुई ऑस्ट्रेलिया ए टीम, भारत को मिली बड़ी जीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मकाय-प्रिया मिश्रा के 5 और मिन्नू मनी के (2 विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर इंडिया ए महिला टीम ने रविवार को खेले के तीन मैचों की सीरीज के तीसरे और आखिरी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ए को 171 रनों से हरा दिया है। भारतीय टीम शानदार गेंदबाजी के आगे 244 रनों के लक्ष्य पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया का कोई भी बल्लेबाज पिच पर नहीं टिक सका। मैडी डार्क ने सर्वाधिक (22), टेस फ्लिंटॉफ ने (20) और चार्ली नॉट (11) रन बनाए। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका और ऑस्ट्रेलियाई टीम 22.1 ओवर में 72 के स्कोर पर सिमट गई।

भारतीय टीम ने अपने मुकाबले में अपना दमखम दिया है। हालांकि ऑस्ट्रेलिया 2-1 से यह सीरीज जीत चुकी है। इंडिया ए महिला टीम की ओर से प्रिया मिश्रा ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिकरा करते हुए 5 ओवरों में 2 मेडन के साथ 14 रन देकर 5 विकेट लिए। वहीं, मिन्नू मनी ने 2.1 ओवर में 4 रन देकर 2 विकेट चटकाए। साइका इशाक, सोप्पाधांडी यशश्री और मेघना सिंह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने टॉस जीतकर इंडिया ए महिला टीम को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ही ओवर में श्वेता सेहरावत (शून्य) पर पवेलियन लौट गई। इसके बाद किरण नवगिरे और उमा छेत्री ने पारी को संभाला। नवगिरे ने 23 गेंद पर 25 रन बनाए और उमा छेत्री ने 16 रन बनाए। एक समय टीम इंडिया ने 43 रन पर अपने 3 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद तेजल और राघवी बिष्ट ने चौथे विकेट के लिए 103 रनों की साझेदारी की।

तेजल ने (50) और राघवी (53) रनों की पारी खेली। सजीवन सजना ने (40) कप्तान मिन्नू मनी ने (34) रन बनाए। इंडिया ए महिला टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट पर 243 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम की ओर से मेटलन ब्राउन ने 3 विकेट लिए। निकोला हैनकॉक और चार्ली नॉट को 2-2 विकेट मिले। टेस फ्लिंटॉफ और केट पीटरसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



# मयंक की वापसी को लेकर अभी से कुछ नहीं कह सकते: जय शाह



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 सत्र में अपनी तेज गेंदबाजी से सभी का ध्यान खींचने वाले तेज गेंदबाजी मयंक यादव अभी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अभ्यास कर रहे हैं। वहीं ये अटकलें भी लगायी जा रहीं है कि मयंक को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सिरीज में अवसर मिल सकता है। दूसरी ओर बीसीसीआई सचिव जय शाह का कहना है कि मयंक को टी20 सीरीज में अवसर मिलेगा या नहीं। इसपर अभी से कुछ नहीं कहा जा सकता है।.

बीसीसीआई सचिव ने कहा, मैं अभी से मयंक की वापसी को लेकर कोई बात नहीं कह सकता। इसकी कोई गारंटी नहीं दे सकता है कि वह टीम में होगा या फिर नहीं पर ये सही है कि वो एक अच्छा गेंदबाज है। हमारी नजरें उसपर बनी हुई हैं। मयंक ने आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ शानदार गेंदबाज की थी। उनकी 155 किमी की तूफानी रफ्तार से सभी हैरान थे। ये आईपीएल में अब तक की सबसे तेज गेंदबाजी है।

मयंक यादव ने अपने पहले ही आईपीएल में 155 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी का रिकार्ड बनाया। वह इसी गति से लगातार गेंदबाजी करते रहे। मयंक आईपीएल इतिहास में पहले ऐसे गेंदबाज हैं जिनहें अपने शुरुआती दोनों मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला पर इसके बाद वह इस सफलता को बरकरार नहीं रख पाये। अपने तीसरे मैच में वह केवल एक ओवर ही गेंदबाजी कर सके और चोटिल होकर बाहर हो गये।

# बांग्लादेश के खिलाफ पाकिस्तान कराची की जगह रावलपिंडी में खेलेगा दूसरा टेस्ट : पीसीबी



**लाहौर।(एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार को नेशनल स्टेडियम में चल रहे नवीनीकरण कार्य के कारण बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट को कराची से रावलपिंडी में स्थानांतरित करने का फैसला किया। यह निर्णय बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से बातचीत के बाद लिया गया है। पहला टेस्ट 21 अगस्त से रावलपिंडी में खेला जाना है। पीसीबी ने पहले कहा था कि दूसरे टेस्ट मैच (30 अगस्त से तीन सितंबर) को कराची में खाली स्टेडियम में खेला जायेगा।

पाकिस्तान अगले साल आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा और इसी के मद्देनजर कराची स्थित नेशनल स्टेडियम का नवीनीकरण किया जा रहा है। पीसीबी की ओर से जारी बयान के मुताबिक, '' हमारे निर्माण विशेषज्ञों ने हमें आयोजन स्थल की तैयारी के लिए समय-सीमा के बारे में अवगत कराया। उन्होंने सलाह दी कि मैच के दौरान निर्माण जारी रह सकता है और इसके शोर से खिलाड़ियों को परेशानी हो सकती है।'' उन्होंने कहा, '' इसके साथ ही निर्माण कार्य से निकलने वाली धूल खिलाड़ियों, अधिकारियों, प्रसारकों और मीडिया के स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकती है।

# रोहित और विराट में अभी काफी क्रिकेट बाकि : हरभजन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोहित शर्मा और विराट कोहली के टी20 से संन्यास के बाद ये सवाल उठ रहा है कि ये दोनो कब तक अन्य प्रारुपों में खेलते रहेंगे। इसी को लेकर दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि विराट और रोहित में बहुत क्रिकेट बाकी है, अगर ये फिट है और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं तो खेलते रहेंगे। साथ ही कहा कि अगर टीम जीत रही है, तो उन्हें खेलना जारी रखना चाहिए। इसके बाद अंत में फैसला इनको ही करना है। उन्होंने कहा कि जहां तक रोहित की बात है वह अभी बड़े आराम से दो साल और खेल सकते हैं जबकि विराट इतने फिट हैं कि वह चाहें तो अगले पांच साल तक खेल सकते हैं। वह टीम में सबसे अधिक फिट हैं। हरभजन ने कहा, 'आप विराट से फिटनेस पर प्रतिस्पर्धा करने वाले किसी भी युवा वर्षीय खिलाड़ी से पूछिए। विराट उसे पीछे छोड़ देंगे। वह इतने फिट हैं। मुझे भरोसा है कि विराट और रोहित में बहुत क्रिकेट बाकी है और इसके बाद फैसला इनको करना है। अगर ये फिट है और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं तो खेलते रहेंगे।

वहीं टेस्ट क्रिकेट को लेकर बात करते हुए हरभजन सिंह ने कहा, 'इसमें आपको वास्तव में इन दो लोगों की जरूरत है। लोग जितना कह रहे हैं उससे थोड़ा अधिक खेलें। आपको सभी फॉर्मेट में अनुभव चाहिए चाहे वह सीमित ओवरों का क्रिकेट हो या टेस्ट क्रिकेट। आपको आने वाली प्रतिभाओं को सही दिशा देने के लिए अनुभवी खिलाड़ी चाहिए होते हैं। इसके साथ ही चयनकर्ताओं को इस बार का ध्यान रखना चाहिए कि अगर कोई अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा है तो उसे बाहर कर देना चाहिए. भले वह सीनियर क्यों न हो पर अगर वह अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और फिट है तो उसे टीम में बनाये रखना चाहिये। . लेकिन जब तक सभी फिट हैं, तो उन्हें टीम में सिलेक्ट किया जाना चाहिए।



# केशव महाराज दक्षिण अफीका की ओर से सबसे अधिक विकेट लेने वाले स्पिनर बने, टेफील्ड का 64 साल पुराना रिकार्ड तोड़ा

गयाना। दक्षिण अफीका के स्पिनर केशव महाराज ने मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में अपनी टीम को जीत दिलाने के साथ ही एक अहम रिकार्ड भी अपने नाम किया है। केशव ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 मैचों की इस सीरीज में कुल 13 विकेट लिए। इसी के साथ ही केशव अपने देश के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिनर बन गए हैं। केशव ने इसी के साथ ही दिग्गज ह्यूग टेफील्ड का 64 साल पुराना रिकार्ड भी तोड़ दिया। दक्षिण अफीका के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिनरों में अब केशव 171 विकेट के साथ ही नंबर एक पर पहुंच गये हहैं। उन्होंने यह विकेट 52 मैचों में 30.78 के औसत और 58.9 के स्ट्राइक रेट के साथ लिए हैं। वहीं 1949 से 1960 तक दक्षिण अफीका की ओर से खेलने वाले ह्यूग टेफील्ड ने अपने टेस्ट करियर में 170 विकेट लिए हैं। इस प्रकार छह दशक के बाद उनका रिकार्ड टूटा है। वहीं सबसे अधिक विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज पॉल एडम्स हैं एडम्स के नाम 134 विकेट हैं।



# निशानेबाजी महासंघ की चयन नीति पर कोच जसपाल राणा ने सवाल उठाये

नई दिल्ली। दिग्गज निशानेबाजी कोच जसपाल राणा ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) की चयन नीतियों की आलोचना की है। राणा ने कहा कि अंतिम समय में चयन में बदलाव करने की महासंघ की नीति से पहले भी कई प्रतिभाओं को नुकसान हुआ है और अगर यही चलता रहा तो आगे भी होगा। राणा ने कहा, 'महासंघ की चयन नीति हर छह महीने में बदलती है। मैंने खेल मंत्री से मुलाकात करके इस पर चिन्ता भी जतायी है। अब उन्हें इस मामले में फैसला लेना है। अगर सभी कुछ ठीक रहा तो निशानेबाजों के प्रदर्शन में फर्क नजर आने लगेगा। उन्होंने कहा कि गलत नीतियों के चलते ही टोक्यो ओलंपिक खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में जगह बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी सौरभ चौधरी और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता पिस्टल निशानेबाज जीतू राय गुमनामी में चले गये। आज कोई इनके बारे में कोई बात नही कर रहा है। इसके अलावा पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे निशानेबाज अर्जुन बाबुता के बारे में भी किसी के पास बात करने का समय नही है। महासंघ ने रियो ओलंपिक के बाद टोक्यो ओलंपिक में भी पदक नहीं जीतने के बाद 2021 में अपने चयन मानदंडों में बदलाव करते हुए कोटा हासिल करने वाले निशानेबाजों को मिलने वाले बोनस अंकों में भारी कटौती की और लंबे अंतराल के बाद टीम के चयन के लिए ट्रायल्स की शुरुआत की।

# आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के मालिकों में हिस्सेदारी को लेकर विवाद



मुम्बई। आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स के मालिकों में हिस्सेदारी के बंटवारे को लेकर विवाद जारी है। पंजाब किंग्स की टीम में कुल चार शेयर धारक हैं। प्रीति जिंटा, नेस वाडिया, मोहित बर्मन और करण पॉल हैं। ऐसे में मामला और उलझा हुआ है। इस मामले में एक हिस्सेदार प्रीति जिंटा ने तो अदालत का तक रुख तक किया है। प्रीति जिंटा के पास केपीएच ड्रीम क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड के जरिये पंजाब किंग्स फ्रैंचाइजी में 23 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं मोहित डाबर इंडिया के चेयरपर्सन हैं। मोहित बर्मन पंजाब किंग्स में सबसे बड़े शेयर धारक हैं। उनके पास पंजाब किंग्स की 48 फीसदी की हिस्सेदारी है, जबकि प्रीति जिंटा और नेस वाडिया के पास 23-23 फीसदी हिस्सेदारी है। इसके बाद का हिस्सा करण पॉल के पास है। टीम में सबसे बड़ी हिस्सेदारी रखने वाले मोहित टीम में अपने शेयरों का एक हिस्सा किसी अन्य को बेचना चाह रहे हैं। इसी को रोकने के लिए प्रीति अदालत पहुंची हैं। वहीं दूसरी ओर मोहित की ओर से कहा गया है उनकी शेयर बेचने की कोई योजना नहीं है।

# हमारी लड़ाई जारी रहेगी, सच्चाई की जीत होगी: विनेश फोगाट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक से स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत से अभिभूत पहलवान विनेश फोगाट ने कहा है कि भारतीय कुश्ती की बेहतरी के लिए उनकी लड़ाई जारी रहेगी और सच्चाई की जीत होगी। ओलंपिक में 50 किग्रा फाइनल में पहुंचने के बाद अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित की गई विनेश का शनिवार को यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। विनेश ने अपनी अयोग्यता के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी लेकिन उसके तदर्थ प्रभाग ने उसे खारिज कर दिया था।

विनेश ने अपने प्रशंसकों को संबोधित करते हुए कहा, 'हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। लड़ाई जारी रहेगी और मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि सच्चाई की जीत होगी।' विनेश और उनके साथी ओलंपियन बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) और उसके पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक साल से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विनेश सहित छह पहलवान पिछले साल डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे थे।

विनेश ने यह भी कहा कि उनका जिस तरह से शानदार स्वागत किया गया उससे उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। इस 29 वर्षीय पहलवान ने कहा, 'मुझे अपने देशवासियों, मेरे गांव और परिवार के सदस्यों से जो प्यार मिला उससे मुझे इस झटके से उबरने में मदद मिलेगी। मैं वापस कुश्ती में लौट सकती हूं।' उन्होंने कहा, 'ओलंपिक पदक से चूकना मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा झटका है। मैं नहीं जानती कि मुझे इससे उबरने में कितना समय लगेगा। मैं नहीं जानती कि मैं कुश्ती में वापसी करूंगी या नहीं लेकिन आज मुझे जो साहस मिला है उसका मैं सही दिशा में इस्तेमाल करना चाहती हूं।'

# इस बार पैरालंपिक खेलों में नजर नहीं आयेंगे बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत



नई दिल्ली। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत अब अगले डेढ़ साल तक खेल कोर्ट में नजर नही आयेंगे। इसका कारण है कि भगत पिछले दिनो ही डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन करने के कारण निलंबित कर दिये गये थे। इससे वह पेरिस पैरालंपिक खेलों में भी नही दिखेंगे। भगत टोक्यो पैरालंपिक खेलों के स्वर्ण पदक विजेता हैं। ऐसे में उनकी कमी भारतीय दल को खलेगी। भगत को निलंबित इसलिए किया गया है क्योंकि गत 12 महीनों में तीन अवसरों पर अन्होंने अपना ठिकाना नहीं बताया था। इसी का विश्व बैडमिंटन संघ ने उनपर नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। बीडब्ल्यूएफ ने एक बयान में कहा, बैडमिंटन विश्व महासंघ इसकी पुष्टि करता है कि भारत के टोक्यो 2020 पैरालम्पिक चैम्पियन प्रमोद भगत को 18 महीने के लिए निलंबित किया गया है और वह पेरिस पैरालम्पिक नही खेलेंगे। वही खेल पंचाट (सीएएस) डोपिंग निरोधक प्रभाग ने भी भगत को बीडब्ल्यूएफ के डोपिंग निरोधक नियम के उल्लंघन का दोषी पाया। इस मामले में इस खिलाड़ी ने इस फैसले के खिलाफ अपील की थी जो पिछले माह ही खारिज हो गई थी। ऐसे में खेल पंचाट के डोपिंग निरोधक प्रभाग के उनका निलंबन प्रभावी कर दिया जिससे अब वह एक सितंबर 2025 तक किसी भी मुकाबले में शामिल नही हो पायेंगे।

# स्मिथ को इस बार आईपीएल में अवसर मिलने की उम्मीद

**-नीलामी में देंगे अपना नाम**

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में अपने अच्छे प्रदर्शन से खुश हैं और उन्हें उम्मीद है कि इस आधार पर उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले सत्र में अवसर मिल सकता है। स्मिथ को टी20 विश्व कप के बाद स्कॉटलैंड एवं इंग्लैंड के आगामी दौरे के लिए शामिल नहीं किया गया था।

एमएलसी में स्मिथ के शानदार प्रदर्शन से वाशिंगटन फ्रीडम को पहली बार लीग खिताब मिला। स्मिथ ने इस लीग में 49.00 की औसत और 154.74 के स्ट्राइक रेट से 294 रन बनाये। वह अपनी टीम की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। स्मिथ ने फाइनल में भी सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न के खिलाफ 52 गेंदों में तेजी से 88 रन बनाये थे।



सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न में पैट कमिंस और हारिस रउफ जैसे तेज गेंदबाज शामिल थे। स्मिथ ने कहा, 'मैं निश्चित रूप से आईपीएल में एक और अवसर चाहूंगा। मैं अपना नाम खिलाड़ियों की नीलामी में शामिल करूंगा। देखते है कि मुझे आगे बढ़ने का कितना अवसर मिलता है। उन्होंने कहा, 'मुझे हाल में टी20 क्रिकेट और फेंचाइजी में जो भी अवसर मिले हैं, मैंने काफी अच्छा खेला है। ऐसे में मैं आईपीएल में अपना नाम शामिल कर इसका आनंद उठाना चाहूंगा।

स्मिथ को पिछली दो नीलामी में किसी ने भी नहीं खरीदा था। ऐसे में वह 2021 से आईपीएल का मे नहीं खेल पाये हैं। इस बल्लेबाज का कहना है कि वह इससे निराश नहीं हुए और उनका ध्यान अपने खेल पर रहा है। टी20 टीम में जगह नहीं मिलने पर उन्होंने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय टी20 की बात करूं तो मुझे नहीं पता वहां चयनकर्ता के बीच क्या चल रहा है। उनके पास कुछ अच्छे विकल्प है और वे उसे आजमाना चाहते है। मुझे इससे कोई शिकायत नहीं है। स्मिथ ने कहा, 'मैं समझता हूं कि वे विश्व कप को ध्यान में रख कर ऐसे खिलाड़ियों को वरीयता ह दे रहे हैं जो सहजता से बड़े शॉट लगा सकें। इसलिए मैं इन बातों से परेशान नहीं हूं।

# अकरम बोले, बाबर अच्छे बल्लेबाज पर अभी विश्व क्रिकेट के किंग हैं विराट

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने कहा है कि बाबर आजम काफी अच्छे बल्लेबाज हैं पर आज के समय में विश्व क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज विराट कोहली ही हैं। अकरम ने कहा कि लोग चाहे कुछ भी कहें विश्व क्रिकेट का असली किंग विराट ही हैं। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, देखिए कोहली किंग हैं। इसमें किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिये। वहीं जहां तक बाबर की बात की जाए तो उसे अभी काफी आगे जाना है। कोहली के बराबर आने के लिए बाबर को लगातार अच्छा खेलना होगा और सबसे बड़ी बात कि बड़ी टीमों के खिलाफ जमकर रन बनानें होंगे।

उन्होंने साथ ही कहा, हमें इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों के खिलाफ बड़ी सीरीज खेलनी होगी। 5-5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी होगी जैसी भारत खेलता है। तभी बाबर विश्व क्रिकेट के शीर्ष पर पहुंचा सकते हैं। वहीं जिस प्रकार पाक टीम छोटी टीमों के खिलाफ ज्यादा खेल रहे हैं उससे बाबर शीर्ष पर नहीं जा सकते।

उन्होंने कहा, देखिए बाबर शीर्ष पर जाने की राह पर है। इसमें कोई शक नहीं है पर विराट वहां पहुंच चुका है। वहीं जब अकरम से पूछा गया कि क्या बाबर कभी कोहली और सचिन तेंदुलकर के स्तर पर पहुंच सकते है।. इस पर वसीम ने कहा, हां जरूर पहुंच सकता है वह एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं और काफी मेहनत कर रहा है पर पाक को सबसे पहले बड़ी टीमों के साथ मुकाबले करने होंगे। उसे ऑस्ट्रेलिया- इंग्लैंड, दक्षिण अफीका और न्यूजीलैंड के दौरे पर जाना होगा और वहां बाबर को बेहतर पदर्शन कर अपने को साबित करना होगा। तभी वह किंग बन पायेंगे।

# रिंकू सिंह का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक साल पूरा, लिखा खास संदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह ने 18 अगस्त रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक साल पूरा किया। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने पिछले साल विदेशी दौरे में आयरलैंड के खिलाफ भारत के लिए अपना टी20 डेब्यू किया था और तब से राष्ट्रीय टीम के साथ उनका समय शानदार रहा है। उन्होंने टी20 विश्व कप 2024 में कोई मैच नहीं खेला, लेकिन रिंकू सिंह हमेशा खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपने बल्ले से धमाल मचाते रहे हैं। एक साल पूरा करने के अवसर पर रिंकू ने अपने इंस्टाग्राम चैनल पर एक भावपूर्ण संदेश पोस्ट किया।

रिंकू का सफर उनके घरेलू क्रिकेट करियर से शुरू हुआ, जहां उन्होंने अंडर-16, अंडर-19 और अंडर-23 सहित विभिन्न स्तरों पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने मार्च 2014 में उत्तर प्रदेश के लिए लिस्ट ए में पदार्पण किया और 2016-17 रणजी ट्रॉफी में अपना प्रथम श्रेणी पदार्पण किया। घरेलू क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जगह दिलाई, जहां उन्हें 2017 में किंग्स इलेवन पंजाब और बाद में 2018 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने खरीदा।

आईपीएल में रिंकू को शुरुआत में अपनी जगह बनाने में संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपना ज्यादातर समय बाहर बैठकर बिताया। हालांकि 2022 के सीजन में उनकी किस्मत बदल गई, जहां उन्होंने सात मैचों में 34.80 की औसत और 148.72 की स्ट्राइक रेट से 174 रन बनाए। इस प्रदर्शन ने केकेआर के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का ध्यान खींचा जिन्होंने रिंकू की अविश्वसनीय कहानी की प्रशंसा की और युवा खिलाड़ी की सफलता पर अपनी खुशी व्यक्त की।

2023 का सीजन रिंकू के लिए गेम-चेंजर साबित हुआ। उन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और 14 मैचों में 59.25 की औसत और 149.52 की स्ट्राइक रेट से 474 रन बनाकर केकेआर के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। उनके शानदार फॉर्म ने उन्हें पहचान दिलाई और आखिरकार उन्हें भारतीय राष्ट्रीय टीम में शामिल कर लिया गया। रिंकू ने 18 अगस्त, 2023 को आयरलैंड के खिलाफ ट्वेंटी-20 इंटरनेशनल में अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया। अपने दूसरे मैच में उन्होंने पारी की आखिरी गेंद पर आउट होने से पहले 38 रन बनाए। उन्होंने 23 नवंबर 2023 को विशाखापत्तनम में पहले टी20आई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 14 गेंदों पर 22 रन बनाकर प्रभावित करना जारी रखा।

नवंबर 2023 में रिंकू को दक्षिण अफ्रीका के दौरे के लिए भारत की टीम में शामिल किया गया। 12 दिसंबर 2023 को उन्होंने 68* के स्कोर के साथ टी20आई क्रिकेट में अपना पहला अर्धशतक बनाया। उन्होंने 19 दिसंबर, 2023 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना वनडे इंटरनेशनल डेब्यू किया जिसमें उन्होंने 17 रन बनाए और रासी वैन डेर डूसन का विकेट लिया। दूसरे वनडे में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच जिताऊ पारी खेली। रिंकू का सबसे उल्लेखनीय अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन 17 जनवरी, 2024 को आया, जब उन्होंने और रोहित शर्मा ने 190* रन की साझेदारी की, जो टी20आई क्रिकेट में भारत की सबसे बड़ी रन साझेदारी और दुनिया में पांचवें विकेट के लिए सबसे बड़ी रन साझेदारी थी।



## पड़ोसी देश में पहुंचा मंकीपॉक्स, मुंबई एयरपोर्ट पर ही हो जांच : चव्हाण

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने मंकीपॉक्स मामलों पर चिंता जताते हुए सीएम एकनाथ शिंदे को पत्र लिखकर मुंबई एयरपोर्ट पर सख्त परीक्षण और अलग रखने के नियमों को लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मंकीपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात घोषित कर दिया है और यह वायरस अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान तक पहुंच गया है। उन्होंने सरकार से भारत में इसको रोकने के लिए उचित कदम उठाने की अपील की है। चव्हाण ने एक्स पर लिखा-मंकीपॉक्स हमारे पड़ोस तक पहुंच गया है। हमें कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने कहा कि सीएम शिंदेजी को पत्र लिखकर ऐसे देशों से आने वाले सभी यात्रियों के लिए मुंबई एयरपोर्ट पर सख्त परीक्षण और अगल रखने के नियमों को लागू करने की मांग की है, जहां मंकीपॉक्स संक्रमण का ज्यादा खतरा है। उन्होंने चेताया कि इस समस्या के संबंध में समय पर कार्रवाई जरुरी है क्योंकि किसी भी तरह की देरी होने पर इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं।

## आगरा में भी कोलकाता जैसी घटना होने से बची, महिला कर्मचारी के फाड़े कपड़े

आगरा। कोलकाता में महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई घटना का मामला अभी थमा भी नहीं है कि यूपी के आगरा से एक और हैरान करने वाली घटना सामने आई है जिसे सुनकर लोग परेशान हो गए। आगरा के जिला अस्पताल में एक स्टाफ नर्स और महिला कर्मचारी के साथ मरीज के रिश्तेदारों और अटेंडेंट्स ने छेड़छाड़ और मारपीट की, यहां तक कि महिला कर्मचारी के कपड़े तक फाड़ दिए गए और उसे खींचकर ले जाने का प्रयास किया। घटना उस समय हुई जब मरीज के रिश्तेदारों और अटेंडेंट्स ने नर्स और महिला कर्मचारी को पकड़ लिया। पहले उन्होंने नर्स के साथ बदसलूकी की और फिर महिला कर्मचारी पर हमला कर दिया। पीड़िता ने जब अपनी जान बचाने के लिए चिल्लाया, तो बाकी स्टाफ मौके पर पहुंच गया। इसके बाद नर्स और महिला स्टाफ को बचाया जा सका। पीड़ित की शिकायत के पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना की जानकारी लगते ही अस्पताल में हंगामा मच गया और स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। हालांकि, उन्होंने बाद में अपनी हड़ताल वापस ले ली। पीड़ित महिला कर्मचारी ने इस घटना के बारे में बताया कि मरीज के अटेंडेंट्स ने उनके कपड़े फाड़ दिए और उन्हें खींचने की कोशिश की गई। यह घटना महिला सर्जिकल वार्ड में रात 11 बजे के करीब हुई। जब अटेंडेंट्स को बाहर जाने के लिए कहा गया, तो उन्होंने विरोध किया और हंगामा कर दिया। इसके बाद उन्होंने जिला अस्पताल की महिला कर्मचारियों पर हमला किया। पहली बार हंगामा और मारपीट के बाद, उन्होंने फिर से अपने साथियों के साथ वापस आकर महिला कर्मचारियों पर हमला किया, उनके कपड़े फाड़ दिए और खींचने की कोशिश की। इस घटना ने स्वास्थ्य कर्मचारियों में आक्रोश है उनका कहना है कि अगर समय पर अन्य स्टाफ नहीं पहुंचता तो आगरा जिला अस्पताल में भी कोलकाता जैसी घटना हो सकती थी।

## राजस्थान के कई अस्पतालों को ई मेल के जरिये मिली बम की धमकी

जयपुर। जयपुर के कई अस्पतालों को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली है। पुलिस ने यह जानकारी दी। ईमेल भेजने वाले ने दावा किया है कि अस्पताल के बिस्तरों के नीचे और स्नानागार में बम रखे गए हैं। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''अभी तक चार अस्पतालों ने इस तरह का ईमेल मिलने की पुष्टि की है।'' उन्होंने कहा कि और भी कई अस्पतालों को इस प्रकार का ईमेल मिलने की आशंका है और अन्य अस्पताल ईमेल देखने के बाद इस बात की पुष्टि करेंगे। जोसेफ ने कहा कि इससे पहले जयपुर हवाई अड्डे और विद्यालयों में भी बम होने की इस तरह की धमकियां मिली थीं। अस्पतालों को मिले ई-मेल में लिखा है, मैंने अस्पताल की इमारत में बम रखा है। बम अस्पताल के बिस्तरों के नीचे और स्नानागारों के अंदर छिपाए गए हैं। अस्पताल के अंदर मौजूद हर व्यक्ति मारा जाएगा या उसके अंग कट जाएंगे। आप में से कोई भी बच नहीं पाएगा। ईमेल में लिखा है, आप खून से लथपथ हो जाएंगे। आप सभी केवल मौत के हकदार हैं। इस नरसंहार के पीछे आतंकवादी 'चिंग और कल्टिस्ट' का हाथ है।'' पुलिस मामले की जांच कर रही है और स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है।

## तालाब में पानी लेने गईं चार चचेरी बहनों की डूबने से मौत

बीकानेर। राजस्थान के बीकानेर जिले के नोखा थाना क्षेत्र में एक तालाब में डूबने से चार चचेरी बहनों की मौत हो गई। ये चारों ही तालाब से पानी लेने गई थीं। पुलिस ने उक्त घटना की जानकारी देते हुए बताया कि बिहारी निवासी चार चचेरी बहनें जिनमें सोनम साहनी (08वर्ष), शिवानी साहनी (12वर्ष), मुस्कान साहनी (12वर्ष), चांदनी साहनी (9वर्ष) राणाराव तालाब में पानी लेने के लिए गई थीं, जहां डूबने से उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तालाब में पानी भरते समय ही एक बहन का पैर फिसल गया था और वह डूबने लगी, उसे बचाने की कोशिश में तीन और बहनें भी तालाब में डूब गईं। इस दर्दनाक घटना के बाद क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने चारों चचेरी बहनों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए मामले की जांच शुरु कर दी है।

## बांग्लादेश सीमा पर सोने के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने 1.1 किलो सोने के साथ तीन तस्करों को पकड़ा है। बीएसएफ के साउथ बंगाल फ्रंटियर के डीआईजी ने कहा कि सीमा पर बाड़ के पार खेत से लौट रहे एक ट्रैक्टर ट्रॉली के एक्सल पर सोने के दो बिस्कुट टेप से चिपके मिले जिसकी कीमत करीब 75.14 लाख रुपए है। डीआईजी ने कहा कि कंपनी कमांडर ने एक विशेष गश्ती दल भेजा और सभी जवानों को सतर्क कर दिया। एक ट्रैक्टर जिसमें एक ट्रॉली लगी हुई थी, खेत से बाड़ के गेट को पार कर रहा था। उन्होंने ट्रॉली के पहिये के दाहिने एक्सेल हब पर टेप से सोने के दो बिस्कुट चिपके हुए थे। बीएसएफ ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर और ट्रॉली का मालिक चालक मुर्शिदाबाद के रानीनगर थाना क्षेत्र के कटलामारी गांव का निवासी है। तीनों को बीओपी ले जाया गया। उन्होंने कहा कि पूछताछ में मुख्य आरोपी ने जुर्म कबूल किया कि वह शुरू से ही तस्करी की कोशिश में शामिल था। उन्होंने कहा कि बीएसएफ जवानों को धोखा देने के लिए उसने अपने ट्रैक्टर को बाड़ के पार ले जाकर कहा कि वह अपनी फसलों की देखभाल करना चाहता है। जीरो लाइन के पास, उसने बांग्लादेशी तस्करों से सोना इकट्ठा किया और उसे ट्रॉली के नीचे छिपा दिया। इसके बाद वह बाड़ को पार करके बॉर्डर पर चला गया। इस दौरान उसे रोका गया और उसकी तलाशी ली गई। उन्होंने कहा कि मुख्य आरोपी को उसके दो साथियों और सोने के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए बेहरामपुर में सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया है।

## पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में आज भारी बारिश का अलर्ट

**-दिल्ली-एनसीआर के कुछ इलाकों में हल्की बारिश के आसार**

नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में मैदानी इलाकों से लेकर पहाड़ों तक बारिश जारी है। कई राज्यों में मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं दिल्ली-एनसीआर में सुबह से बादल आंख मिचौली खेल रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर के कुछ इलाकों में भी आज हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक केरल के पथनमथिट्टा, कोट्टायम, इडुक्की और एर्नाकुलम जिलों में भारी बारिश हो सकती है। यहां रविवार और सोमवार तक ऑरेंज अलर्ट जारी रहेगा। पथनमथिट्टा और एर्नाकुलम में भी अलर्ट जारी किया है। कोट्टायम में मणिमाला नदी का पानी खतरे के निशान से ऊपर है। प्रशासन ने नदी के पास रहने वाले लोगों को सुरक्षित जगह पर जाने की सलाह दी है। तटीय इलाकों में समुद्र का पानी घुसने की भी आशंका है। लोगों से अपील की गई है कि वे ऊंचाई वाले इलाकों में रात में यात्रा न करें। भारी बारिश के दौरान नदी में न जाएं। मैदानी इलाकों के साथ पहाड़ों पर भी बारिश ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिनों में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की बारिश हो सकती है। बारिश से पहाड़ी इलाकों में लैंडस्लाइड का खतरा बढ़ गया है।

# कोई भी 35 साल तक बीजेपी को सत्ता से नहीं हटा सकता है: अमित शाह

**-पार्टी की विचारधारा को देश के कोने-कोने तक ले जाने का आह्वान**



**नई दिल्ली (एजेंसी)**। दिल्ली में बीजेपी के पदाधिकारियों की बैठक में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी पहुंचे थे। बैठक के बाद अमित शाह ने कहा कि बीजेपी अभी 35 साल और सत्ता में रहेगी। कोई भी 35 साल तक बीजेपी को सत्ता से नहीं हटा सकता है। शाह ने कहा कि बीजेपी की जड़ें मजबूत हैं, संगठन मजबूत हैं। बीजेपी जहां सत्ता में है। वहां से जाती नहीं। उन्होंने कहा कांग्रेस जहां जाती है फिर वहां आती नहीं।

बता दें कि चुनाव आयोग ने शुक्रवार को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की घोषणा कर दी है। चुनाव की घोषणा के बाद बीजेपी में बैठकों का दौर शुरु हो गया है। शाह ने भविष्य में मजबूत चुनावी संभावनाओं का भरोसा जताते हुए पार्टी नेताओं से पार्टी की विचारधारा को देश के कोने-कोने तक ले जाने का आह्वान किया।

सूत्रों के मुताबिक अमित शाह ने कहा कि लोगों ने बार-बार राज्यों और केंद्र में बीजेपी सरकारों में अपना भरोसा जताया है और कांग्रेस को नकारा है। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक कहा कि पार्टी का लक्ष्य इस अभियान में 10 करोड़ से ज्यादा सदस्य बनाने का है जिसमें वह राज्य शामिल नहीं होंगे जहां आने वाले महीनों में चुनाव होना हैं। आधे राज्यों में अभियान खत्म होने के बाद पार्टी को नए अध्यक्ष का चुनाव होने की उम्मीद है। शनिवार को हुई बैठक में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन से जुड़े प्रमुख नेताओं और राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। गृहमंत्री शाह ने अपने संबोधन में कहा बीजेपी एक कार्यकर्ता-आधारित पार्टी है जो एक मजबूत विचारधारा से प्रेरित है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विस्तार के लिए इसकी निरंतर कड़ी मेहनत ने इसे 1984 में जीती गई केवल दो लोकसभा सीटों से राष्ट्रीय राजनीति में वर्तमान में प्रमुख स्थान पर पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि सत्ता बरकरार रखने में कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड खराब है और उसके विपरीत केंद्र और राज्यों में बीजेपी सरकार फिर चुन कर आती है। सूत्रों के मुताबिक शाह ने कहा कि कांग्रेस अब कई राज्यों में एक गंभीर राजनीतिक ताकत के रूप में मौजूद नहीं है। पात्रा ने कहा कि नए सदस्य चार तरीकों-जल्द ही घोषित होने वाले मोबाइल नंबर पर कॉल करने, क्यूआर कोड स्कैन करने, नमो ऐप और बीजेपी की वेबसाइट के जरिए बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हालांकि, दूरदराज के इलाकों में पार्टी नए सदस्यों को नामांकित करने के लिए पारंपरिक कागजी पद्धति का उपयोग करेगी।

## झारखंड में हेमंत सरकार को तोड़ने का किया जा रहा प्रयास : राउत

नागपुर। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और जेएमएम नेता चंपई सोरेन के बीजेपी में जाने की अटकलों पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने आरोप लगाया कि बीजेपी अब झारखंड सरकार को तोड़ने का प्रयास कर रही है। संजय राउत ने सवाल किया कि झारखंड में क्या हो रहा है? फिर बोले, हेमंत सोरेन को तकलीफ देने के लिए फिर वहां कोशिश की जा रही है। हेमंत की वहां मजबूत सरकार है, लेकिन उसमें से कुछ लोगों को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अगर चुनाव घोषित कर देते तो मॉडल कोर्ड ऑफ कंडक्ट लागू हो जाता। राउत ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि महाराष्ट्र में जो त्रिकुट बैठा है, उन्हें यहां खेला करने और सरकारी तिजोरी खाली करने के लिए और समय चाहिए। इसलिए चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं किया गया। आप वन नेशन और वन इलेक्शन की बात करते हैं, लेकिन चार राज्यों में चुनाव की तारीखों का एक साथ ऐलान नहीं कर सकते। बता दें कि झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। चंपई सोरेन के साथ जेएमएम के कुछ विधायक भी हैं। वह रविवार को दिल्ली बीजेपी ऑफिस में पार्टी में शामिल हो सकते हैं। ईडी द्वारा पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपई सोरेन दो फरवरी 2024 से तीन जुलाई 2024 तक झारखंड के 7वें सीएम के रूप में कार्य कर चुके हैं।



## विहिप नेता पर शांति भंग करने और धमकाने का मामला दर्ज

**-बीफ बेचने का आरोप लगा होटल में जबरन घुसा और धमकाया**

**श्रीनगर (एजेंसी)**। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेता के खिलाफ शांति भंग करने और धमकाने का मामला दर्ज किया है। विहिप नेता अनिरुद्ध भाऊ पर होटल में जबरन घुसने और बीफ बेचने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने व मुसलमानों को धमकाने और शांति भंग करने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने बताया कि विहिप नेता की पहचान अनिरुद्ध भाऊ के तौर पर हुई है, जो डोडा के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी का एक कर्मचारी है। इस घटना के बाद गिरफ्तार किए गए आरोपी को निजी जमानत पर रिहा कर दिया गया है। इस मामले से जुड़ी एक मीडिया रिपोर्ट ने इस मामले को अलग ही रंग दिया और बताया कि विहिप के जम्मू-कश्मीर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने इस पूरे मामले को झूठा करार दिया है और गोमांस बिक्री में शामिल माफिया के द्वारा भीड़ इकट्ठा कर स्थानीय पुलिस अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने के लिए दबाव बनाया गया है।

इस संबंध में डोडा निवासियों का कहना है कि वीएचपी नेता अपने कुछ साथियों के साथ 15 अगस्त की रात को शहर के भारत रोड पर एक वाहन से आए थे और वहां खाने-पीने की दुकानों की जांच करने लगे। उन्होंने मोमोज बेचने वाली एक दुकान पर मौजूद दुकानदार से पूछा कि क्या वह मोमोज में गोमांस का इस्तेमाल कर रहा। इस पर स्थानीय रहवासियों ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है, चिकन का इस्तेमाल होता है। इसके बाद वह दूसरी दुकानों में जाकर ऐसा ही करने लगे, एक बरकत अली नामक की बेकरी में वो घुस गए और जबरन आरोप लगाने लगे कि वह गोमांस बेच रहा। दुकान के मालिक और कुछ ग्राहकों ने इससे मना किया तो वो हंगामा करने लगे। उनके व्यवहार और बेकरी में जबरन घुसने का वहां मौजूद लोगों ने विरोध किया तो भाऊ और उसके साथियों ने बहस करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मामला बढ़ता देख स्थानीय लोग भी एकत्र हो गए, जिसे देख भाऊ और उसके साथी अपना वाहन छोड़ भाग खड़े हुए।

इस घटना से घबराए लोगों ने पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए वाहन को जब्त कर लिया। सूत्रों की मानें तो पुलिस ने भाऊ को हिरासत में ले लिया और उसके बाद डोडा पुलिस स्टेशन के एसएचओ ने निजी जमानत पर उसे रिहा भी कर दिया।

# दर्द देने वाले, दवा देने का दावा न करें, युवाओं ने लड़कर पाया इंसाफ: अखिलेश

**-सहायक शिक्षकों की भर्ती पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के बाद सियासत शुरू**



**लखनऊ (एजेंसी)**। 69 हजार सहायक शिक्षकों की भर्ती पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के बाद सियासत शुरू हो गई है। हाईकोर्ट के फैसले का यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भर्ती में इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला सामाजिक न्याय की दिशा में एक अच्छा कदम है। यह उन पिछड़ा व दलित वर्ग के पात्रों की जीत है जिन्होंने अपने अधिकार के लिए संघर्ष किया। उनके इस बयान के बाद समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने केशव पर तंज कसा।

अखिलेश ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि दर्द देने वाले, दवा देने का दावा न करें। 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में यूपी के एक 'कृपा-प्राप्त उप मुख्यमंत्री जी' का बयान भी साजिशाना है। पहले तो आरक्षण की हकमारी में खुद भी सरकार के साथ खड़े रहे और जब युवाओं ने उनके खिलाफ लड़कर, लंबे संघर्ष के बाद इंसाफ पाया है तो अपने को हमदर्द साबित करने के लिए आगे आकर खड़े हो गए हैं।

उन्होंने लिखा कि दरअसल ये 'कृपा-प्राप्त उप मुख्यमंत्री जी' शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों के साथ नहीं हैं, वह तो ऐसा करके बीजेपी के अंदर अपनी राजनीतिक गोटी खेल रहे हैं। वह इस मामले में अप्रत्यक्ष रूप से जिनके ऊपर उंगली उठा रहे हैं, वह 'माननीय' भी अंदरूनी राजनीति के इस खेल को समझ रहे हैं। शिक्षा और युवाओं को बीजेपी अपनी अंदरुनी लड़ाई और नकारात्मक राजनीति से दूर ही रखे क्योंकि बीजेपी की सत्ता लोलुप सियासत से यूपी कई साल पीछे चला गया है।

बता दें कि यूपी में 69 हजार सहायक शिक्षक अभ्यर्थियों की बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की गई चयनित अभ्यर्थियों की सूची को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ डबल बेंच ने रद्द करते हुए नए सिरे से चयन सूची बनाने का आदेश दिया है।

## 23 अगस्त को राजनाथ सिंह जाएंगे अमेरिका, द्विपक्षीय रणनीतिक-सैन्य संबंधों पर करेंगे चर्चा

नई दिल्ली। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 23 अगस्त को अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे। राजनाथ की यह यात्रा प्रधानमंत्री मोदी की हालिया रूस यात्रा के बाद हो रही है। सूत्रों ने बताया कि सिंह 23 अगस्त को अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ होने वाली प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में पहले से ही मजबूत द्विपक्षीय रणनीतिक-सैन्य संबंधों को और बढ़ाने के लिए कई उपायों पर चर्चा करेंगे। इसमें भारत-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग में तेजी लाना शामिल है। इतना ही नहीं अमेरिकी उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा भी भारत के दौरे पर आ रहे हैं। बांग्लादेश में अस्थिरता के बीच दोनों देशों के बीच यह यात्रा काफी अहम मानी जा रही है रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के वाशिंगटन दौरे का मकसद दोनों देशों के बीच रणनीतिक और सैन्य संबंधों को मजबूत करना और तेजस विमानों के लिए अमेरिकी जेट इंजन की सप्लाई में हो रही देरी को दूर करना है। मुख्य बातचीत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग, संयुक्त सैन्य अभ्यास, और तकनीकी सहयोग तथा संयुक्त उत्पादन समझौतों को पूरा करने पर केंद्रित रही। इनमें से कुछ प्रमुख समझौते आर्मड एमक्यू-9बी ड्रोन खरीदना और जीई-एफ414 जेट इंजन का संयुक्त उत्पादन शुरू करना शामिल हैं। भारत जल्द ही बंगाल की खाड़ी में अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ प्रमुख नौसैनिक अभ्यास, मालाबार, की मेजबानी करने जा रहा है। यह सब दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता और हिंद महासागर क्षेत्र में उसके बढ़ते दखल के बीच हो रहा है।

# बिहार में पुल गिरने से भड़के सांसद पप्पू यादव बोले-कंपनी के लोगों को फांसी पर चढ़ा दो



**नवगछिया (एजेंसी)**। बिहार के सुल्तानगंज-अगुवानी घाट को जोड़ने वाले निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा फिर गिर गया। गंगा नदी पर बन रहा यह पुल तीसरी बार गिरा है जिसके बाद बिहार में पुलों को लेकर राजनीति तेज हो गई है। अब पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने इस मामले में कंस्ट्रक्शन कंपनी के लोगों को फांसी देने की मांग तक कर दी। बता दें कि यह पुल करीब दो हजार करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है।

पप्पू यादव ने बिहार सरकार और पुल का निर्माण कर रहे कंपनी एसपी सिंगला पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि एसपी सिंगला कंपनी के लोगों को फांसी पर चढ़ा देना चाहिए। कंपनी के मालिक ने खूब लूटा है। पुल गिरने से नाराज पप्पू यादव ने कहा कि इस कंपनी ने इतना लूटा है कि पटना में सारे पुल एक-एक कर गिर रहे हैं। इसके बाद इन लोगों ने अलग-अलग कंपनी बनाकर एसपी सिंगला कंपनी को टेंडर दिया है। यादव ने कहा कि पुल निगम के सेक्रेटरी और मंत्री ने इसमें बदमाशी की है। पुल निगम सेक्रेटरी ने सबसे ज्यादा चोरी की है। 20 साल में जितने भी पुल निगम के सेक्रेटरी हैं, पीडब्ल्यूडी के सेक्रेटरी है, आरडब्ल्यूडी के सेक्रेटरी हैं उसके खिलाफ जांच होनी चाहिए और उसको जेल भेजा जाना चाहिए।

सांसद यादव ने कहा कि मैं वादा करता हूं एसपी सिंगला कंपनी के खिलाफ मैं लोकसभा नहीं चलने दूंगा और कंपनी के खिलाफ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक जाऊंगा। पप्पू यादव ने बिहार सरकार से मांग की है कि पुल बनाने वाली कंपनी को राज्य में मिले सारे टेंडर निरस्त किए जाने चाहिए और कंपनी के खिलाफ ईडी से जांच करानी चाहिए।

# 'महायुति' सरकार को सुप्रिया सुले ने बताया स्वार्थी, कहा- भाई-बहन के रिश्ते को पैसे के चश्मे से देखती है



**धुले। (एजेंसी)**। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने लाडकी बहिन योजना को लेकर महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधते हुए रविवार को सरकार पर 'बेहद स्वार्थी' होने और भाई-बहन के रिश्ते को 'धन के चश्मे' से देखने का आरोप लगाया। धुले जिले में पार्टी की एक रैली को संबोधित करते हुए सुले ने दावा किया कि राज्य में महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना' शुरू की गई है, क्योंकि लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ 'महायुति' को झटका लगा है।

'महायुति' में शिवसेना, भाजपा और राकांपा शामिल हैं। कांग्रेस, राकांपा (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) के महा विकास आघाडी (एमवीए) ने इस साल की शुरुआत में हुए लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीट में से 30 पर जीत हासिल करके 'महायुति' गठबंधन को करारी शिकस्त दी थी। भाजपा ने 2019 में 23 सीट जीती थीं, जिनमें से 14 सीट पर उसे हार मिली है। उन्होंने कहा कि अगर यह पैसा 'आशा' (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं) को दिया जाता तो इससे उनका अगले दस साल तक जीवनयापन हो सकता था।

सुले ने कहा, 'महिलाओं ने मुझे बताया कि लाडकी बहिन योजना से ज्यादा वे सोयाबीन और कपास के लिए अच्छा एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य), बेरोजगारों के लिए रोजगार और मुद्रास्फीति पर रोक चाहती हैं। एक आशा कर्मी ने कहा कि उनके लिए घोषित वेतन वृद्धि के लिए जीआर (सरकारी प्रस्ताव) अभी तक जारी नहीं किया गया है।- राकांपा (एसपी) की लोकसभा सदस्य ने कहा कि राज्य सरकार समझ नहीं पाई है कि महिलाएं क्या चाहती हैं। सुले ने आरोप लगाया, 'यह एक बेहद स्वार्थी सरकार है। यह भाई-बहन के रिश्ते को पैसे के चश्मे से देखती है।

# देश की सबसे ताकतवर महिला सीतारमण, नोटबंदी, जीएसटी जैसे लिए फैसले

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। मोदी सरकार में निर्मला सीतारमण का सियासी सफर उपलब्धियों और चुनौतियों से भरा है। भारत के इतिहास में पूर्णकालिक रूप से वित्त मंत्री पद संभालने वाली पहली महिला हैं। दक्षिण भारत राज्य तमिलनाडु के मदुरै से लेकर लुटियंस दिल्ली तक उनकी धमक सियासी जमात की महिलाओं के लिए प्रेरणा का प्रतीक है।

निर्मला सीतारमण का जन्म 18 अगस्त 1959 को तमिलनाडु के मदुरै में हुआ था। उन्होंने तिरुचिरापल्ली के सीतालक्ष्मी रामास्वामी कॉलेज से अर्थशास्त्र में स्नातक किया। वैश्विक आर्थिक विषयों में गहरी रुचि रखने वाली सीतारमण ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री हासिल की। उनकी शैक्षणिक योग्यता और उनकी उभरती हुई राजनीतिक शख्सियत ने उन्हें वैश्विक मंच पर एक अलग पहचान दिलाई। भारतीय राजनीति में कदम रखने से पहले सीतारमण कॉर्पोरेट क्षेत्र में एक सफल पेशेवर रही है।

बीजेपी के बैनर तले 2006 में सीतारमण के राजनीतिक कैरियर की शुरूआत हुई। हाजिरजवाबी और बेहतर संवाद शैली की वजह से निर्मला सीतारमण पार्टी में तरक्की की सीढ़ियां चढ़ती गई। पार्टी ने उनकी बौद्धिक प्रखरता का सम्मान करते हुए पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया और प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी। विपक्ष में रहते हुए यूपीए सरकार की आर्थिक नाकामियों और नीतिगत खामियों को उजागर किया। 2014 में मोदी सरकार में उन्हें जगह मिली। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में उन्हें वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार मंत्री बनाया था। इस दौरान बतौर मंत्री उन्होंने मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों का बचाव किया, जिसमें नोटबंदी और जीएसटी समेत तमाम फैसले शामिल थे।

आज की तारीख में सीतारमण सत्ता के केंद्र बिंदु साउथ ब्लॉक में आमद दर्ज कराने वाली देश की सबसे ताकतवर महिला हैं। नेपथ्य और लोकप्रियता से कोसों दूर रहकर सरकार को एजेंडे को अंजाम तक पहुंचाना निर्मला सीतारमण की कार्यशैली का अटूट हिस्सा है। वित्त मंत्री सीतारमण के नाम लगातार सात बजट पेश करने का अनोखा रिकॉर्ड दर्ज है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 **A** कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**